# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी 2026


सोने और चांदी की कीमतों की उड़ान जारी

## चांदी 19500 बढ़कर चार लाख रुपए के पार



**नई दिल्ली।** चांदी और सोने की कीमतें थमने का नाम नहीं ले रहीं। देश की राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में भी गुरुवार को चांदी चार लाख रुपए प्रति किलोग्राम के पार कर गई। सोना भी 1.83 लाख रुपये प्रति 10 ▸▸ शेष पेज 4 पर

**बड़ा फैसला** यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, फिलहाल '2012' वाले नियम लागू

# कोर्ट बोला-हमें 'जातिविहीन' समाज की ओर बढ़ना चाहिए या हम पीछे जा रहे हैं ?

नए नियमों की भाषा को स्पष्ट करने विशेषज्ञों की जरूरत पर भी जोर



फाइल फोटो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने) विनियम, 2026 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट में इन विनियमों को सामान्य वर्गों के विरुद्ध भेदभावपूर्ण होने के आधार पर चुनौती दी गई है। ऐसे में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगी दी। अब नए आदेश तक 2012 के नियम ही लागू रहेंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी ▸▸ शेष पेज 4 पर

नए यूजीसी नियम अस्पष्ट हैं... इनका हो सकता है दुरुपयोग



लखनऊ में यूजीसी का विरोध

**पीठ ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी किया**

**अब इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी**

### यूजीसी के नए नियमों से देशभर में आक्रोश

दरअसल, यूजीसी रेगुलेशन, 2026 को 23 जनवरी, 2026 को नोटिफाई किया गया था। जिसे लेकर पूरे देश में आक्रोश फैल गया। जिसके बाद इसे कई याचिकाकर्ताओं ने मनमाना, भेदभावपूर्ण और संविधान के साथ-साथ यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन एक्ट, 1956 का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी। यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन के खिलाफ याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि ये नियम सामान्य वर्गों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

### क्या है यूजीसी का नया नियम?

13 जनवरी को यूजीसी की ओर से समता विनियम 2026 लाया गया. उच्च शिक्षा नियंत्रक शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को खत्म करने के मकसद से यह लाया गया, लेकिन इसे लेकर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। नए नियम को सभी विश्वविद्यालयों को लागू करना होगा और कैसे लागू करना है, इसके लिए भी यूजीसी ने पूरा खाका तैयार किया है।

### जाति-आधारित भेदभाव को अलग से क्यों परिभाषित किया गया?

कोर्ट ने केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि फिलहाल वह नियमों पर रोक लगा रहे हैं। केंद्र से पूछा कि जब भेदभाव की परिभाषा में पहले से सभी तरह के भेदभावपूर्ण व्यवहार शामिल हैं तो जाति-आधारित भेदभाव को क्यों अलग से परिभाषित किया गया है। कोर्ट यह जानना चाहता है कि क्या नई नियमावली के विवादित नियमों को इस तरीके से लिखा जा सकता है, जो कि समावेशी और सब के साथ न्याय करने वाला हो।


**सार्थक संवाद**

'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सीएम डॉ. मोहन यादव से 'सार्थक संवाद'

# आज मप्र की बेरोजगारी दर सबसे कम.. साढ़े 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश जमीन पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव का कहना है कि प्रदेश बीते दो सालों में बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। आप चै ट जी पी टी खोलकर देखें। बहुत कुछ पता चल जाएगा। राज्य में जहां प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 42 हजार रुपए थी, अब बढ़कर 1 लाख 56 हजार हो गई है। कुछ राज्यों को छोड़ दें तो आज मप्र की बेरोजगारी दर सबसे कम रही है । कह सकते हैं कि मात्र एक से डेढ़ प्रतिशत ही बेरोजगारी दर बची है। आने वाले पांच सालों में भी प्रदेश का बजट दो गुना होने वाला है। जिस राज्य में जीआईएस 30% जमीन पर उतर जाए वो बड़ी कामयाबी के तौर पर देखी जा सकती है। साढ़े 8 लाख करोड़ के निवेश जमीन पर उतरे हैं। डॉ. यादव ने यह बातें 'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से विशेष साक्षात्कार कार्यक्रम 'सार्थक संवाद' में कहीं। उनसे पूरी बातचीत।



### ये भी कहा सीएम डॉ. यादव ने

1. राज्य में जहां प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 42 हजार रुपए थी, अब बढ़कर 1 लाख 56 हजार हो गई
2. आने वाले पांच सालों में प्रदेश का बजट दो गुना होने वाला है
3. माइनिंग सेक्टर में बेहतर काम करने के लिए पहला पुरस्कार मप्र को मिला
4. हम अपने ही मेडिकल कॉलेज में छात्रों को पढ़ाएंगे और उन्हीं को अपने अस्पताल में नौकरी देंगे
5. नितिन नबीन जी को पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष बनाया गया। ये कांग्रेस को सीखना चाहिए कि इतनी बड़ी पार्टी आसानी से अपना अध्यक्ष चुन लेती है

**सवाल: मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होगी इस प्रयास को हम कहां तक सफल मान रहे हैं?**

जवाब: 2023 में हमारे यहां कितने मेडिकल कॉलेज थे और आज कितने हैं। तब आपको ध्यान में आ जाएगा। वर्ष 2002 में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे। ये आंकड़ा मप्र के गठन से यानी 46 साल में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज खुल पाए। हमारी सरकार ने मात्र दो साल में 6 मेडिकल खोल दिए। जबकि पीपीपी मोड के तहत 14 मेडिकल कॉलेज के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। जहां बड़ी संख्या में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इससे प्रदेश की जनता को बेहतर इलाज मिलना आसान हो जाएगा। हमारे इस पीपीपी मॉडल की सराहना केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की है। उन्होंने कहा है कि दूसरे राज्यों में भी इसे लागू होना चाहिए। हमने शर्त रखी है जिसे 300 बेड का अस्पताल चलाने का अनुभव हो और 500 करोड़ की बैलेंस शीट हो उसी को मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए पात्र माना जा रहा है। इससे किसी तरह से राज्य का मजाक नहीं बनेगा।

▸▸ **सवाल:** ज्यादातर शिकायतें रहतीं है कि भवन होता है पर स्टाफ नहीं होता है। कई बार मेडिकल कॉलेज में पढ़ाने वाले शिक्षक या योग्य शिक्षका नहीं मिलते?

▸▸ **जवाब:** इसका हमने बहुत आसान तरीका निकाला है। हम अपने ही मेडिकल कॉलेज में पढ़ाएंगे और उन्हीं को अपने अस्पताल में नौकरी देंगे। जहां तक पढ़ाई के लिए पैसा कहां से आएगा इसकी व्यवस्था भी सरकार करेगी। एक ▸▸ शेष पेज 4 पर

**सवाल: बीते दो साल डेढ़ माह में डॉ. मोहन यादव कितने बदले हैं?**

*जवाब: आज से 40 साल पहले भोपाल की पहचान यूनियन कार्बाइड की एक भीषण त्रासदी से होती थी। हजारों लोग मारे गए और उसके जिम्मेदार एंडरसन को भगाने में कांग्रेस के सिर पर उसका पाप रहा है। यहां तक कि सालों साल उसका कचरा हमारे यहां पड़ा रहा। न्यायिक प्रक्रिया के चलते बीस साल तक हमारी सरकारें भी परेशान रहीं। इस कचरे के निष्पादन करने मप्र को कामयाबी मिली है।*

**सवाल: कॉन्क्लेव बहुत होतीं है पर निवेश नहीं होता है आपका अनुभव क्या कहता है?**

*जवाब: जिस राज्य में जीआईएस 30 प्रतिशत जमीन पर उतर जाए वो बड़ी कामयाबी के तौर पर देखी जा सकती है। आपको कभी समय मिले तो भोपाल के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में चले जाइए। साढ़े 8 लाख करोड़ के निवेश जमीन पर उतरे हैं आप प्रदेश में जाकर तो देखिए। माइनिंग सेक्टर में बेहतर काम करने के लिए पहला पुरस्कार मप्र को मिला है। गृहमंत्री अमित शाह खुले मंच से तारीफ कर चुके हैं। प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ते मप्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल मार्गदर्शन मिला जिसकी वजह से प्रदेश आगे बढ़ रहा है।*

## 14 आईपीएस अफसरों के तबादले

डी श्रीनिवास राव एडीजी नारकोटिक्स एवं एसटीएफ

# भोपाल के नए पुलिस कमिश्नर होंगे संजय कुमार, उमेश जोगा नए परिवहन आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गृह विभाग ने 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसके तहत बालाघाट रेंज के आईजी संजय कुमार को भोपाल का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। मौजूदा आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा को आईजी स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है।

वहीं, उज्जैन रेंज के एडीजी उमेश जोगा को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। यानी उनकी सेवाएं परिवहन विभाग को सौंपी गई हैं। पंकज कुमार श्रीवास्तव, स्पेशल डीजी एंटी नक्सल ऑपरेशन, एसटीएफ, सीआईडी और सतर्कता को स्पेशल डीजी ▸▸ शेष पेज 4 पर

*मौजूदा आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा को आईजी स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया*



हरिनारायण चारी



संजय कुमार



उमेश जोगा

### राकेश गुप्ता उज्जैन रेंज के आईजी होंगे

*खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन के बीच गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में एडीजी अंशुमान यादव को संचालक खेल और युवक कल्याण विभाग और राकेश गुप्ता को एडीजी* ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अभय सिंह भोपाल आईजी पद से हटाए गए

आईजी अभय सिंह को भोपाल आईजी देहात से हटाकर आईजी योजना पीएचक्यू बनाया गया है। वहीं, लंबे समय तक इंदौर और भोपाल पुलिस की कमान संभालने वाले हरिनारायण चारी मिश्रा को आईजी एससीआरबी बना दिया गया है। संजय कुमार आईजी बालाघाट को पुलिस आयुक्त भोपाल, संजय तिवारी आईजी योजना को आईजी भोपाल देहात, चैत्रा एन आईजी एससीआरबी पीएचक्यू को आईजी शहडोल और ललित शाक्यवार आईजी शिकायत और मानव अधिकार पीएचक्यू को आईजी बालाघाट जोन पदस्थ किया गया है।




मान्यता है कि व्रत रखने से मिलता है आशीर्वाद

# जया एकादशी पर लोगों ने रखा व्रत, मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघ शुक्ल पक्ष की एकादशी (जया एकादशी) को होने पर लोगों ने गुरुवार को व्रत रखा। इस मौके पर राजधानी के श्रीजी मंदिर, बिड़ला मंदिर, गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ व आरती की गई। मां चामुंडा दरबार के गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हर महीने के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में एकादशी होती है और सभी का अलग-अलग महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी माना जाता है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं सभी तरह के पाप नष्ट हो जाते हैं, दरिद्रता दूर होती है और भूत-प्रेत योनी में जन्म लेने से मुक्ति मिलती है।

## बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार

मां वैष्णो धाम आदर्श नो दुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटीनम प्लाजा में एकादशी को बाबा खाटू श्याम को प्रातः स्नान के बाद नया बागा अर्पित किया गया। फूलों से श्रृंगार एवं 56 भोग अर्पित किया गया। इस मौके पर विशेष ज्योत प्रज्वलित हुई और आरती के बाद प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। इसी तरह श्रीजी मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। एकादशी पर श्री बांके बिहारी मार्कडेण्य मंदिर तलैया में भगवान का श्रृंगार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रध्दालु मंदिर में पहुंचे ओर भगवान से जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की।


खाटू श्याम का श्रृंगार।


जया एकादशी पर इब्राहिम पुरा रोड स्थित श्री राधा वल्लभ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर शहर के अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन का लाभ लिया।

## श्रीराम कथा के साथ होगी श्रीहनुमंत लाल की मूर्ति स्थापना

**भोपाल।** श्रीराम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी बाग मुगलिया में तीन फरवरी से संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम कथा का संगीतमय गुणगान कथावाचक पंडित सुशील महाराज द्वारा किया जाएगा। पंडित सुशील महाराज ने बताया कि श्रीराम कथा के अवसर पर अनंत बलवंत श्रीहनुमंत लाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्रीहनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा चमन ऋषि आश्रम उत्तर प्रदेश से पधार रहे आचार्य पंडित दयानंद शास्त्री और वृंदावन के आचार्यों द्वारा संपन्न किया जाएगा। पंडित सुशील महाराज ने बताया कि तीन से नौ फरवरी तक आयोजित होनी वाली श्रीराम कथा प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक चलेगी।

## खबर संक्षेप

### शैक्षिक ओलम्पियाड में 32 विद्यार्थी विजेता

**भोपाल।** प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। इन कक्षाओं के विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, बौद्धिक विकास एवं शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित शैक्षिक ओलम्पियाड के जिला स्तरीय परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार प्रत्येक जिले से प्रत्येक विषय एवं प्रत्येक कक्षा से एक प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को जिला विजेता के रूप में चयनित किया गया है। जिला स्तर पर 1 से 20 फरवरी 2026 के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। विजेता विद्यार्थियों के साथ उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य के मद्देनजर एम्स में कार्यशाला आज

**भोपाल।** एम्स भोपाल के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा 'फिजियोलॉजी ऑफ लाइफस्टाइल इंटरवेंशन' विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह शैक्षणिक कार्यक्रम इस बात पर केंद्रित है कि हमारे दैनिक जीवन के छोटे-छोटे निर्णय, जैसे खानपान, तनाव से निपटने के तरीके और उपचार के समग्र दृष्टिकोण, लंबे समय में स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करते हैं। कार्यक्रम में एम्स भुवनेश्वर के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एससी महापात्रा आहार और उसके मेटाबोलिज्म व रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रभाव पर व्याख्यान देंगे। डॉ. विजेन्द्र सिंह और डॉ मोहित कुमार तनाव प्रबंधन के लिए दवाओं के बिना अपनाए जाने वाले उपायों पर जानकारी साझा करेंगे।

### छात्रों को किया उद्यमिता के प्रति जागरुक

**भोपाल।** विद्यार्थियों को पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढ़कर नई संभावनाओं, कौशल विकास एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करने तथा सही करियर निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के उदद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा पतंजलि संस्कृत संस्थान में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में डॉ. राजीव अग्रवाल द्वारा मोटिवेशन एवं उद्यमिता विषय पर प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

आईटीआई संबद्धता मानदंड-25 विषय पर राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन

# नवीन आईटीआई संबद्धता मानदंड 2025 एक दूरदर्शी पहल: टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में कौशल प्रशिक्षण को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए उसे सीधे रोजगार और उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित किए बिना रोजगारोन्मुख कौशल विकास संभव नहीं है। नवीन आईटीआई संबद्धता मानदंड-2025 इसी दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी पहल है, जो प्रशिक्षण संस्थानों को अधिक सक्षम, उत्तरदायी और उद्योग-उपयोगी बनाएगा। यह बात राज्यमंत्री टेटवाल ने ग्लोबल स्किल पार्क में आईटीआई संबद्धता-2025 पर आयोजित वर्कशॉप में कही। राज्यमंत्री टेटवाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए संबद्धता मानदंडों से प्रशिक्षण प्रणाली में एकरूपता आएगी और संस्थानों के संचालन में स्पष्टता सुनिश्चित होगी। इससे न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल मानव संसाधन भी उपलब्ध होगा।


कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री टेटवाल।

## कौशल प्रशिक्षण केवल संख्या तक सीमित न रहे

मंत्री टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य को कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कौशल प्रशिक्षण केवल संख्या तक सीमित न रहे, बल्कि उसकी गुणवत्ता और उद्योग से प्रासंगिकता भी सुदृढ़ हो। राज्यमंत्री टेटवाल ने राज्य संचालनालयों, शासकीय एवं निजी आईटीआई प्रबंधन तथा उद्योग प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इन संबद्धता मानदंडों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनाएं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं। आईटीआई संबद्धता मानदंड- 2025 के क्रियान्वयन को लेकर यह राज्य-स्तरीय वर्कशॉप मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा राजधानी स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को नवीन संबद्धता मानदंडों की स्पष्ट, व्यवहारिक और प्रक्रियात्मक जानकारी प्रदान करना रहा।

### डीजीटी के प्रतिनिधियों ने दिया प्रजेंटेशन

वर्कशॉप में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय नई दिल्ली, मप्र और छग राज्य के अधिकारी तथा उद्योग जगत से जुड़े हितधारकों की सहभागिता रही। महानिदेशालय प्रशिक्षण (डीजीटी), नई दिल्ली के प्रतिनिधियों ने संबद्धता मानदंडों पर प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें प्रक्रियाओं और प्रावधानों की जानकारी दी गई।

हमीदिया अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आयुष दुबे ने कहा

# 'गोल्डन ऑवर' मरीज के बचने और रिकवरी की संभावनाओं को काफी हद तक करता है तय: दुबे

अचानक होने वाले लक्षणों को नहीं करें नजर अंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्ट्रोक के बाद का पहला घंटा, जिसे अक्सर 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है, मरीज के बचने और रिकवरी की संभावनाओं को काफी हद तक तय करता है। इंडियन स्ट्रोक एसोसिएशन के मुताबिक भारत में हर साल करीब 18 लाख लोग स्ट्रोक का शिकार होते हैं, मगर अधिकांश मरीज जीवन-रक्षक उपचार के लिए अस्पताल देर से पहुंचते हैं। देरी का हर एक मिनट लगभग 19 लाख मस्तिष्क कोशिकाओं की मौत का कारण बन सकता है, इसलिए स्ट्रोक के लक्षणों को तुरंत पहचानना और फौरन चिकित्सा मदद लेना बेहद जरूरी है।


डॉ. आयुष दुबे।

यह बात हमीदिया अस्पताल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आयुष दुबे ने कही। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त का प्रवाह रुक जाता है और उस हिस्से को ऑक्सीजन तथा पोषक तत्व नहीं मिल पाते।

### लाइफस्टाइल फैक्टर ने बढ़ाए स्ट्रोक के खतरे

डॉ आयुष दुबे ने बताया कि स्ट्रोक के दो प्रमुख प्रकार माने जाते हैं। पहला इस्कीमिक स्ट्रोक, जिसमें रक्त का थक्का किसी नस को ब्लॉक कर देता है। दूसरा रक्तस्त्रावी स्ट्रोक, जिसमें मस्तिष्क के अंदर या आसपास रक्तस्त्राव हो जाता है। स्ट्रोक अब देश में मौत का चौथा और विकलांगता का पांचवां बड़ा कारण बन चुका है। अनियंत्रित ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल और शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे लाइफस्टाइल फैक्टर स्ट्रोक के खतरे को काफी बढ़ा देते हैं।

# महापौर ने किया सैन्य स्मृति विश्व रिकॉर्ड समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने गुरुवार को दो दिवसीय सैन्य स्मृति विश्व रिकार्ड समारोह-2026 का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर तीनों सेना के अधिकारी, अंतर्राष्ट्रीय अनघ मंच के पदाधिकारी, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। यह कार्यक्रम सैनिक, साहित्य, समाज एवं संस्कृति के लिए कार्य कर रहे अंतर्राष्ट्रीय अनघ मंच द्वारा सैनिक विश्राम गृह में आयोजित किया गया है। महापौर श्रीमती राय ने सैनिकों के सम्मान में पुस्तक का विमोचन भी किया।

- सैनिकों के सम्मान में पुस्तक का विमोचन भी किया


सैन्य स्मृति विश्व रिकॉर्ड का शुभारंभ करतीं महापौर।

सिंहस्थ 2028 को लेकर हुई विशेष चर्चा

# सीएम डॉ. मोहन से महामंडलेश्वर स्वामी गिरि महाराज की मुलाकात


सीएम और महामंडलेश्वर की भेंट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर डॉ. श्री मोहन यादव से महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद ने महत्वपूर्ण मुलाकात की। इसको प्रदेश की राजनीति में महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद की सक्रिय वापसी के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान वैराग्यानंद ने सीएम के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए यह कहा गया कि उनके मार्गदर्शन में मप्र निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। चर्चा का प्रमुख विषय सिंहस्थ महाकुंभ 2028 रहा, जो 27 मार्च से 27 मई 2028 तक उज्जैन में आयोजित किया जाएगा। इस महापर्व के माध्यम से संपूर्ण विश्व में सनातन धर्म की गरिमा, संस्कृति और मूल्यों के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया।

451 गांवों में कराया जाएगा पशुओं का वैक्सीनेशन

# एनएच किनारे बसे गांवों में बढ़ाया जाएगा दूध उत्पादन


संभागीय समीक्षा बैठक कर दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशल हाइवे के किनारे बसे गांवों में दूध का उत्पादन बढ़ाया जाए, जिससे इन गांवों से दूध कलेक्ट करने में आसानी होगी। संभाग के 451 गांवों में पशुओं का सौ फीसद वैक्सीनेशन किया जाना है। जिससे पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। यह बात गुरुवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने संभागीय समीक्षा बैठक में अफसरों से कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का टॉरगेट तय किया गया है। उन्होंने कहा कि सांची दुग्ध संघ के साथ संपर्क कर नेशनल हाईवे के गांवों के नये दुग्ध रूट तैयार करें। बैठक में बताया गया कि शत-प्रतिशत पशुओं का एआई, वैक्सीनेशन और पशुओं की ट्रेगिंग शामिल है।

संभाग के सभी जिलों में 451 ग्रामों का चयन किया गया है, जिसमें विभिन्न पैरामीटर पर बैस लाइन सर्वे जारी किया गया है। जिसमें सौ फीसद पशुओं का वैक्सीनेशन किया जाए। संयुक्त संचालक पशुपाल डॉ. सुनील परनाम ने बताया कि पशुओं के नस्ल सुधार और कृत्रिम गभार्धान बधियाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

चेंबर चुनाव 1 फरवरी को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक

# चुनाव पूर्व 22 डाकमत पत्र चुनाव अधिकारी के समक्ष किए गए जमा


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के त्रैवार्षिक चुनाव (2026-2029) के लिए भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में मतदान 1 फरवरी सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसके पूर्व चेंबर के विधान के मुताबिक पात्र मतदाता जो मतदान के दिन मतदान केंद्र पर उपस्थित नहीं हो सकेंगे। उनके लिए चुनाव प्रणाली में डाक मतपत्र मतदान पद्धति है। अतः डाक मतदान पद्धति जरिए गुरूवार तक चेंबर क चुनाव अधिकारी के समक्ष 22 चेंबर के मेंबरों ने डाक मतदान पद्धति जरिए अपने मतपत्र जमा किए। जानकारी के अनुसार के त्रैवाषिक चुनाव में ऐसा पहली बार हुआ है कि मतदान के दो दिन पूर्व तक चुनाव अधिकारी के समक्ष 22 मेंबरों ने डाक मतदान पद्धति के जरिए अपने मतपत्र जमा कराएं है। चुनाव पर्वेक्षक एडवोकेट पीसी कोठारी ने बताया 1 फरवरी को अनुपलब्ध रहने वाले या भोपाल से बाहर जाने वाले मतदाताओं के लिए यह सुविधा रखी गई। इसके लिए 2 बजे तक आवेदन लिए गए। तत्पश्चात वोट डाले गए। 22 टेंडर वोट डाले गए। कोठारी के अनुसार सबसे बड़ी व्यापारिक संस्था की चुनाव की तैयारी जारी हैं लगभग 170 लोगों के साथ चुनावी टीम बनाई गई है। इसके साथ ही पहली बार मतपत्र पर प्रत्याशियों के फोटो भी होंगे।

नई श्रम संहिताओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# नई श्रम संहिताओं की सही व्यापक समझ संगठन के लिए आवश्यक


ठेंगड़ी भवन में आयोजित कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड (डीटीएनबीडब्ल्यूईडी), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय मजदूर संघ, के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की नई श्रम संहिताओं (अधिनियमों)" पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी को प्रदेश कार्यालय, ठेंगड़ी भवन में किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई श्रम संहिताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र में अम्बरीष गर्ग, शिक्षा अधिकारी एवं अरविंद धुर्वे, क्षेत्रीय निदेशक द्वारा श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों, उनके उद्देश्य तथा श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय मजदूर संघ, मध्य प्रदेश के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताओं की सही समझ श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे श्रमिकों में जनजागरण एवं श्रमिक हितों की प्रभावी रक्षा की जा सके।

आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक कदम

मिल सकेगा सुरक्षित एवं आधुनिक रेल सेवाओं का फायदा

# भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस व नर्मदा एक्सप्रेस एलएचबी कोच से होंगी संचालित, सफर होगा और आरामदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की ओर से यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर बेहतर प्रयास करने का दावा किया जा गया है। इसी के तहत रेलवे लगातार पुराने आईसीएफ कोचों से परिवर्तित कर एलएचबी कोचों के साथ ट्रेनों का संचालन कर रहा है। एसी के तहत रेलवे की ओर से मार्च से भोपाल-सिगरौली एक्सप्रेस व नर्मदा एक्सप्रेस एलएचबी कोच के साथ चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 18234/18233 (बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर) नर्मदा एक्सप्रेस को एलएचबी कोचो के साथ संचालित करने का निर्णय लिया है। एलएचबी कोच के साथ चलने वाली सभी ट्रेनों में दोनों तरफ सामान्य कोच की सुविधा दी जा रही है। ऐसा यात्रियों की मांग और सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की विशेष सुविधा को ध्यान में रख कर किया जा रहा है। भोपाल रेल मंडल प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 के लिए 30 मार्च से संचालित की जाएगी। इसी तरह इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18233 के लिए 31 मार्च से संचालित हो सकेगी। इससे भोपाल रेल मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक रेल सेवाएं मिल सकेगी।


फाइल फोटो।

### भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस में 31मार्च से एलएचबी से संचालित

गाड़ी संख्या 22165/22166 भोपाल-सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 31 मार्च से एलएचबी कोच से संचालित हो सकेगा। इसके बाद यह ट्रेन 22 कोचों के साथ संचालित की जाएगी। एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से युक्त, अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं कम रख-रखाव वाले होते हैं, जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। एलएचबी रैक लगाए जाने के बाद इस ट्रेन में 1 फस्ट एसी, 2 सेकेंड एसी, 6 थर्ड एसी, 7 स्लीपर, 4 जनरल, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच ।

### अपर महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**भोपाल।** पमरे जोन अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री ने भोपाल मंडल के संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विदिशा एवं सांची स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री खत्री ने दोनों स्टेशनों पर किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

भोपाल
शुक्रवार, 30 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 300
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 22
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बजट सत्र से पहले पीएम मोदी का संबोधन

## हम 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर चल पड़े हैं अब

**योजना को फाइल तक नहीं लाइफ तक पहुंचाने का प्रयास**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक सर्वेक्षण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' को सरकार की नीति बताया। पीएम मोदी ने रिफॉर्म एक्सप्रेस की रफ्तार के लिए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म वाले मंत्र का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यह व्यवधान नहीं, समाधान का समय

उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से देश आगे बढ़ रहा है, आज समय व्यवधान का नहीं है, आज समय समाधान का है। आज प्राथमिकता व्यवधान नहीं है, आज प्राथमिकता समाधान है। आज ▶▶ शेष पेज 4 पर

800 पन्नों का आर्थिक सर्वे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की

# भारत की विकास गाथा मजबूत, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सतर्क रहने की जरूरत

- घरेलू मोर्चे पर मजबूती, लेकिन बाहरी चुनौतियों का डर
- वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8% से 7.2% के बीच रहेगी
- आम आदमी के लिए राहत की बात यह है कि महंगाई नियंत्रित है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की। बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले पेश किया गया यह दस्तावेज भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा का आधिकारिक रिपोर्ट कार्ड है।

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार किए गए इस सर्वे का लब्बोलुआब यह है ▶▶ शेष पेज 4 पर

*मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार किया गया सर्वे*



निर्मला सीतारमण

### राज्यों द्वारा बांटी जा रही मुफ्त रेवड़ी पर चिंता जताई

सरकार ने अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारा है। वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8% रहा, जो बजट अनुमानों से बेहतर है। वित्त वर्ष 2026 के लिए इसे 4.4% तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वे में राज्यों द्वारा बिना शर्त नकद हस्तांतरण और वित्तीय लोकलुभावनवाद पर चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि ऐसे खर्च पूंजीगत व्यय को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे अंततः सॉवरेन उधारी की लागत बढ़ सकती है।

### विदेशी मुद्रा भंडार का कवच


बाहरी झटकों से निपटने के लिए भारत के पास विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त 'बफर' है। 16 जनवरी 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 701.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त है। नीति आयोग के मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स का हवाला देते हुए सर्वे बताता है कि गरीबी 2005-06 के 55.3% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई है।

MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पांढुर्णा: हादसे में छात्रा और दोस्त की मौत



**पांढुर्णा।** पांढुर्णा के मोहि घाट पर गुरुवार सुबह सड़क हादसे में 13 वर्षीय कराते चैंपियन छात्रा और उसके 17 वर्षीय दोस्त की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्राची बिसेंदरे और जयेश गोलाइत के रूप में हुई है।

### मोबाइल हैक कर एआई से बनाए अश्लील फोटो



**ग्वालियर।** साइबर अपराधी ने एक महिला का मोबाइल हैक कर फोटो हासिल किया और एआई की मदद से अश्लील फोटो वीडियो में बदलकर रिश्तेदार, परिचितों को भेज दिए।

### बिस्किट पैकेट में कम वजन आठ कंपनियों पर पेनाल्टी



**उज्जैन।** पतंजलि के बिस्कुट पैकेट कम वजन की मामला सामने आया है। पैकेट पर 70 ग्राम वजन लिखा था, लेकिन जांच में उसका वास्तविक वजन सिर्फ 52 ग्राम पाया गया। नाप-तौल विभाग ने 8 कंपनियों पर पेनाल्टी लगा दी।

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण मामला

# टली सुनवाई, सरकार के वकील पेश नहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा-ये तो गंभीर आचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिल्ली/भोपाल

*मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत पांच अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं को इस मामले में नियुक्त किया हुआ है*

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण देने से जुड़े मामलों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को सरकारी पक्ष गैरमौजूद रहा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिकृत किए गए एक भी अधिवक्ता मौजूद नहीं थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर आचरण बताया और खेद प्रकट किया। ओबीसी वर्ग के अधिवक्ताओं के अनुरोध पर अब इन मामलों की अगली सुनवाई 4 फरवरी 2026 को होगी।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति नरसिंहा और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की खंडपीठ के समक्ष ओबीसी आरक्षण से जुड़े सभी प्रकरण गुरुवार को सीरियल नंबर 106 पर अंतिम बहस के लिए सूचीबद्ध थे। जैसे ही मामलों को कॉल किया गया, मध्य प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी वकील उपस्थित नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी वर्ग के सीनियर एडवोकेट अनूप चौधरी ने बयान जारी कर कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता समेत पांच अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नियुक्त कर रखा है। इसके बावजूद सुनवाई के दिन एक भी वकील का कोर्ट में मौजूद न होना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है।

**अब 4 फरवरी को सुनवाई ओबीसी एडवोकेट ने जताई नाराजगी**



▶▶ पिछले एक साल से अधिक समय से सुनवाई में केवल तारीख पर तारीख

▶▶ कमलनाथ बोले जानबूझकर ओबीसी को वंचित कर रही राज्य सरकार

**कमलनाथ का आरोप**

### युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़

कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि भाजपा की मंशा स्पष्ट है प्रदेश के ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण से दूर रखना और सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमजोर करना। उन्होंने इसे करोड़ों पिछड़े वर्ग के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। कांग्रेस नेता ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार इसी तरह ओबीसी आरक्षण को लेकर उदासीन रवैया अपनाती रही, तो कांग्रेस इसे बड़ा जनआंदोलन बनाएगी।

### हाईकोर्ट से सभी केस सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर किए गए

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से ओबीसी आरक्षण से जुड़े सभी प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करवा दिए थे। आरोप है कि 27% ओबीसी आरक्षण लागू करने के दबाव से बचने के लिए ऐसा किया गया है। सरकार भर्ती विज्ञापनों में ओबीसी को 27% आरक्षण देने की बात तो कर रही है, लेकिन नियमों के विरुद्ध 13% पद होल्ड किए जा रहे हैं।

### न हाईकोर्ट, न सुप्रीम कोर्ट का स्टे

महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने वाले कानून पर न हाईकोर्ट ने स्टे दिया है न ही सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। इसके बावजूद सरकार पिछले एक साल से अधिक समय से सुनवाई में केवल तारीख पर तारीख लेती आ रही है। अब तक हर सुनवाई में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह महाधिवक्ता कार्यालय के एक दर्जन विधि अधिकारियों के साथ उपस्थित होकर समय मांगते रहे, लेकिन गुरुवार को सुनवाई के दौरान वे भी कोर्ट में मौजूद नहीं थे। ओबीसी वर्ग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप जॉर्ज चौधरी, जून चौधरी, रामेश्वर सिंह ठाकुर, वरुण ठाकुर कोर्ट में उपस्थित हुए और प्रकरण की गंभीरता से अवगत कराया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से कोई अधिवक्ता मौजूद नहीं है, ऐसे में सुनवाई कैसे हो सकती है और इस रवैए पर खेद जताया।

छिंदवाड़ा में फिर जहरीली मिठाई

# गाजर का हलवा खाने से 11 लोग बीमार, पेट दर्द और उल्टी, 6 रेफर

**फूड इंस्पेक्टर ने लिए सैंपल, बीकानेर स्वीट्स का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स दुकान

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार रात गाजर का हलवा खाने से 11 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स से खरीदे गए हलवे को खाने के बाद सभी को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। आनन-फानन में उन्हें अमरवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए 6 लोगों को छिंदवाड़ा रेफर कर दिया गया है। इनमें से एक मरीज की हालत ज्यादा खराब बताई जा रही है, हालांकि बाकी सभी खतरे से बाहर हैं। बुधवार रात करीब 9 बजे कुछ दोस्तों ▶▶ शेष पेज 4 पर

डिप्टी सीएम बनाने के लिए सौंपा जाएगा प्रस्ताव

# सुनेत्रा पवार होंगी अजित पवार की एनसीपी की 'उत्तराधिकारी'

**प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने दिए संकेत**

एजेंसी ▶▶ मुंबई



फाइल फोटो



सुनेत्रा पवार

महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन हादसे में मौत के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा उत्तराधिकारी बन सकती हैं। एनसीपी के दो दिग्गज नेताओं प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### उम्र में दूसरे नंबर पर हैं सुनेत्रा

पवार फैमिली से राजनीति में आधा दर्जन लोग सीधे तौर पर सक्रिय हैं। इनमें शरद पवार जहां सबसे बड़े हैं, तो वहीं सुनेत्रा पवार इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वह बारामती में सुप्रिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

महिला ने अश्लील चैटिंग के लगाए थे आरोप

# डांसिंग कॉप रंजीत को प्रधान आरक्षक से आरक्षक बनाया

**मुख्यालय डीसीपी को उनकी जांच सौंपी गई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



फाइल फोटो

इंदौर सहित देशभर में डांसिंग कॉप के नाम से जाने वाले चर्चित ट्रैफिक पुलिसकर्मी रंजीत सिंह को महिला द्वारा लगाए गए आरोपों के मामले में सजा मिली है। पुलिस विभाग द्वारा उन पर कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यवाहक प्रधान आरक्षक से वापस आरक्षक बना दिया गया है। कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 146 रंजीत सिंह वर्तमान पदस्थापना रक्षित केंद्र इंदौर को विभागीय कार्रवाई के आधार पर उच्च पद प्रधान आरक्षक का कार्यवाहक प्रभार वापस ▶▶ शेष पेज 4 पर

नाबालिग पत्नी ने पगड़ी से गला घोंटा

# रील बनाने से मना किया तो पति को ही मार डाला

**यूट्यूब से सीखा था फंदा बनाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ

झाबुआ में पत्नी बारात में रील नहीं बनाने देने पर इस कदर नाराज हुई कि पति की हत्या कर दी। वह भी शादी की पगड़ी से गला घोंटकर। इसके लिए यूट्यूब देखकर पूरी प्लानिंग की। वारदात थांदला थाना इलाके में 28 जनवरी की है। पुलिस ने मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए नाबालिग पत्नी को अभिरक्षा में ले लिया है। एसपी डॉ. शिवदयाल सिंह ने बताया कि 28 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे डायल 112 पर सूचना मिली थी कि 25 वर्षीय कैलाश पिता रायचंद माल का शव उसके घर में संदिग्ध हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस को ▶▶ शेष पेज 4 पर



कैलाश (मृतक)

सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को न हटाने पर सुप्रीम कोर्ट राज्यों से नाराज

# ये सभी हवा में महल बना रहे...ऐसा लग रहा है कि जैसे 'वे' कहानियां ही सुन रहे

**आवारा कुत्तों के मामले में सभी राज्यों की सुनवाई पूरी हुई, सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आवारा कुत्तों के मामले में पहले दिए गए आदेशों में बदलाव की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजनिया की पीठ ने एमिकस क्यूरी गौरव अग्रवाल की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा। उन्होंने पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी सुप्रीम कोर्ट को दी। पीठ ने राष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पकड़े गए कुत्तों को पुरानी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा

शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और रेल स्टेशनों जैसे सार्वजनिक जगहों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को निर्देश दिया था कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत आवारा ▶▶ शेष पेज 4 पर

एनएच -30 पर रात को शराबी युवकों का उत्पात

# यात्री बस पर पथराव कर चालक व परिचालक को बेरहमी से पीटा

**बस में सवार 45 यात्रियों ने सीटों के नीचे दुबककर बचाई जान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर

जिले में बुधवार रात नेशनल हाईवे-30 शराब के नशे में धुत युवकों ने यात्री बस को बीच सड़क पर रोककर जमकर उत्पात मचाया। मऊगंज से नागपुर जा रही निजी ट्रेवल्स की बस पर पहले पथराव किया गया।

फिर बस में घुसकर चालक, परिचालक और हेल्पर के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इस घटना में चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार 45 यात्री जान बचाने के लिए सीटों पर दुबककर बैठे रहे।



क्षतिग्रस्त यात्री बस

घटना बुधवार रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक ओढ़की टोल प्लाजा के लेन नंबर-7 में जबरन घुसने लगे। टोल कर्मियों ने उन्हें बाइक लेन में जाने को कहा, जिस पर दोनों युवक गाली-गलौच करने लगे। इसी दौरान उसी लेन में विजयंत ट्रेवल्स की बस पहुंच गई। टोल कर्मियों द्वारा शराबी युवकों को हटाए जाने के बाद वे बस के आगे-आगे बाइक दौड़ाते हुए अपने साथियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

बर्फीली हवाओं का असर : सूर्य के उत्तरायण में जाने के बाद भी सर्दी के तेवर ढीले नहीं हुए

**आज भी कई जिलों में रहेगा घने कोहरे का असर**

# लौट आई कड़ाके की सर्दी... धार व रतलाम में कोल्ड-डे आज कोहरा बढ़ेगा, भोपाल में भी कोल्ड-डे जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी ने फिर से वापसी कर दी है। पिछले दो से तीन दिनों में कई जिलों में बारिश, ओले और गुरुवार से शुरू हुई उत्तर से आ रही बर्फीली हवाएं ने सर्दी में बढ़त की है। इससे धार और रतलाम में कोल्ड डे रहा, जबकि भोपाल सहित कुछ जिलों में कोल्ड-डे जैसे हालात रहे हैं।

यह क्रम शुक्रवार को भी चलेगा। इस बीच आज कई जिलों में कोहरे का असर बढ़ेगा। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को कुछ जिलों में घना कोहरा रहेगा। मौसम ▶▶ शेष पेज 4 पर

*भोपाल में दिन और रात का पारा 3-3 डिग्री गिरा, धार में 6 और नर्मदापुरम-पचमढ़ी में 5 डिग्री तक कमी आने से तेज सर्दी*

*कई जिलों में बारिश, ओले और बर्फीली हवाओं के असर से पूरे प्रदेश में औसतन 2 डिग्री तक तापमान में आई कमी*



राजधानी के भेल क्षेत्र में कोहरा, शाम 5:30 बजे का दृश्य

### आज यहां बढ़ेगा कोहरा

शुक्रवार को भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल, कटनी, दमोह, सागर में मध्यम कोहरा रहेगा। साथ ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एक सिस्टम सक्रिय दूसरा 2 फरवरी को

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ पूर्वी ईरान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में सक्रिय है। एक जेट स्ट्रीम 12.6 किमी की ऊंचाई पर ▶▶ शेष पेज 4 पर




*पशुपतिनाथ लोक मंदसौर की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जिसे और अधिक भव्य बनाया गया है। शिवना नदी की बहती जलधारा के समीप स्थित यह लोक पहले से कहीं अधिक आकर्षक एवं मनमोहक हो गया है। चार प्रवेश द्वारों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित की गई है। पशुपतिनाथ लोक में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओपन एयर थियेटर का निर्माण किया गया है, जहां सांस्कृतिक एवं रंगमंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने पर उन्हें असुविधा न हो, इसके लिए प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है। आपात परिस्थितियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा कक्ष भी बनाया गया है। मंदिर परिसर में शिव-लीलाओं पर आधारित आकर्षक म्यूरल वॉल एवं पशुपतिनाथ महादेव प्रतिमा के इतिहास पर आधारित पेंटिंग्स श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती हैं। श्री पशुपतिनाथ लोक में सत्संग भवन, उद्यान, शिव स्तंभ, म्यूरल वॉल, सेल्फी प्वाइंट तथा सुव्यवस्थित पाथवे का निर्माण किया गया है, जिससे पूरा परिसर तीर्थनगरी के स्वरूप में विकसित हुआ है।*

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मंदसौर में किया श्री पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण

## मुख्यमंत्री ने ई-कार्ट से लोक का किया भ्रमण, यज्ञशाला में दी पूर्ण आहुति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मंदसौर में भगवान श्री पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण किया। प्रथम चरण में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से लोक का निर्माण किया गया है। डॉ. यादव ने सबसे पहले पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर की पूर्व एवं वर्तमान स्थिति को प्रदर्शित करने वाली चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पालकी में रजत प्रतिमा के रूप में विराजित भगवान पशुपतिनाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने ई-कार्ट में बैठकर पशुपतिनाथ लोक का भ्रमण किया और इसकी भव्यता को सराहा। डॉ. यादव ने 22 फीट ऊंचे त्रिनेत्र रुद्राकनी का अनावरण किया। इसके मध्य में स्थापित रुद्राक्ष भगवान शिव के त्रिनेत्र स्वरूप का दिव्य आभास कराता है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पशुपतिनाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

## खबर संक्षेप

### सीएम आईएफएस मीट का आज करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 जनवरी को प्रशासन अकादमी में सुबह 10:30 बजे वानिकी सम्मेलन एवं आईएफएस मीट-2026 का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री वन विभाग के आईएफएस थीम गीत का विमोचन कर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी प्रदान करेंगे। वन, पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे और वन अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

### यूजीसी कानून वापस लेने की मांग की

**भोपाल।** सरकार द्वारा यूजीसी कानून लागू किए जाने के विरोध में इरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास के प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि यह कानून स्वर्ण समाज के परिवारों के बच्चों को ध्यान में रखकर लाया गया है, जो स्वीकार्य नहीं है। श्रीवास्तव ने इस कानून को काला कानून बताते हुए इसे शीघ्र वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कानून वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा।

### यूजीसीः नए नियमों पर रोक लगाने का स्वागत

**भोपाल।** सर्वोच्च न्यायालय ने नए यूजीसी नियम 2026 पर रोक लगाने का आदेश पारित करके सवर्ण वर्ग के न्याय का मार्ग प्रशस्त किया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का मप्र कर्मचारी मंच ने स्वागत किया गया है। मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि भारत सरकार ने नए यूजीसी नियम 2026 लागू करके भारत के समाज में सामाजिक विभेद पैदा कर दिया था। जिस कारण सवर्ण समाज में आक्रोश था। यूजीसी के नए नियम का सवर्ण समाज ने पुरजोर विरोध कर प्रदर्शन किया। पांडे ने कहा कि नया यूजीसी नियम 2026 काला कानून है, इसीलिए सर्वोच्च न्यायालय ने प्रथम सुनवाई में ही यूजीसी नियम 2026 के लागू होने पर रोक लगा दी। सर्वोच्च न्यायालय के रोक के बाद कर्मचारी मंच ने भारत सरकार से नए यूजीसी नियम 2026 को वापस लेकर 2012 की व्यवस्था को लागू करने के आदेश को पारित करने की मांग की है।

### आंदोलन से आवाज़ बुलंद करेंगे : डॉ. मनोज यादव

**भोपाल।** समाजवादी पार्टी मप्र के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध बेलगाम हो चुके हैं और असामाजिक तत्वों को सत्ता का खुला संरक्षण मिल रहा है, जिससे आम जनता और खासकर महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। डॉ. यादव ने जानकारी दी कि समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी जिला प्रभारियों एवं संभाग प्रभारियों की सूची जारी कर दी गई है। ये पदाधिकारी सरकार की जनविरोधी नीतियों पर निगरानी रखेंगे और प्रदेशभर में धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन के माध्यम से जनता की आवाज़ बुलंद करेंगे। रीवा जिले के मनगवां क्षेत्र में विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति पर जन्मदिन के अवसर पर हुए हमले के प्रयास को डॉ. यादव ने लोकतंत्र पर हमला करार दिया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पात्र पांच किसानों को दिए भावांतर राशि के चेक

# सीएम ने 1.17 लाख किसानों को अंतरित की 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि

### भावांतर भुगतान योजना किसानों की तपोसाधना और समर्पण का सम्मानः सीएम

### डॉ. मोहन ने मंदसौर के मल्हारगढ़ में किया कई विकास कार्यों का भूमिपजून और लोकार्पण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, इन्हें कोई भी परेशानी हो, कठिनाई हो, तो हमारी सरकार किसानों का संबल और इनकी ढाल बनकर हमेशा साथ खड़ी है। किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना, इनके खेत, खलिहानों और घरों में समृद्धि लाना ही हमारा एकमात्र ध्येय है। भावांतर भुगतान योजना किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए सरकार का प्रयास है।

यह योजना किसानों के कठिन तप, साधना और समर्पण का सम्मान है। डॉ. यादव गुरूवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में अन्नदाता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भावांतर भुगतान योजना की अंतिम किश्त के रूप में प्रदेश के 1 लाख 17 हजार किसानों के खातों में लगभग 200 करोड़ रूपए की भावांतर राशि अंतरित की।




किसानों के खातों में राशि ऑनलाइन भेजते मुख्यमंत्री डॉ. यादव व डिप्टी सीएम देवड़ा।

### मुख्यमंत्री ने मंदसौरवासियों को भी दीं सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदसौर जिलेवासियों को भी विभिन्न विकास कार्यों की सौगातें दीं। उन्होंने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 51.91 करोड़ रूपए की लागत से मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर 4 लेन फ्लाईओवर निर्माण तथा पिपलिया मंडी में 5.53 करोड़ रूपए लागत से बनने वाले रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन से नारायणगढ़ मार्ग पर 2.06 करोड़ रूपए लागत से नवनिर्मित रेलवे अंडरपास का लोकार्पण भी किया। डॉ. यादव ने उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की मांग पर मल्हारगढ़ के पिपलियामंडी में नया फ्लाईओवर ब्रिज बनाने सहित भुवानी माता मंदिर का जीर्णोद्धार कराने और काका गाडगिल सागर डेम को एक आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

### भविष्य में सरसों, मूंगफली की फसल भी भावांतर में होगी शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने भावांतर की राशि को भुगतान करने की योजना लागू की। सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी फसल का पूरा दाम मिला है। डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार आने वाले सालों में सरसों और मूंगफली की फसल को भी भावांतर भुगतान योजना के दायरे में लेकर आएगी।

### मंदसौर के 27 हजार किसानों को मिले 43 करोड़ रुपए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि योजना प्रारंभ से अब तक 7 लाख 10 हजार से अधिक किसानों को हमारी सरकार लगभग 1500 करोड़ रूपए की भावांतर राशि दे चुकी है। आज जिन किसानों को भावांतर की राशि मिली है, उसमें मंदसौर जिले के किसान भी शामिल हैं। जिले के 27 हजार से अधिक किसानों को लगभग 43 करोड़ रूपए की भावांतर राशि मिली है। मुख्यमंत्री ने भावांतर योजना के तहत मंदसौर जिले के पांच किसान रघुवीर सिंह को 95 हजार रूपए, मुकेश पाटीदार को 73 हजार रूपए, ओमकार सिंह को 64 हजार रूपए सहित रामदयाल और जगदीशचंद्र पाटीदार को भी भावांतर राशि के चेक भी सौंपे।*

### स्व. मनोहर चौहान के पुत्र को दी अनुकंपा नियुक्ति

*मल्हारगढ़ सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मल्हारगढ़ में हुई एक दुर्घटना में 4 लोगों की जिन्दगी बचाकर खुद की जान गंवाने वाले मनोहर सिंह चौहान के पुत्र संजय सिंह को अनुकम्पा नियुक्ति का पत्र प्रदान किया। डॉ. यादव ने कहा कि मल्हारगढ़ के पास कार पानी में डूबने लगी। 40 साल के मनोहर सिंह पानी में कूदे। कार में मौजूद चार जिंदगियां तो बचा लीं, पर खुद की जान न बचा सके। ऐसी वीरता को सम्मानित करना हमारा फर्ज है। स्व मनोहर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र संजय सिंह को पुलिस आरक्षक (जीडी) के पद पर सीधा नियुक्ति-पत्र (अनुकम्पा के रूप में) दिया जा रहा है।*

## कांग्रेस नेता बोले- नेता नहीं भेजते शिकायत

# मप्र कांग्रेस संगठन बेहाल, दिल्ली तक पहुंची अनुशासनहीनता की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




- भितरघात अहंकार ने विपक्ष को किया पंगुः भाजपा

मध्यप्रदेश कांग्रेस इस वक्त अव्यवस्था और अनुशासनहीनता की स्थिति से गुजर रही है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि प्रदेश प्रभारी और नेता प्रतिपक्ष को पार्टी की आंतरिक अनुशासनहीनता की शिकायत लेकर दिल्ली तक जाना पड़ा। यह घटनाक्रम संगठनात्मक विफलता का खुला प्रमाण माना जा रहा है। दिल्ली में हुई कांग्रेस नेताओं की बैठक के बाद भाजपा ने निशाना साधा है और पार्टी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कांग्रेस पार्टी के भीतर हालात तब और चिंताजनक हो गए, जब कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष की कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। इससे साफ है कि संगठन में न तो आपसी भरोसा बचा है और न ही स्पष्ट दिशा या जवाबदेही। इधर, सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस में गुटबाजी इस स्तर तक पहुंच चुकी है कि नेतृत्व का कोई भी निर्णय सर्वमान्य नहीं रह गया है। विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय पार्टी अपनी ही आंतरिक लड़ाइयों में उलझी नजर आ रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जहां संगठन अनुशासनहीन हो और कार्यकर्ताओं में भ्रम हो, वहां रचनात्मक राजनीति संभव नहीं होती। ऐसे हालात में विपक्ष कमजोर होता है और लोकतांत्रिक संतुलन भी प्रभावित होता है। आज की स्थिति में मध्यप्रदेश कांग्रेस एक सशक्त विपक्ष के रूप में नहीं, बल्कि आंतरिक कलह और नेतृत्व संघर्ष के केंद्र के रूप में देखी जा रही है।

### अनुशासन समिति के अध्यक्ष भी उठा चुके सवाल

पिछले दिनों मध्य प्रदेश अनुशासन समिति कांग्रेस के सीनियर नेता राजेंद्र सिंह भी सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम कई बार सिफारिश भी करते हैं, लेकिन कार्रवाई का अधिकार उनके पास नहीं है। पार्टी जिस स्तर पर काम करती है, उसका असर भी दिखाई देता है। अगर कोई नेता शिकायत देता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। अगर नेता शिकायत ही नहीं करेगा तो फिर भला समिति कैसे कार्रवाई करेगी। यह बात हालांकि पार्टी हाई कमान को भी पता है। इसलिए पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में अनुशासनहीनता का जिक्र किया गया और पार्टी को गरीब कल्याण और युवाओं के मुद्दे को भी साधने के लिए निर्देश दिए।

## सीएम डॉ. यादव ने किया शुभारंभ

# सीतामऊ साहित्य महोत्सव सांस्कृतिक पुनरुत्थान का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सीतामऊ में आयोजित साहित्य महोत्सव भारतीय संस्कृति, इतिहास और साहित्य के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का पर्व है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन दिवसीय द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीतामऊ के महाराज कुमार रघुवीर सिंह द्वारा वर्ष 1974 में स्थापित नट नागर शोध संस्थान आज शोधार्थियों के लिए तीर्थ स्थल के रूप में प्रतिष्ठित है। संस्थान में 30 हजार से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियां संग्रहीत हैं, जिसके कारण यह एशिया की महत्वपूर्ण लाइब्रेरियों में शामिल है। यहां देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोधार्थी विभिन्न विषयों पर पीएचडी शोध कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि संस्थान में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित हैं, जिनमें 1857 की क्रांति से संबंधित ऐतिहासिक पांडुलिपियां भी शामिल हैं।

यह संस्थान भारतीय इतिहास, साहित्य और संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महोत्सव में शामिल विद्वानों, वक्ताओं, कलाकारों और इतिहासकारों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कार्य निरंतर हो रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इसका उदाहरण है।

## शुक्ला को नहीं मिले जेडओ, वाटर सप्लाई इंजीनियर

# बाल्टी में गंदा पानी लेकर जोन कार्यालय पहुंचे कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की चंबल कॉलोनी में घरों में गंदा पानी पहुंचने और सीवेज-नाली से होकर गुजर रही पाइप लाइनों की शिकायत को लेकर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने जोन-12 का घेराव कर दिया और कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला बाल्टी में गंदा पानी लेकर जेडओ और वाटर सप्लाई के इंजीनियर को दिखाने पहुंचे। हालांकि दोनों अधिकारी उन्हें नहीं मिले।

उन्होंने चंबल क्षेत्र में जल प्रदाय व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र की चंबल कॉलोनी में सीवेज-नाली से पानी की लाइन गुजर रही है। लोगों के घरों में गंदा और बदबूदार पानी



पहुंच रहा है। लोगों की शिकायत पर वे मौके पर पहुंचे और टर सप्लाई की स्थिति देखी। गंदा पानी सप्लाई होने पर उन्होंने बाल्टी में पानी लेकर जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। उन्होंने बताया कि पानी की शुद्धता जांचने के लिए 11 प्रकार की जांच होती हैं, लेकिन वार्ड कार्यालयों में एक प्रकार की क्लोरीन की जांच ही की जा रही है। अगर जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं आया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर तारिक अली, अहमद खान व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अब राज्य सरकार खुद के बजट से करेगी संचालन

### आश्रय लेने वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएगा विभाग

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे प्रदेशभर के 117 रैन बसेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय और बड़े शहरों में बने 117 आश्रय स्थलों को राज्य सरकार अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने जा रही है। इनका संचालन अब राज्य सरकार खुद के बजट से करेगी और यहां रुकने वालों को राज्य और केन्द्र सरकार की बीस प्रमुख योजनाओं का लाभ उनकी पात्रता और योग्यता के अनुसार दिया जाएगा। ये सभी रैन बसेरे सीसीटीवी से लैस होंगे और इनकी निगरानी राज्य स्तर पर लाइव की जाएगी। केन्द्र सरकार प्रदेश के गरीबों अल्पआयवर्ग के हितग्राहियों को शहरों में मुफ्त रुकने के लिए आश्रय स्थल बनाने और उनके संचालन के लिए फंड देती है, लेकिन यह फंड आश्रय स्थल शुरू होने के केवल पांच वर्ष के लिए दिया जाता है।

मध्यप्रदेश में इस समय 117 आश्रय स्थल संचालित हो रहे है। अधिकांश आश्रय स्थलों को शुरू हुए पांच साल की अवधि समाप्त हो चुकी है या होंने वाली है। ऐसे में इनके आगे संचालन के लिए केन्द्र से फंड मिलना बंद हो गया है। इसलिए नगरीय विकास एवं आवास अब राज्य के खर्च से इनका संचालन-संधारण करेगा। इसके लिए विभाग राज्य शासन से नौ करोड़ का सालाना फंड लेकर इनका संचालन करेगा।

### पुलिस वेरीफिकेशन कराने के बाद मिलेगा लाभ

*नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि अब नगरीय आवास एवं विकास विभाग प्रदेशभर के आश्रय स्थलों में ठहरने वालों का डेटा बेस तैयार करेगा। आश्रय स्थल में रुकने वाले व्यक्ति का पुलिस वेरीफिकेशन कराने के बाद उन्हें पात्रतानुसार इन बीस योजनाओं का लाभ दिलाने की कवायद विभाग का अमला करेगा। उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार उनके कौशल विकास, प्रशिक्षण और रोजगार, स्वरोजगार दिलाने की दिशा में भी काम किया जाएगा। जिनके पास आवास नहीं है उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्हें बैंकों से ऋण दिलवाकर स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा।*

## अनुपूरक बजट को लेकर विभागों से मंगाए जा चुके प्रस्ताव

# तीसरा अनुपूरक बजट 5 हजार करोड़ से अधिक का 16 फरवरी से बजट सत्र, वित्त ने तैयारी भी की पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी।

वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अनुपूरक बजट की राशि 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो सकती है, हालांकि इसका आकार पिछले वर्षों की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा रहेगा। अनुपूरक बजट को लेकर विभिन्न विभागों से प्रस्ताव मंगाए जा चुके हैं। वित्त विभाग इन प्रस्तावों



पर विचार-विमर्श कर रहा है और जल्द ही अनुपूरक बजट की अंतिम राशि तय की जाएगी। वित्त अधिकारियों ने बताया कि तीसरे अनुपूरक बजट में वही प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे, जिनके लिए राज्य आकस्मिक निधि से अग्रिम स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके अलावा ऐसे प्रस्ताव भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें केंद्र सरकार या किसी अन्य एजेंसी की वित्तीय सहायता स्वीकृत हो चुकी हो और जिन्हें मौजूदा बजट प्रावधानों से पूरा करना संभव नहीं है। विशेष केंद्रीय सहायता योजनाओं के अंतर्गत भारत सरकार को भेजे गए या भेजे जाने वाले प्रस्तावों, जिनके लिए अलग बजट मद खोलने की आवश्यकता होगी, उन्हें भी अनुपूरक बजट में शामिल किया जा सकता है। वहीं, ऐसे नए मदों को शामिल नहीं किया जाएगा, जिनसे राज्य के वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़े।

### जीरो बेस्ड बजट बना लघु रहने की वजह

*वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अनुपूरक बजट का आकार छोटा रहने का प्रमुख कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट जीरो बेस्ड बजट प्रक्रिया के तहत तैयार किया जाना है। इस प्रक्रिया में बजट अनुमान शून्य से शुरू किए गए और पूर्व वर्षों के व्यय को आधार नहीं बनाया गया। सभी विभागों की चल रही, प्रस्तावित योजनाओं का बारीकी से मूल्यांकन कर वास्तविक जरूरत के अनुसार बजट प्रावधान किए। इसी वजह से विभागों ने बजट में अतिरिक्त राशि की मांग नहीं की।*

# नगर निगम के अमले ने की शहर में चार बकायादारों की संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा संपत्ति अन्य करों एवं शुल्कों की वसूली प्रभावी ढंग से की जा रही है, साथ ही करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी निरंतर जारी है।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर गुरूवार को निगम के अमले ने जोन क्र. 19 के अंतर्गत वार्ड 85 के कटारा हिल्स स्थित मेसर्स औरा बिल्डकॉन द्वारा संपत्ति कर की बकाया राशि 7 लाख 13 हजार 843 रुपए का भुगतान न करने पर संबंधित का एक हजार वर्गफिट में बना कार्यालय कुर्क किया, साथ ही जोन 8 के अंतर्गत वार्ड 28 में गीतांजलि कॉम्पलेक्स रोड पर स्थित दुकान 10 पर बकाया 37 हजार 502 रुपए का भुगतान न होने पर दुकान कुर्क करने की कार्यवाही की। इसी प्रकार अंबेडकर नगर के भवन क्र.1/1 पर बकाया 23 हजार 167 रुपए का भुगतान न होने पर उक्त भवन कुर्क करने की कार्रवाई की। निगम के जोन क्र. 01 के अमले ने वार्ड 5 में ओल्ड बी वार्ड स्थित भवन स्वामी दयाराम की आवासीय संपत्ति पर राशि 86 हजार 52 रुपए बकाया होने पर संपत्ति कुर्क एवं नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की। बकायादार ने राशि का भुगतान कर दिया।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

7 औद्योगिक क्षेत्र बन रहे आधुनिक गार्डन कम...



8 देशभक्ति, लोकसंगीत, भारतीय शास्त्रीय...





छोटे से बर्तन मे दर्दनाक हादसा: भोपाल में 10 महीने की बच्ची खेलते-खेलते बाल्टी में जा गिरी

## काल बन गई पानी की बाल्टी... परिवार के सभी सदस्य देख रहे थे टीवी, घुटनों से चलते हुए पहुंच गई बाथरूम

*नन्हे हाथ-पांव मदद के लिए तड़पते रहे, लेकिन आवाज़ बाहर तक नहीं पहुंच सकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित पीएनबी कॉलोनी ईदगाह हिल्स में बुधवार रात पानी से भरी बाल्टी में डूबने से 10 महीने की बच्ची की मौत हो गई। वह घुटनों से चलती हुई बाथरूम तक पहुंच गई । करीब 10 मिनट बाद मां को बच्ची नजर नहीं आई तो उसे दूसरे कमरे में देखा गया, लेकिन बच्ची नहीं मिली। इस बीच उनकी भतीजी ने बच्ची को बाथरूम में बाल्टी में डूबा देखा। बच्ची को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह पीएम के बाद बच्ची का शव परिजन को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी उमेश पाल चौहान ने बताया कि करण सिंह जाटव वरिष्ठ अधिवक्ता के पास काम करते हैं। परिवार में पत्नी सोनम जाटव, पांच साल का बेटा कनिष्क और 10 माह की बेटी बेबी उर्फ प्रनिषा थी। बुधवार रात करीब 10.30 बजे करण सिंह परिवार के साथ हॉल में टीवी देख रहे थे। वहीं 10 माह की बेबी वहीं फर्श पर खेल रही थी। बच्ची खेलते-खेलते बच्ची अचानक वहां से गायब हो गई।



बाथरूम में रखी बाल्टी। मां के साथ बच्ची

### मां पहुंची तो नीली पड़ चुकी थी नवजात

करीब दस मिनट बाद मां को ध्यान आया तो वह दूसरे कमरे में देखने पहुंची। दूसरे कमरे में बच्ची के खिलौने फर्श पर पड़े थे। उन्होंने सोचा कि बच्ची घुटने के बल चलती हुई दूसरे कमरे में चली गई है। लेकिन बच्ची वहां नहीं दिखी। इस बीच दरवाजा खुला देख ललिता बाथरूम में पहुंची तो उसके होश उड़ गए। वहां मासूम बेबी बाल्टी में सिर के बल डूबी हुई थी। बच्ची का सिर बाल्टी में डूबा था, पैर ऊपर की ओर थे और शरीर निढाल। चेहरे पर नीला पड़ चुका रंग सब कुछ बयां कर रहा था। माता-पिता तत्काल बच्ची को लेकर हमीदिया पहुंचे, लेकिन बच्ची की मौत पहले ही हो चुकी थी। सूचना मिलने पर शाहजहांनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के मामा संदीप ने बताया कि पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस का कहना है कि फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है और हर पहलू से मामले की पड़ताल की जा रही है।




700 टन रोज कचरा ढो रहे कंडम वाहन, रोज हो रहे खराब, रस्सी से खींचकर पहुंचा रहे वर्कशॉप

## खटारा-कंडम वाहनों के भरोसे स्वच्छता तो सर्वेक्षण में शहर कैसे बनेगा सिरमौर



रस्सी से बांधकर खराब वाहन को खींचते हुए वर्कशॉप ले जाता दूसरा वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर भले ही नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं, लेकिन शहर से रोजाना निकलने वाले 700 टन से ज्यादा कचरे के परिवहन के काम में लगे मैजिक वाहन कंडम हो रहे हैं। इनमें आए दिन खराबी आ रही है। इन्हें रस्सी के सहारे दूसरे मैजिक से खींचकर वर्कशाप पहुंचाया जा रहा है। रोज कई ऐसे वाहन सुधरने के लिए पहुंचते हैं, जबकि जवाहर चौक स्थित डिपो में भी 100 से ज्यादा कंडम मैजिक खड़े हुए हैं। निगम प्रशासन का तर्क है कि जिस भी क्षेत्र के मैजिक वाहन में खराबी आती है उनकी जगह दूसरे वाहन को रवाना किया जाता है। कचरे के संग्रह में कोई दिक्कत नहीं है।

### पुराने वाहन होते ज्यादा खराब

नगर निगम के शहर के 21 जोन और 85 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के काम में 670 से ज्यादा मैजिक लगे हैं। इनमें 400 से ज्यादा सीएनजी और 250 से ज्यादा डीजल से चलते हैं। सबसे ज्यादा खराबी पुराने वाहनों में आ रही है। कचरा परिवहन के दौरान ही कई बार तो यह कॉलोनियों और मुख्य रोड पर ही खराबी के कारण खड़े हो जाते हैं। इससे कहीं न कहीं कचरा संग्रह प्रभावित हो रहा है। हालांकि सभी वाहन जीपीएस से लैस हैं और सुबह साढ़े छह बजे से सात बजे के बीच यह अपने-अपने क्षेत्र में कचरा कलेक्शन के लिए रवाना हो जाते हैं। इस संबंध में प्रभारी उपायुक्त चंचलेश गिरहरे से मोबाइल पर संपर्क का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

केंद्रीय कर्मशाला में 100 से ज्यादा कंडम मैजिक वर्कशॉप में खड़े | डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के काम में लगे हैं 670 से ज्यादा मैजिक वाहन

### सेंट्रल कंट्रोल से निगरानी, फिर भी आ जाती है खराबी



केंद्रीय कर्मशाला में खड़े कंडम कचरा नगर निगम के कचरा वाहन।

नगर निगम ने जीपीएस से इन वाहनों को लैस किया है। इसकी निगरानी केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से की जाती है। इसके कारण यह समय पर तो पहुंचते हैं, लेकिन तकनीकी खराबी आने पर अक्सर कचरा संग्रह में दिक्कत आती है। कई बार तो यह वाहन इसी कारण लोगों के घर देरी से पहुंचते हैं।

### वाहनों में लग रही जंग, अक्सर हो रहे पंक्चर

*कचरा संग्रह के काम में ऐसे कई वाहन लगे हैं जिनमें जंग लग गया है। टायर भी खराब हो रहे हैं। मोहल्लों और कॉलोनियों में जब यह पंक्चर हो जो हैं तो खुद ड्राइवर और अन्य सफाई कर्मचारी मिलकर टायर खोलकर उसे ठीक करवाते हैं या फिर वर्कशाप को सूचना देते हैं। खराबी दूर होने के बाद कचरा परिवहन देरी से हो पाता है।*

### सीएसआर फंड से जुटाई जाएंगी शहर की बुनियादी सुविधाएं

नगर निगम द्वारा कार्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) फंड के माध्यम से शहर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शहरी आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाएगा। इसके लिए निगम प्रशासन ने प्रतिष्ठित एवं अनुभवी कार्पोरेट संस्थानों से एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट आमंत्रित किए हैं। महापौर मालती राय ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीएसआर के माध्यम से निजी क्षेत्र की सहभागिता से शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इससे स्वच्छ, सुंदर, पर्यावरण-अनुकूल एवं सुविधायुक्त शहर बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर नगर निगम के प्रोजेक्ट सेल द्वारा सीएसआर फंड के अंतर्गत सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए यह पहल की गई है। शहर के विकास में रुचि रखने वाले अनुभवी संस्थानों का चयन कर निगम के मार्गदर्शन में विभिन्न परियोजनाओं को अमल में लाया जाएगा।

कई दिन से मिल रही थी कम गैस की शिकायत

## सैनी एजेंसी के 45 सिलेंडरों में कम मिली तीन-तीन किलो गैस



सैनी गैस एजेंसी के सिलेंडरों की जांच करता खाद्य विभाग का अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीस दिन पहले कोलार की इंडेन गैस एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा 26 गैस सिलेंडरों से तीन से चार किलो गैस निकालने के बाद गुरुवार को अयोध्या बाइपास स्थित सुनील सेन की सेनी इंडेन गैस एजेंसी के 45 सील पैक सिलेंडर से तीन-तीन किलो गैस निकालने का मामला सामने आया है। गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले वाहन में रखे जब 90 सिलेंडरों को तौला गया तो उनमें गैस कम निकली। टीम ने सिलेंडर जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही एजेंसी संचालक और कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि टीम को सील पैक सिलेंडरों से गैस चोरी करने की जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने सागर एवेन्यू अयोध्या बाइपास पर पहुंचकर सैनी इंडेन गैस एजेंसी के वाहन में रखे 90 सिलेंडरों की जांच शुरू की। जांच के दौरान नापतौल निरीक्षक रायकवार की मौजूदगी में जब सिलेंडरों को एक एक कर तौला गया तो 45 सिलेंडरों में तीन-तीन किलो गैस कम निकली, जबकि सभी 45 सिलेंडरों की सील पैक थी। यह कम गैस वाले सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए जा रहे थे।

### एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड कराने की जरूरत

राजधानी में सील पैक सिलेंडरों से गैस निकालने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में पकड़े जाने के बाद भी केस दर्ज कर एडीएम कोर्ट में सुनवाई की जाती है। एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड नहीं होने से एजेंसी संचालक दोबारा से धोखाधड़ी करना शुरू कर देता है। इस मामले में इंडियन ऑयल कंपनी को एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड करने संबंधी पत्र लिखा जा रहा है। मौके पर जब वाहन में रखे सिलेंडरों का रिकार्ड देखा गया तो पता चला कि 45 सिलेंडरों से गैस चोरी कर 6 खाली सिलेंडरों को भरा गया था, जिन्हें महंगे दामों में होटल संचालक को बेचा जाता है। टीम ने मिनी ट्रक एमपी 04 जीए 7256 और 45 सिलेंडर जब्त कर लिए हैं।

### कोलार इंडेन से जब्त किए थे 92 सिलेंडर

सात जनवरी को खाद्य टीम ने इंडेन कंपनी की कोलार गैस एजेंसी से 92 सिलेंडर जब्त किए थे, जिनमें से 26 सिलेंडरों से गैस निकालकर ठगी की गई थी। टीम ने 5 कर्मियों पर एफआईआर भी कराई थी, हालांकि एजेंसी संचालक दीपा गादी पर कार्रवाई नहीं की गई। मामला फिलहाल एडीएम कोर्ट में है। सभी घरेलू सिलेंडरों में 14 किलो 200 ग्राम गैस होती है। एक सिलेंडर में 3 से 4 किलो तक गैस निकालने से सिलेंडर में गैस 11 किलो तक रह जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को डेढ़ सौ से दो सौ रुपए तक का चूना लगाया जाता है।

### तौलकर ही सिलेंडर लें उपभोक्ता

इंडेन कंपनी की कोलार गैस एजेंसी और अयोध्या बाइपास की सैनी गैस एजेंसी में भरे हुए सील पैक सिलेंडर से बंसी उपकरण के द्वारा गैस कम करने का केस दर्ज किया गया है। उपभोक्ताओं से अपील है कि वह एजेंसी कर्मचारियों से सिलेंडर को तौलकांटे से वजन कराने के बाद ही लें। अगर कर्मचारी इंकार करता है, तो इसकी जानकारी खाद्य विभाग को दी जाए।

**चंद्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति नियंत्रक**

अपर आयुक्त तिवारी बोले- मामले की जांच कराएंगे

## मेट्रो प्रोजेक्ट के दायरे से दूर डिपो चौराहे पर कट गए नीम के आधा दर्जन पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के डिपो चौराहे पर रिहायशी भवन और मार्केट की दुकानें के सामने लगे आधा दर्जन नीम के पेड़ों को काटने का मामला प्रकाश सामने आया है। गुरुवार को दोपहर यहां काटे गए पेड़ों के ठूंठ और डालें पड़ी थीं। केंद्रीय कर्मशाला के पास जिस फुटपाथ पर लगे यह पेड़ काटे गए हैं, वह मेट्रो प्रोजेक्ट के दायरे से दूर बताए जा रहे हैं।

इस संबंध में जानकारी के लिए जोन-21 के एएचओ वासुदेव उदेनिया, झील और उद्यान विभाग की सहायक यंत्री पूजा पटेल से मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन उन्होंने कॉल अटेंड नहीं किया। नगर निगम के अपर आयुक्त हर्षित तिवारी का कहना है कि मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए पेड़ों को काटने की अनुमति है, लेकिन उसके दायरे से बाहर अगर पेड़ काटे गए हैं तो वे तत्काल मौके पर टीम भेजकर जांच करवाएंगे।



डिपो चौराहे पर कटे पड़े नीम के पेड़।

पटवारियों का आरोप: अलग-अलग वजह बताकर की जा रही वसूली

## तहसीलदार ने पटवारियों से मांगा कलेक्शन मना करने पर हल्के से हटाने देते हैं धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी पर हुजूर तहसील के 75 पटवारियों ने मोर्चा खोल दिया है। पटवारियों का आरोप है कि तहसीलदार अलग-अलग वजह बताकर पटवारियों से कलेक्शन करते हैं, पटवारियों के मना करने पर उन्हें हल्के से हटाने की धमकी दी जाती है।

तहसील कोर्ट में जिन मामलों का प्रतिवेदन पेश करने में जहां राशि खर्च होती है, वहां भी पटवारियों से खर्चा कराया जा रहा है, जबकि यह खर्च तहसील कोर्ट का रहती है। गुरुवार को प्रांतीय पटवारी संघ की तरफ से तहसील के पटवारियों ने हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को ज्ञापन सौंपकर तहसीलदार पर कार्रवाई की मांग की है। पटवारी संघ ने ज्ञापन में तहसीलदार के खिलाफ 9 बिंदुओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं, हालांकि तहसीलदार का कहना है कि पटवारियों से कलेक्शन करने की बात गलत है। अपमानित करने की बात पर उन्होंने कहा कि पटवारियों को बताया चाहिए कि किस तरह अपमानित किया है।



हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को ज्ञापन सौंपते पटवारी।

ज्ञापन में कहा गया है कि पटवारी को हर आदेश वॉट्सएप पर भेजा जाता है, लेकिन यदि पटवारी अपनी कोई समस्या ग्रुप पर बताता है तो उसे ऑफिस में उपस्थित होने का कहा जाता है। सिविल कोर्ट में प्रचलित प्रकरण में पटवारी प्रतिवेदन देते हैं। इसके बाद संबंधित अधिवक्ता से जवाब बनवाने के लिए पटवारियों को बोला जाता है। इस पर 4 से 5 हजार रुपए खर्च होते हैं। यह तहसील कोर्ट से होना चाहिए।

पटवारी संघ के भोपाल जिलाध्यक्ष अरविंद गिरी का कहना है कि हुजूर तहसील के पटवारियों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है।

इमरजेंसी सेवाओं और सफाई की स्थिति का किया निरीक्षण

## कलेक्टर बोले सीएमएचओ से: 24 घंटे घर जैसे साफ रखें अस्पताल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि इम्पैक्ट

अस्पताल परिसर को 24 घंटे अपने घरों के जैसा साफ रखें, जिससे मरीजों को साफ सुधरे और अच्छे वातावरण में इलाज मिल सके। यह निर्देश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जेपी अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को दिए। बता दें कि 24 जनवरी को हरिभूमि ने कलेक्टर के निर्देशों के पालन नहीं होने की खबर प्रकाशित की थी। हरिभूमि की खबर के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह बिना सूचना बुधवार शाम जेपी अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में दौरान कलेक्टर ने ओपीडी, आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं, पंजीयन, सफाई व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था उपयुक्त पाए जाने पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सीएमएचओ से कहा कि अस्पताल परिसर को 24 घंटे अपने घर जैसे साफ रखा जाए, जिससे मरीजों को अच्छे वातावरण में इलाज मिल सके। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन, आरएमओ डॉ. प्रमेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

हरिभूमि ने 24 जनवरी को कलेक्टर के निर्देशों का पालन नहीं होने की खबर की थी प्रकाशित | खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर ने किया जेपी अस्पताल का दौरा

### कलेक्टर सिंह ने सिविल सर्जन से कहा, दो बार करें निरीक्षण



बुधवार शाम को जयप्रकाश अस्पताल का निरीक्षण करते कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह।

कलेक्टर ने ओपीडी, आईपीडी और आकस्मिक चिकित्सा में चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम दो बार निरीक्षण करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. संजय सिंह को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि पंजीयन से लेकर परामर्श, जांचों और दवा वितरण तक मरीजों को असुविधा न हो, इसके लिए सभी अस्पताल स्टाफ को निर्देशित किया जाए।

ग्रीन सिटी, तृप्ति, पीबीजीएम, सूर्यांश, क्योर एंड क्योर पर कार्रवाई

## आयुष्मान के नाम पर सरकार को चूना लगाने वाले पांच अस्पताल सूची से किए बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को निशुल्क इलाज देने के नाम पर सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वलो शहर के पांच निजी अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की गई है। दरअसल, आयुष्मान भारत निरामयम मप्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पांच अस्पतालों को सूची से डिइम्पैनल्ड कर दिया गया है। इन पांच अस्पतालों में ग्रीन सिटी, तृप्ति, पीबीजीएम, सूर्यांश और क्योर एंड क्योर अस्पताल का नाम शामिल है। उक्त पांच अस्पतालों के खिलाफ आयुष्मान कार्यालय को शिकायतें मिली थीं। शिकायत में बताया गया था कि यह फर्जी दस्तावेजों के आधार पर योजना का लाभ लेने के लिए सूची में जुड़े हैं। यहां न तो पर्याप्त संख्या में डॉक्टर हैं और न मेडिकल स्टाफ। इसके अलावा आयुषमान योजना के लिए जितने बिस्तर होना चाहिए, इन अस्पतालों के पास वह भी नहीं हैं। इन शिकायतों के आधार पर शासन ने गत दिवस अस्पतालों का औचक निरीक्षण कराया, निरीक्षण में कई कमियां सामने आईं। इन कमियों के आधार पर आयुष्मान कार्यालय मप्र ने उक्त पांच अस्पतालों को सूची से बाहर कर दिया। मतलब अब यहां आयुष्मान योजना के तहत फ्री इलाज नहीं मिल सकेगा।

### घूस देकर मान्यता लेने का अस्पताल पर आरोप

सूत्रों के अनुसार जिन 5 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। इन अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के तहत खुद को सूचीबद्ध कराने घूस का सहारा लिया था। बताया जाता है कि 10 से 15 लाख रुपए देकर एक-एक अस्पताल ने खुद को सूचीबद्ध कराया था। अस्पतालों के इस फर्जीवाड़े में आयुष्मान कार्यालय के दो कर्मचारी भी लिप्त पाए गए हैं। इनमें आयुष्मान के सीईओ के पीए छोटेलाल और आयुष्मान मित्र संदीप सिंह को हटा दिया गया है। जबकि एक अन्य अधिकारी इंद्रजीत सिकरवार के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

# मध्यम वर्ग के हाथों में 'अधिक पैसा' पहुंचाने के लिए कर प्रणाली को और सरल बनाया जाए, ताकि राहत मिल सके

## सिंगल विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाया जाए और व्यापारियों को सस्ते ऋण की सुविधा के साथ सब्सिडी दी जाए




वाणिज्य प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

केंद्रीय बजट 2026-27 एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार 1 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे बजट पेश करेंगी। यह न केवल उनका लगातार नौवां बजट होगा, बल्कि 2017 के बाद ऐतिहासिक रूप से पहली बार रविवार को बजट पेश किया जाएगा।

आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर टैक्स सलाहकारों, विशेषज्ञों और उद्योग जगत की काफी उम्मीदें हैं। मांग की जा रही है कि व्यक्तिगत आयकर में राहत, मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसा पहुंचाने और कर प्रणाली को सरल बनाया जाए।

### नई आयकर व्यवस्था भी करती है भारी भ्रम पैदा

नई आयकर व्यवस्था भी भारी भ्रम पैदा करती है। एक पुरानी आयकर व्यवस्था है और एक नई आयकर व्यवस्था है। नई और पुरानी को मिलाकर एक ऐसी कर व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो लोगों को आसानी से समझ में आए। दरों को भी तर्कसंगत बनाने की जरूरत है। स्लैब 3 से ज्यादा होने ही नहीं चाहिए। नई आयकर व्यवस्था में 6 टैक्स स्लैब हैं। इसमें 4 लाख रुपए तक सालाना टैक्सेबल इनकम पर कोई टैक्स नहीं है। 4 से 8 लाख रुपए तक सालाना टैक्सेबल इनकम पर 5 प्रतिशत, 8 से 12 लाख रुपए तक पर 10 प्रतिशत, 12 लाख से 16 लाख रुपए तक पर 15 प्रतिशत, 16 से 20 लाख रुपए तक पर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक पर 25 प्रतिशत और 24 लाख रुपए से ऊपर की सालाना टैक्सेबल इनकम पर 30 प्रतिशत टैक्स है।

### समाधान योजना या अपीलों की शीघ्र सुनवाई प्रक्रिया में बदलाव की व्यवस्था हो

टैक्स सलाहकारों का कहना है कि आयकर में फेसलेस अपील प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद वर्षों से अपीलें सुनवाई के लिए लंबित हैं जिसमें सरकार का करोड़ों का रेवेन्यू अटका हुआ है एवं व्यापारी भी परेशान है,बजट में कोई समाधान योजना या अपीलों की शीघ्र सुनवाई के लिए प्रक्रिया में बदलाव की व्यवस्था लाना चाहिए। अर्थव्यवस्था में सुधार के कारण सरकार का रेवेन्यू टारगेट पूरा हो रहा है अतः करदाता के ऊपर सरकार को कर का बोझ कम करना चाहिए सरचार्ज के कारण उच्च आय वर्ग को बहुत अधिक कर का भुगतान करना पड़ता है। वेतन भोगी करदाताओं के लिए मकान किराए की छूट के जो प्रावधान वर्तमान में है उनमें बढ़ोतरी की जानी चाहिए क्योंकि सभी शहरों में मकान किराए बहुत ज्यादा बढ़ चुके हैं, पुरानी लिमिट से कर्मचारियों को बहुत ज्यादा फायदा नहीं होता है।

### पुराने और नए टैक्स सिस्टम को मिलाकर सरल कर ढांचा बनाने की है जरूरत

नई आयकर व्यवस्था को मिलाकर एक सरल टैक्स स्ट्रक्चर बनाया जाना चाहिए और स्लैब 3 से ज्यादा नहीं होने चाहिए। अर्थव्यवस्था में जरूरी वृद्धि के लिए निवेश आवश्यक है। ऐसे में निवेश के प्रमुख स्रोत घरेलू बचत को बढ़ावा देने के उपाय किए जाने चाहिए।

### विकास को गति देने वाला बजट पेश हो

केंद्रीय बजट से आम करदाताओं को उम्मीद है सरकार उनकी समस्याओं के



समाधान का प्रयास करेगी साथ ही विकास को गति देने वाला बजट पेश करेगी। जहां तक आयकर कानून की बात है इसमें मिनिमम लिमिट जो की वर्तमान में 4 लाख रुपए है को बढ़ाने की मांग है। जीएसटी की लिमिट भी 20 लाख सर्विस सेक्टर के लिए एवं 40 लाख गुड्स सेक्टर के लिए है जो कि 2017 से यथावत है इसे भी बढ़ाने की मांग है। वस्तुओं एवं सर्विसेस की कीमतों में वृद्धि के कारण यह लिमिट बढ़ाया जाना अति आवश्यक है। नये आयकर कानून में पार्टनर को मिलने बाले व्याज एवं वेतन पर टीडीएस के प्रोविजन में भी संशोधन की अपेक्षा है।

**सीए राजेश जैन** वरिष्ठ कर सलाहकार

### इज ऑफ डूइंग बिजनेस सिर्फ कागजी तौर पर ही प्रभावी दिखता है



*विकसित भारत 2047 का लक्ष्य ध्यान में रखते हुए इस बार फोकस स्वदेशी उत्पाद मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट, डिफेंस सेक्टर, ग्रीन एनर्जी, कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण, पीएम गति शक्ति योजना पर होना चाहिए। सरकारी दावों के बावजूद व्यापारी वर्ग यह मानता है कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस सिर्फ कागजी तौर पर ही प्रभावी दिखता है। सरकार से यह अपेक्षा की जा रही है कि सिंगल विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाया जाए तथा व्यापारियों को सस्ते ऋण की सुविधा ब्याज सब्सिडी उपलब्ध कराई जाए।*

**श्रीमती आस्था वैश्य,** चार्टर्ड अकाउंटेंट, भोपाल

### व्यापारी एवं कर सलाहकारों के ऊपर अनुपालन का बोझ बहुत

*वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा आयकर में तकनीक के प्रयोग के कारण कर चोरी की*



*जानकारी प्राप्त करना आसान हो गया है इसलिए स्क्रूटनी के नोटिस कम आ रहे हैं परंतु व्यापारी एवं कर सलाहकारों के ऊपर अनुपालन का बोझ बहुत बढ़ा दिया गया है, स्रोत पर कर की कटौती नए-नए क्षेत्रों पर लागू कि जा रही है जिस कारण व्यापारियों की कार्यशील पूंजी भी फंसती है एवं अनुपालन की लागत भी बढ़ती है इसे कम किया जाना चाहिए। नई कर प्रणाली में बचत का प्रोत्साहन समाप्त कर दिया गया है इस कारण युवा पीढ़ी में बचत की आदत खत्म होती जा रही है जो की हमारे देश की परिस्थिति के अनुसार सही नहीं है नौकरी पेशा वर्ग को बुरे समय में बचत से बहुत राहत मिलती है।*

**एडवोकेट मृदुल आर्य**
*अध्यक्ष, टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल*

---

## खबर संक्षेप

### रेनो ने की प्रतिष्ठित डस्टर की वापसी

**चेन्नई** । रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी रेनो इंडिया ने नई रेनो डस्टर का अनावरण किया। यह



एक ऐसी नेमप्लेट की वापसी है जिसने देश में मिड-साइज एसयूवी कैटेगरी की स्थापना में उल्लेखनीय योगदान दिया था। नई रेनो डस्टर में भारतीय एसयूवी खरीददारों के लिए महत्वपूर्ण पहलुओं- डिजाइन, पावरट्रेन टेक्नोलॉजी, सुरक्षा एवं स्वामित्व के अनुभव- को बरकरार रखा गया है। नई रेनो डस्टर का अनावरण उद्योग जगत में पहली बार एक अनूठे कार्यक्रम में हुआ, जहां डस्टर कम्युनिटी के गैंग के साथ 15000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए।

### ऋण संगोष्ठी स्टेट फोकस पेपर का विमोचन आज

**भोपाल।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) प्रति वर्ष प्रत्येक जिले के लिए संभागायुक्त ऋण योजना बनाता है। इन योजनाओं को समेकित कर स्टेट फोकस पेपर बनाया जाता है। इसका उद्देश्य राज्य सरकार एवं बैंकर्स के एकजुट प्रयास से प्राथमिकता क्षेत्र का दीर्घकालिक, सम्यक एवं समन्वित विकास करना हैं। वर्ष 2026-27 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के लिए संभावित साख अथवा ऋण का आकलन 3.75 लाख करोड़ रुपए किया गया है जिसके आधार पर एसएलबीसी द्वारा उक्त वर्ष के लिए वार्षिक साख योजना तैयार की जाएगी।

### आरसीबी महिला टीम से हिमालया ने हाथ मिलाया

**भोपाल।** भारत के नंबर 1 फेस वॉश ब्रांड हिमालया वेलनेस ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर वन डरवुमन अकादमी का अनावरण किया। यह शुरुआत वन डरवुमन पहल की गति को आगे बढ़ाते हुए, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से उबरने में सहायता करती है और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए प्रेरित करती है। यह प्लेटफॉर्म युवा लड़कियों और उनकी पसंदीदा महिला क्रिकेटरों के बीच की दूरी को कम करणे के लिए तैयार किया गया है। जहां वे 100 स्कॉलरशिप में से किसी एक को पाने का अवसर हासिल कर सकती हैं।

### आईएचसीएल की पहल 'पथ्य' पर आधारित

**मुंबई।** इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) की पहल पथ्य को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट , लूजान, स्विटज़रलैंड की एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल किया गया है। यह स्टडी सस्टेनेबिलिटी के लिए आईएचसीएल के संरचित तरीके और व्यापार रणनीतिक में इसके एकीकरण की पड़ताल करती है। आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव पोखरियाल ने कहाकि हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अग्रदूत के तौर पर आईएचसीएल ने इस क्षेत्र में कई मानक स्थापित किए हैं। 2030 के लक्ष्यों की ओर सार्थक रूप से आगे बढ़ते हुए उल्लेखनीय तरक्की की है।

---

## भोपाल सराफा में सोना 185500 रु. दस ग्राम, चांदी 390000 रु. किलो

# दोनों बहुमूल्य धातु बेकाबू : चांदी पहुंची 4 लाख 7 हजार के स्तर पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

> शुरू माह से अब तक चांदी 112500 रुपए और सोना 48200 रुपए हुआ महंगा

वायदा कारोबार में सोने-चांदी के भाव बेकाबू है। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 4 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई, जबकि सोने का भाव 1.85 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। स्थानीय सराफा कारोबारियों के अनुसार स्थानीय सराफा चौक बाजार मे शुरू जनवरी माह से अब तक चांदी 112500 रुपए किलो महंगी हुई तो सोना 48200 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा होकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को सोना 24 कैरेट 137300 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 277500 रुपए किलो थी जो उछलकर गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में सोना 185500 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 390000 रुपए किलो बोली गई। जबकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी के मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों का वायदा भाव 4,07,456 रुपए प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। तो सोने के वायदा भाव 1,80,501 रुपउ प्रति 10 ग्राम के पार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।



### ज्वेलर्स ने ऊंचे दाम होने से सोने-चांदी की खरीदी बंद की

श्रीभोपाल सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के अनुसार सोने-चांदी की कीमत थमने का नाम ही नहीं ले रही है। सोने-चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण ज्वेलर्स ने दोनों बहुमूल्य धातुओं की खरीदी बंद कर दी है। कीमत में बढ़ोतरी की वजह से ग्राहकों ने सोने की खरीदारी रोक दी है। पुराने गहनों को ही बदल कर नई जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

### हस्तक्षेप करे सरकार

बाजार जानकारों की मांग है कि सरकार सोने और चांदी की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए तुरंत कदम उठाए। इसके लिए जीएसटी में कटौती, आयात शुल्क में संशोधन और जमाखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी है। उनका कहना है कि सोने और चांदी की बढ़ती कीमतें केवल आभूषणों की नहीं, बल्कि आम लोगों की जीवनशैली और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित कर रही हैं।

### सोना-चांदी की कीमतों से महिलाएं परेशान कैसे होंगी शादियां?

देश में सोना और चांदी की कीमतें असाधारण रूप से बढ़ गई हैं, जिससे ग्रामीण भारत खासकर महिलाओं और विवाह योग्य परिवारों पर भारी आर्थिक दबाव पड़ा है। पिछले 13 महीनों में चांदी की कीमतों में 306 फीसदी और सोने की कीमतों में 111फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस तेजी ने आम परिवारों की बचत और सामाजिक सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। ग्रामीण भारत में सोना और चांदी सिर्फ आभूषण नहीं हैं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, आत्मसम्मान और पारिवारिक भविष्य से जुड़े अहम प्रतीक माने जाते हैं। लेकिन इनकी बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है।

---

## सुझाव पर अमल कर किसान-व्यापारियों के हित में बनाने की होगी कोशिश : चौहान

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज से मिला ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

### पेस्टिसाइड मैनेजमेंट बिल और प्रस्तावित नए सीड एक्ट के प्रावधानों पर की चर्चा, आपत्तियां एवं सुझाव दिए

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पेस्टिसाइड मैनेजमेंट बिल और प्रस्तावित नए सीड एक्ट के प्रावधानों पर चर्चा की और संगठन के सदस्यों की ओर से आपत्तियां एवं सुझाव प्रेषित किया।

इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया है कि वह सुझाव पर पूर्ण रूप से विचार करते हुए अमल करके इसे किसानों के साथ-साथ व्यापारियों के हित में भी बनाने की कोशिश करेंगे। मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने बताया कि संगठन की ओर से जब प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों, निर्माता कंपनी, आयातक , डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर को एक ही श्रेणी में रखे जाने की सस्याएं केंद्रीय कृषि मंत्री के समक्ष रखी गई तो है उन्होंने कहाकि हम इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं और भविष्य में इसे अलग-अलग करके देखेंगे। इस दरमियान सेक्रेटरी देवेश चतुर्वेदी बैठक में प्रमुख रुप से मौजूद रहे।



### साथी एप जबरन थोपा नहीं जाएगा, डीलर को प्रशिक्षण के लिए दिया जाएगा उचित समय

प्रदेश अध्यक्ष राजपूत और ने बताया कि वहीं दूसरी ओर ज्वॉइंट सेक्रेटरी प्लांट प्रोटेक्शन मुक्तानंद अग्रवाल से प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने कहा कि पेस्टिसाइड बिल में हम सुझाव को सम्मिलित करेंगे और इसमें कही भी तकलीफ हो ऐसा कार्य नही होने देंगे। साथी एप के बारे में साथी एप के निदेशक प्रभाकरंजी के साथ हुई मुलाकात में उन्होंने कहा साथी एप कभी भी जबरन थोपा नही जाएगा । उसके लिए डीलर को प्रशिक्षण लेने के लिए समय दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री , मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मानसिंह राजपूत, महाराष्ट्र के महासचिव विपिन कासलीवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आबा साहेब भोखरे एवं गंजबसोदा के सीनियर डीलर देवेंद्र वर्मा आदि भी उपस्थित थे।

---

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटीयू स्कूल ऑफ फार्मेसी में एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन




**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा बी.फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक एक्सपर्ट लेक्चर का सफल आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोफेशनल एक्सीलेंस, इनोवेशन एवं वेलनेस के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एके सिंघई, डायरेक्टर, स्कूल ऑफ फार्मेसी एवं डीन एकेडमिक्स, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी द्वारा स्वागत भाषण एवं अतिथियों को पौधारोपण कर के की गई। इस अवसर पर के. सुब्रमणियन, पूर्व वाइस प्रेसिडेंट, स्यूचर्स इंडिया प्रा. लि., बेंगलुरु ने अपने व्यावसायिक अनुभव साझा करते हुए फार्मास्युटिकल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं गीता सुब्रमणियन, योग प्रशिक्षक ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं समग्र जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्य एवं प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस व्याख्यान से विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं प्रोफेशनल लाइफ बैलेंस की महत्वपूर्ण सीख मिली।

### श्याम मेटालिक्स ने मप्र में शुरू किया वैन एक्टिवेशन अभियान

**भोपाल।** श्याम मेटालिक्स का प्रमुख टीएमटी ब्रांड एसईएल टाइगर टीएमटी बार्स एक केंद्रित क्षेत्रीय विस्तार रणनीति के तहत मध्य प्रदेश में अपनी पकड़ को मजबूत कर रहा है, जिससे राज्य को कंपनी के राष्ट्रीय व्यवसाय रोडमैप में एक प्रमुख विकास चालक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। कंपनी ने मध्य प्रदेश के प्रमुख जिलों में एक बड़े पैमाने पर वैन एक्टिवेशन अभियान शुरू किया है। यह अभियान भोपाल, इंदौर, नीमच, मुरैना, मंदसौर, रतलाम, धार, राजपुर, उज्जैन, सेंधवा, बैतूल, सागर, सतना, गुना, रीवा, देवास, पन्ना, जबलपुर, कटनी, टीकमगढ़ और छतरपुर तक फैला हुआ है, जिसमें स्थापित बाजारों के साथ-साथ उभरते निर्माण केंद्र भी शामिल हैं। श्याम मेटालिक्स की एसईएल टाइगर टीएमटी बार्स भरोसेमंद गुणवत्ता, समय पर आपूर्ति और सख्त उत्पादन मानकों के साथ इस मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह सक्षम है, जिससे निजी और संस्थागत दोनों परियोजनाओं में विश्वास अर्जित हुआ है। मध्य प्रदेश एसईएल टाइगर टीएमटी बार्स के लिए एक अहम बाजार बनकर उभरा है, जहां आवासीय निर्माण, सरकारी नेतृत्व वाले बुनियादी ढांचा विकास, और वाणिज्यिक एवं संस्थागत निर्माण में स्थिर वृद्धि से मांग को बल मिल रहा है।




### सीडीएसएल आईपीएफ का छात्रों और सदस्यों के लिए निवेशक जागरुकता कार्यक्रम

**भोपाल** । सीडीएसएल इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फंड (सीडीएसएल आईपीएफ) ने ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, भोपाल द्वारा आयोजित 'एसटीपीआई इंडस्ट्रियल विजिट' के दौरान 'पूंजी बाजार और डिपॉजिटरी सेवाओं का परिचय' विषय पर एक निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह सत्र छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए तैयार किया गया था, जिसका उद्देश्य प्रतिभूति बाजार के पारिस्थितिकी तंत्र की आधारभूत समझ विकसित करना था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिभूति बाजारों के कामकाज, डिपॉजिटरी सेवाओं की भूमिका और सूचित व सुरक्षित निवेश निर्णय लेने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र के दौरान व्यावहारिक व्याख्याओं और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से निवेशक जागरूकता के प्रमुख पहलुओं को समझाया गया।

### हिंदुस्तान जिंक ने वेदांता मेटल बाजार पर जिंक मूल्य लांच किया

**नई दिल्ली।** हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपने प्रमुख मेटल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, वेदांता मेटल बाजार पर जिंक मूल्य नामक भारतीय रूपयों में लाइव प्राइसिंग मॉड्यूल लॉन्च करने की घोषणा की। मेटल प्राइसिंग तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया, जिंक मूल्य पूरे भारत में बिजनेस, विशेष रूप से एमएसएमई और छोटे-वॉल्यूम खरीदारों को वैश्विक बेंचमार्क के अनुरूप, भारतीय रुपये में पारदर्शी, रियल-टाइम मेटल कीमतें देखने, बुक करने और लॉक करने में सक्षम बनाता है, जो एक अधिक समावेशी, डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर औद्योगिक इकोसिस्टम बनाने के लिए हिन्दुस्तान ज़िंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

# एक साल में 43 लाख से ज्यादा कौशल विकास अप्रेंटिस जोड़े गए: आर्थिक सर्वेक्षण

## देशभर में 1,000 सरकारी आईटीआई होंगे अपग्रेड

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

केंद्र सरकार युवाओं के कौशल विकास पर तेजी से काम कर रही है। देश में इस समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, नवीकरणीय ऊर्जा और 3डी प्रिंटिंग जैसे भविष्य-कौशल पाठ्यक्रम तेजी से फैल रहे हैं। यह जानकारी वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में दी।

सर्वेक्षण में बताया गया है कि अब तक कुल 169 अलग-अलग व्यवसायिक और तकनीकी क्षेत्रों (ट्रेड्स) में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिनमें 31 ऐसे पाठ्यक्रम शामिल हैं जो भविष्य की तकनीकों से जुड़े हैं। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स, नवीकरणीय ऊर्जा और 3डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ये कोर्स देशभर के आईटीआई और राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ाए जा रहे हैं।

### सरकार ने बनाई यह योजना

सरकार ने आने वाले समय में देशभर में संचालित 1,000 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। इनमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई होंगे। इन्हें स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब और डिजिटल सामग्री से लैस किया जाएगा ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बेहतर हो और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कोर्स तैयार किए जा सकें। सर्वेक्षण में बताया गया कि उद्योग को सीधे प्रशिक्षण और पाठ्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 4.0) के तहत डिजिटल तकनीक, ग्रीन एनर्जी, स्वास्थ्य सेवा, आधुनिक कृषि, वित्तीय सेवाएं और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों पर खास ध्यान दिया जा रहा है। रोजगार मेले और राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। देश में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) के तहत अब तक 43.47 लाख अप्रेंटिस 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जुड़े हैं। इसमें 51,000 से ज्यादा प्रतिष्ठानों की भागीदारी रही है और महिला भागीदारी 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

# आईओसी और अकासा एयर के बीच एसएएफ आपूर्ति को लेकर साझेदारी

एजेंसी ⏩ हैदराबाद

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने अकासा एयर के साथ विंग्स इंडिया 2026 के अवसर पर सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ ) की संभावित आपूर्ति को लेकर एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए। इस आशय पत्र का उद्देश्य दोनों कंपनियों के बीच एक सहयोगात्मक ढांचा विकसित करना है, जिसके माध्यम से अकासा एयर के सस्टेनेबिलिटी और कार्बन न्यूट्रलिटी लक्ष्यों को समर्थन दिया जा सके। इसके तहत भविष्य में एसएएफ की आपूर्ति की संभावनाओं का आकलन किया जाएगा। इस अवसर पर आईओसी के कंट्री हेड (एविएशन बिजनेस) शैलेश धर ने कहा कि यह आशय पत्र कम-कार्बन ईंधनों को बढ़ावा देने और हमारे ग्राहकों को ऊर्जा संक्रमण की दिशा में सहयोग देने की



हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ईंधन उत्पादन, आपूर्ति और लॉजिस्टिक्स में अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से हम एसएएफ के शुरुआती उपयोग को सक्षम बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे। एलओआई के अंतर्गत, दोनों कंपनियाँ संभावित एसएएफ आपूर्ति मात्रा, डिलीवरी स्थान, समयसीमा, तथा स्वीकृत सतत कच्चे माल और उत्पादन प्रक्रियाओं के उपयोग का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करेंगी। यह साझेदारी भारत के विमानन क्षेत्र में हरित और सतत भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# एयरटेल अब 36 करोड़ भारतीयों को नि:शुल्क उपलब्ध करा रही एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

भारती एयरटेल अब अपने 36 करोड़ ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करा रही है। एडोबी एक्सप्रेस एक तेज, आसान और हर तरह की डिज़ाइन जरूरतों को पूरा करने वाला एप है, जिसे अब पूरे भारत में एयरटेल के ग्राहक इस्तेमाल कर सकेंगे।

यह ऐतिहासिक और अपनी तरह की पहली साझेदारी एयरटेल के सभी ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम इस्तेमाल करने की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे वे हाई क्वालिटी वाली सोशल मीडिया एसेट्स, मार्केटिंग कंटेंट, शॉर्ट वीडियो और किसी भी प्रकार के डिज़ाइन को तेज़ी से और सहज तरीके से तैयार कर सकेंगे। लगभग रु 4,000 मूल्य वाला एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम अब एक वर्ष के लिए निशुल्क उपलब्ध होगा। इसके साथ एयरटेल के सभी ग्राहक अपनी रचनात्मक क्षमताओं को खुलकर अभिव्यक्त कर सकेंगे और पेशेवर स्तर का कंटेंट तैयार कर सकेंगे, चाहे उनका डिजाइनिंग का अनुभव किसी भी स्तर का हो। कंपनी के सीईओ - कनेक्टेड होम्स एंड डायरेक्टर सिद्धार्थ शर्मा ने कहाकि यह साझेदारी केवल तकनीक तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य लाखों भारतीयों को अत्याधुनिक एआई टूल्स के माध्यम से सशक्त बनाना है, ताकि वे सृजन और नवाचार कर सकें। एडोबी डिजिटल के प्रेसिडेंट डेविड वाधवानी ने कहाकि हम एडोबी एक्सप्रेस के माध्यम से हर व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे आसानी से कुछ भी बना सकें।

चिंतन

# शैक्षिण संस्थानों को जातीय भेदभाव से दूर रखा जाए

सुप्रीम कोर्ट द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर रोक लगाना केवल एक कानूनी हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था के मूल उद्देश्यों पर पुनर्विचार का भी संकेत है। शीर्ष अदालत ने सख्त नसीहत देते हुए साफ शब्दों में कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को जातीय और भाषाई भेदभाव से दूर रखा जाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य समाज को जोड़ना है, न कि उसे वर्गों में बांटना। यूजीसी द्वारा 13 जनवरी को अधिसूचित नए नियमों का उद्देश्य कथित तौर पर भेदभाव की शिकायतों से निपटना था, लेकिन देशभर में इसके विरोध ने यह सवाल खड़ा कर दिया कि क्या इन प्रावधानों से समस्या सुलझेगी या और जटिल होगी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या शामिल थे, ने माना कि नियमों के प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर कोर्ट ने अगले आदेश तक इन पर रोक लगा दी और 2012 के पुराने नियमों को लागू रखने का निर्देश दिया। अदालत की सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी जातीय आधार पर समितियों के गठन को लेकर आई। कोर्ट ने चेताया कि शैक्षणिक संस्थानों में जातीय आधारित कमेटियां बनाना खतरनाक असर डाल सकता है। शिक्षा का माहौल ऐसा होना चाहिए, जहां छात्र अपनी पहचान के बजाय अपनी योग्यता और परिश्रम के आधार पर आगे बढ़ें। यदि संस्थानों के भीतर ही जातीय पहचान को औपचारिक रूप से रेखांकित किया जाएगा तो यह अनजाने में ही विभाजन और प्रतिस्पर्धा को जन्म दे सकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ताओं जिनमें मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान शामिल हैं, ने नए नियमों को जनरल कैटेगरी के छात्रों के प्रति भेदभावपूर्ण बताया। यह तर्क अपने आप में संवेदनशील है, क्योंकि भारत की आरक्षण नीति और सामाजिक न्याय की बहस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह जरूर कहा कि शिक्षा का अधिकार सबका समान है और सवर्ण तथा गैर-सवर्ण जैसी श्रेणियों में छात्रों को बांटना शिक्षा के मूल भाव के खिलाफ है। अदालत ने भाषाई भेदभाव का मुद्दा भी उठाया, जो अक्सर शिक्षा व्यवस्था में अनदेखा रह जाता है। भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषा के आधार पर भेदभाव की संभावना वास्तविक है। यदि शैक्षणिक संस्थानों में भाषा को भी पहचान और प्रभुत्व का औजार बना दिया जाए तो यह समान अवसर की अवधारणा को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एक-दूसरे पर हावी होने की रणनीति किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक चेतना का विस्तार करना है, न कि समाज में पहले से मौजूद खाइयों को और गहरा करना। हालांकि, यह भी सच है कि जातीय भेदभाव की शिकायतें वास्तविक हैं और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रश्न यह नहीं है कि भेदभाव से कैसे निपटा जाए। यदि नियम अस्पष्ट होंगे या अत्यधिक पहचान-आधारित ढांचे पर टिके होंगे, तो वे समाधान से ज्यादा समस्या पैदा कर सकते हैं। इसी संतुलन की तलाश में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नया ड्राफ्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप याद दिलाता है कि शिक्षा नीति केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि समाज के भविष्य की दिशा तय करने वाला उपकरण है। ऐसे में इसका हर शब्द, हर प्रावधान, अत्यंत सोच-समझकर तय किया जाना चाहिए।



बजट
महेन्द्र तिवारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार नौवां आम बजट पेश करने जा रही हैं। यह केवल एक औपचारिक आर्थिक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि उस दौर का आईना होगा जिसमें आम आदमी महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य और भविष्य की अनिश्चितताओं के बीच संतुलन खोज रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत स्थिरता दिखाई है, लेकिन इसका सीधा लाभ हर घर तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। मध्यम वर्ग, जो कर व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, आज सबसे अधिक अपेक्षाएं लगाए बैठा है। यदि इसमें उम्मीदों और यथार्थ के बीच संतुलन बना, तो यह केवल नौवां बजट नहीं, बल्कि विश्वास का दस्तावेज बन सकता है।

# उम्मीदों व यथार्थ के बीच संतुलन जरूरी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को लगातार नौवां आम बजट पेश करने जा रही हैं। यह केवल एक औपचारिक आर्थिक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि उस दौर का आईना होगा जिसमें आम आदमी महंगाई, रोजगार, स्वास्थ्य और भविष्य की अनिश्चितताओं के बीच संतुलन खोज रहा है। यह अवसर ऐतिहासिक भी है, क्योंकि वह मोरार जी देसाई के दस बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता बनी हुई है, विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों का दबाव है, एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती दिख रही है और युद्धों के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित है, भारत का यह बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि भरोसे का दस्तावेज होना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत स्थिरता दिखाई है, लेकिन इसका सीधा लाभ हर घर तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। मध्यम वर्ग, जो कर व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, आज सबसे अधिक अपेक्षाएं लगाए बैठा है। यह वर्ग केवल कर में छूट नहीं चाहता, बल्कि जीवन की बुनियादी जरूरतों में राहत चाहता है। वेतनभोगी परिवारों के लिए बढ़ती किस्तें, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य बीमा और मकान का सपना लगातार महंगा होता जा रहा है।

ऐसे में उम्मीद है कि कर कटौती की सीमा बढ़े, ताकि हाथ में बचने वाली आय से रोजमर्रा का जीवन थोड़ा आसान हो सके। केवल आयकर की दरों में बदलाव ही नहीं, बल्कि मकान ऋण पर मिलने वाली ब्याज छूट को बढ़ाने से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल सकता है। आज शहरों में एक साधारण घर भी मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर होता जा रहा है, ऐसे में सस्ते आवास को प्रोत्साहन देना सामाजिक स्थिरता के लिए भी जरूरी है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम आदमी की चिंता और भी गहरी है। बीमारी आज केवल शारीरिक संकट नहीं, बल्कि आर्थिक आपदा बन जाती है। निजी अस्पतालों की बढ़ती लागत और बीमा प्रीमियम ने मध्यम और निम्न आय वर्ग को डरा रखा है। यदि स्वास्थ्य बीमा पर कर में अधिक छूट मिले, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष प्रावधान हों और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का दायरा बढ़े तो यह बजट वास्तव में जीवन रक्षक साबित हो सकता है। आयुष आधारित उपचार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की मजबूती और दवाओं की सस्ती उपलब्धता जैसे कदम आम परिवार के लिए राहत की सांस होंगे। ग्रामीण भारत और किसान इस देश की अर्थव्यवस्था की नींव हैं। आधी से अधिक आबादी आज भी खेती और उससे जुड़े कामों पर निर्भर है, लेकिन आय की अनिश्चितता और बढ़ती लागत ने किसान को असुरक्षित बना दिया है। किसानों को मिलने वाली प्रत्यक्ष सहायता राशि में वृद्धि, सस्ते ऋण की सीमा बढ़ाना और फसल बीमा को अधिक पारदर्शी तथा त्वरित बनाना समय की मांग है। सिंचाई परियोजनाओं में बड़े निवेश से न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि गांवों में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। जब गांव मजबूत होंगे, तभी शहरों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा और सामाजिक संतुलन बना रहेगा। लघु और



मध्यम उद्योगों की भूमिका भी इस बजट में केंद्र में रहनी चाहिए। ये उद्योग लाखों लोगों को रोजगार देते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। आसान ऋण, सरल कर व्यवस्था और तकनीकी सहायता से ये इकाइयां आत्मनिर्भर बन सकती हैं। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को प्रोत्साहन देने से सामाजिक बदलाव भी आएगा।

गांव और कस्बों में यदि छोटे उद्योग फलते-फूलते हैं, तो पलायन रुकेगा और स्थानीय विकास को नई दिशा मिलेगी। महिलाएं और युवा किसी भी देश के भविष्य की असली पूंजी होते हैं। महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाना केवल सामाजिक न्याय का प्रश्न नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति की भी शर्त है। स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों और कौशल प्रशिक्षण योजनाओं को यदि मजबूत समर्थन मिले तो महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की सहभागी बनेंगी। युवाओं के लिए रोजगार सृजन सबसे बड़ी चुनौती है। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी नौकरी न मिलना आज लाखों युवाओं की हकीकत है। यदि बजट में प्रशिक्षु कार्यक्रम, नई नौकरियों के लिए प्रोत्साहन और नवाचार आधारित उद्यमों को सहायता मिले तो यह निराशा उम्मीद में बदल सकती है। शिक्षा पर निवेश लंबे समय का निवेश होता है। विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणवत्ता सुधारना आवश्यक है। व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा को समाज की मुख्यधारा में लाने से युवाओं को रोजगार योग्य बनाया जा सकता है। डिजिटल माध्यमों से दूरदराज के क्षेत्रों तक शिक्षा पहुंचाने से ग्रामीण और शहरी बच्चों के बीच की खाई कम होगी। जब शिक्षा सशक्त होगी, तभी जनसंख्या का लाभ वास्तविक आर्थिक शक्ति में बदलेगा। स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे पर खर्च किसी भी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। अस्पताल, डॉक्टर, जांच सुविधाएं और चिकित्सा उपकरण यदि सुलभ होंगे तो जनता का भरोसा मजबूत होगा। इसी तरह सड़क, रेल, हवाई संपर्क और ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश से न केवल रोजगार पैदा होते हैं, बल्कि पूरे देश की उत्पादकता बढ़ती है। स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल योजनाओं से आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य तैयार किया जा सकता है। जब घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पहुंचेगी। इससे बिजली का खर्च घटेगा और प्रदूषण भी कम होगा। निर्मला सीतारमण के पिछले बजटों में नीति की निरंतरता दिखी है। बड़े सुधारों के साथ-साथ स्थिरता बनाए रखने की कोशिश रही है। इस बार भी उनसे यही अपेक्षा है कि वे विकास और जनकल्याण के बीच संतुलन साधें। आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब उसका असर आम आदमी की थाली, जेब और भविष्य की सुरक्षा पर दिखे। विदेशी निवेश, निर्यात और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है, लेकिन साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि लाभ केवल चुनिंदा वर्गों तक सीमित न रह जाए। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी पूरी होगी, जब गांव का किसान, शहर का मजदूर, मध्यम वर्ग का कर्मचारी, महिला उद्यमी और पढ़ा-लिखा युवा सभी खुद को इस विकास यात्रा का हिस्सा महसूस करें। यह बजट केवल सरकार की मंशा का नहीं, बल्कि देश की दिशा का संकेत देगा। यदि इसमें उम्मीदों और यथार्थ के बीच संतुलन बना, तो यह केवल नौवां बजट नहीं, बल्कि विश्वास का दस्तावेज बन सकता है। आम आदमी आज चमत्कार नहीं, बल्कि ईमानदार कोशिश चाहता है। अगर यह कोशिश दिखाई दी तो 2047 के सपने की राह और भी स्पष्ट हो जाएगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्वदेशी सामानों के उपयोग के समर्थक थे महात्मा गांधी

समाज को सामाजिक-पारिवारिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाने का संदेश देने के साथ ही महात्मा गांधी ने देश की आर्थिक सबलता को भी महत्वपूर्ण माना था। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का भाव उनके विचारों का ही नहीं, व्यवहार का भी हिस्सा रहा। आर्थिक सबलता और आत्मनिर्भरता के इसी लक्ष्य को पाने के लिए उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के समय स्वदेशी सामानों को अपनाने का मंत्र दिया था। अपने देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देकर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का उनका यह विचार आज के दौर में और भी प्रासंगिक लगता है। वस्तुतः, 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ' का नारा देते हुए गांधी जी रोजगार, स्वावलंबन और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए देश को सशक्त बनाना चाहते थे। गांधी ने स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से समाज के हर वर्ग से विदेशी वस्तुओं का परित्याग कर देश में बने उत्पादों के उपयोग का आग्रह किया था। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में आज स्वदेशी सामानों को अपनाने की इस राह पर चलने का संकल्प और जरूरी हो चला है। विकसित देशों की धमकियों और दबदबे से बाहर आने के लिए देशवासियों का देश में बने सामानों को समर्थन देना बहुत आवश्यक है। सुखद है कि बीते कुछ वर्षों से देश को आत्मनिर्भर बनाने वाली 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम बल भी पा रही है। प्रधानमंत्री मोदी कई अवसरों पर देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील करते रहे हैं। खासकर त्योहारी मौसम में हर भारतीय से 'मेड इन इंडिया' उत्पादों का उपयोग बढ़ाने का आग्रह रहा है। कुछ समय पहले देशवासियों को लिखे एक खुले पत्र में प्रधानमंत्री ने लिखा था कि 'हर बार जब आप अपने देश के कारीगर, मजदूर और उद्योगों द्वारा बनाए गए सामान खरीदते हैं तो आप न सिर्फ रोजगार को बढ़ावा देते हैं बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका भी सुरक्षित करते हैं। मैं दुकानदारों और व्यापारियों से अपील करता हूं कि वे 'मेड इन इंडिया' सामान ही बेचें और गर्व से कहें- जो खरीदेंगे वो स्वदेशी, जो बेचेंगे वो स्वदेशी। विचारणीय है कि स्वदेशी चीजों को अपनाना युवाओं का पलायन रोकने से लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने तक, कई पक्षों से गहराई से जुड़ा है। यह हर तरह से भारत की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने वाला भाव और झुकाव है। ज्ञात हो कि महिलाओं की एक बड़ी आबादी स्वदेशी उत्पाद बनाने वाले उपक्रमों से जुड़ी है। रोजगार हो या स्वरोजगार, देशी सामानों के उत्पादन से महिलाओं की बड़ी आबादी जुड़ी है। विशेषकर त्योहार मौसम में महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, सजावटी सामग्री और खाद्य पदार्थों की बिक्री सीधे-सीधे महिलाओं को फायदा पहुंचाती है। ध्यातव्य है कि हर वर्ष त्योहारों की श्रृंखला का समय देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यह रेखांकित करने योग्य है कि भारत की बेहतरी से जुड़े बदलाव के मोर्चे पर अब आमजन भी डटे दिखते हैं। अपने देश को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी सामानों की खरीद को प्राथमिकता दी जाने लगी है। जनमानस भारत में बनी चीजों को अपनाने के प्रति जागरूक हुआ है। अब त्योहारी मौसम में चीनी सामानों की बिक्री में भारी गिरावट के साथ 'मेड इन इंडिया' उत्पादों की लोकप्रियता का असर साफ नजर आता है।



साल-दर-साल स्थानीय कारीगरों और भारतीय कंपनियों के उत्पादों को खरीदने में लोगों की रुचि बढ़ रही है। विदेशी सामानों के बजाय देश में बने उत्पादों प्राथमिकता देने से स्थानीय लोगों को तो फायदा हुआ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है। ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और अर्थव्यवस्था को बल देने के मोर्चे पर बापू के विचार आज भी प्रासंगिक लगते हैं। निस्संदेह, महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन का मंत्र अपनाते हुए वैश्विक पटल पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई जा सकती है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया सकता है। आर्थिक सुधारों से जुड़ी इस मुहिम को देशवासियों की सरोकारी समझ का साथ मिलना सबसे जरूरी है। यह समझ संस्कृति को सहेजने और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने वाली है। सुखद है कि समय के साथ देश में बनी चीजों को खरीदने और उनके इस्तेमाल को लेकर गर्व का भाव भी आ रहा है। स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता देकर हर भारतीय देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दे सकता है। घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने और विदेशी आयात पर निर्भरता घटाने में हर भारतवासी एक अहम भूमिका निभा सकता है। जरूरी है कि गांधी द्वारा देखे गए आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हर नागरिक अपने दायित्वबोध को समझे।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निरंतर रूप से निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो। विवेकशील या विद्वान व्यक्ति की प्रतिस्पर्धा प्रायः स्वयं से होती है।

# शिव के अंशावतार हैं वीर हनुमान



संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### समाचार पत्रों का महत्त्व

हमारे देश में 29 जनवरी को, राष्ट्रीय समाचार पत्र दिवस मनाया जाता है। हमारे देश का पहला समाचार पत्र 29 जनवरी, वर्ष 1780 को प्रकाशित हुआ था। इसे हिक्कीज़ बंगाल गजट के नाम से जाना जाता था। राष्ट्रीय समाचार पत्र दिवस का मुख्य उद्देश्य समाचार पत्रों के महत्व और इसके उद्देश्य के प्रति जागरूकता और सम्मान देना भी है। आज न्यूज चैनलों की बाढ़ आ जाने के बावजूद हर कोई अखबार का इंतजार जरूर करता है। नेता हो, अभिनेता या फिर आमजन, हर कोई अखबार में ही खबर पढ़कर संतुष्ट होता है। देश की जनसंख्या का एक बहुत बड़ा हिस्सा समाचार पत्रों को अहमियत देता है। यह आमजन की मूलभूत समस्याओं को सत्ताधारियों तक पहुंचाने में भूमिका अदा करते हैं। स्वतंत्रता संग्रामों और आंदोलनों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी प्रेस ने मुख्य भूमिका निभाई थी। – *कमलेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### स्वदेशी हथियार हाइटेक

ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि हमारे स्वदेशी हथियार कितने एडवांस और हाइटेक हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रक्षा नवाचार आज हमारी फोर्सेस को और आधुनिक बना रहे हैं, जिससे हमारे युवा साथियों के लिए संभावनाओं का बहुत विस्तार हुआ है।



**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कम्प्लीट टूरिस्ट डेस्टिनेशन

हर्ष का विषय है कि जोधपुर ने पर्यटन के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 38 लाख से अधिक पर्यटकों के आगमन ने सिद्ध कर दिया है कि जोधपुर अब विश्व का नया 'कम्प्लीट टूरिस्ट डेस्टिनेशन' बन चुका है।



**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### यूजीसी के नियम

सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नए नियम पर रोक लगाने का फैसला उचित, जबकि देश में, इस मामले में सामाजिक तनाव आदि का वातावरण पैदा ही नहीं होता, अगर यूजीसी नए नियम को लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में ले लेती।



**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### घुसपैठियों को संरक्षण

ममता बनर्जी के पास 15 सालों के शासन के बाद बताने के लिए अपनी उपलब्धियां तक नहीं हैं। और तो और, अब वो रोहिंग्याओं व बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने के अपने कुकृत्य पर भी पर्दा डालना चाह रही हैं।



**-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर

# नेपाल के मुस्तांग में भारी बर्फबारी से ट्रेकिंग रोकी गई

नेपाल के मुस्तांग क्षेत्र में भारी बर्फबारी के कारण अधिक ऊंचाई वाले पांच मार्गों पर ट्रेकिंग को रोक दिया गया है। प्रशासन ने ट्रेकिंग करने वालों को इन पांच मार्गों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बर्फबारी के बाद, लोकप्रिय पर्यटन स्थल मुस्तांग को मनांग से जोड़ने वाले सरिबुंग दर्रे, मेसो कुन्डो दर्रे, थोरोंग ला दर्रे, मुस्तांग को डोलपा से जोड़ने वाले यक्खरक मार्ग और म्याग्दी और मुस्तांग को जोड़ने वाले धौलागिरी ट्रेकिंग मार्ग पर ट्रेकिंग रोक कर दी गई है। हर साल, हजारों लोग मुख्य रूप से मुक्तिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए बर्फ से ढके पहाड़ों के पास स्थित मुस्तांग जिले में आते हैं। ये रास्ते अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित हैं और बर्फबारी के दौरान बेहद जोखिम भरे माने जाते हैं। मुख्य जिला अधिकारी अजिता शर्मा ने बताया कि तीन पड़ोसी जिलों से मुस्तांग को जोड़ने वाले ट्रेकिंग मार्ग भारी बर्फबारी के कारण बेहद जोखिम भरे हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'हमें जानकारी मिली है कि कुछ ट्रेकिंग मार्गों पर चार फीट तक बर्फ जमा हो गई है। अगर पर्यटक फंस जाते हैं तो बचाव अभियान बेहद मुश्किल हो जाएगा।'



## ऑफ बीट

# मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है। हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं। आपकी कार्यशील मांसपेशियों को होने वाले अन्य लाभों के कारण संभवत: इसके बिना आपकी स्थिति और भी खराब हो जाएगी।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

एमपीआईडीसी द्वारा 5 करोड़ की लागत से पेंतीस हजार वर्ग मीटर में तैयार कराया जा रहा गार्डन

# औद्योगिक क्षेत्र बन रहे आधुनिक गार्डन कम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का 90 फीसदी काम पूरा, फरवरी में बनकर तैयार होने की जताई जा रही उम्मीद

नितेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) द्वारा मंडीदीप के औद्योगिक क्षेत्र में एक आधुनिक और भव्य गार्डन कम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 35 हजार वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में बन रहे इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 5 करोड़ रुपए है। यह कॉम्प्लेक्स न केवल स्थानीय निवासियों के लिए, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र के कारखानों में काम करने वाले श्रमिक एवं उनके परिवारजनों के लिए भी एक आदर्श मनोरंजन और खेल का केंद्र साबित होगा।

**हाईवे किनारे अनंत कंपनी के सामने हो रहा निर्माण :** औद्योगिक क्षेत्र मे यह गार्डन कम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाईवे किनारे, अनंत कंपनी के सामने बनाया जा रहा है। एमपीआईडीसी के अधिकारियों के अनुसार, 6 माह पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट को फरवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा है। यह कॉम्प्लेक्स शहर के लिए एक अनूठा और आकर्षक स्थल होगा, जहां लोग खेल, मनोरंजन और प्रकृति का आनंद एक साथ ले सकेंगे।


औद्योगिक क्षेत्र में बन रहा आधुनिक गार्डन कर्म स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स।


कॉम्प्लेक्स में सुंदरता के लिए लगाए जा रहे पौधे।

**प्रकृति और सौंदर्य का संगम खेल सुविधाओं के साथ-साथ**

*इस प्रोजेक्ट में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के साथ-साथ एक खूबसूरत गार्डन का निर्माण भी किया जा रहा है। गार्डन में हरे भरे पौधों के बीच मॉर्निंग वॉकर्स के लिए विशेष रूप से पाथवे बनाए गए हैं, जो सुबह की सैर को और भी सुखद बनाएंगे। इसके अलावा, विजिटर्स के लिए सिटिंग चेयर्स की व्यवस्था की जाएगी, ताकि लोग यहां बैठकर प्रकृति का आनंद ले सकें। गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए छोटे-छोटे वॉटरफॉल और फाउंटेन भी लगाए जाएंगे, जो इस स्थान को और भी आकर्षक बनाएंगे।*

### खेल सुविधाओं का केंद्र

इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट और क्रिकेट नेट्स जैसे खेलों की सुविधा होगी, जो युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए विशेष रूप से आकर्षक होंगे। इसके अलावा, अन्य आउटडोर और इनडोर खेलों के लिए भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे यह कॉम्प्लेक्स सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी होगा।

### समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने का प्रयास

एमपीआईडीसी के अधिकारी दिनेश चौधरी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और फरवरी तक इसे जनता के लिए खोल दिए जाने की उम्मीद है। वहीं विभाग के कार्यपालन यंत्री भावेश अग्रवाल बताते हैं कि यह प्रोजेक्ट मंडीदीप के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा, जो शहर को एक नई पहचान देगा।

**35 हजार वर्ग मीटर में बन रहा गार्डन कम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स**

मंडीदीप में करीब 5 करोड़ रु की लागत से 35 हजार वर्ग मीटर में बन रहा गार्डन कम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स न केवल खेल और मनोरंजन के लिए एक आदर्श स्थान होगा, बल्कि यह शहर के सौंदर्य और सामुदायिक जीवन को भी समृद्ध करेगा।

**विशाल चौहान,** ईडी, एमपीआईडीसी

---

## खबर संक्षेप




### नागर ने सड़क निर्माण कार्य के लिए सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में गुरुवार को भोजपुर विधानसभा के ग्राम दीवाटिया के युवा साथियों के साथ ग्राम दीवाटिया के मुख्य मार्ग से कब्रिस्तान तक की सड़क निर्माण के लिए जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में जनपद सीईओ के नाम ज्ञापन दिया। मुख्य मार्ग से तकरीबन 500 मीटर तक सड़क निर्माण होना है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से किसानों को खेत तक पहुंचने में भी काफी आसानी होगी।

### पुलिस ने चलाया यातायात जागरुकता अभियान



**मंडीदीप।** उपनगर सतलापुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी गई। छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने के महत्व के बारे में समझाया। साथ ही सुरक्षित यातायात के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### महिला की कार में मारी टक्कर, की मारपीट

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 13 शटर चौराहा सलैया में तेज रफ्तार कार ने महिला की कार में टक्कर मार दी। महिला ने उसे कार ठीक कराने का कहा तो वह भड़क गया और महिला से मारपीट करने लगा। महिला की मां ने बीच बचाव किया तो आरोपी उनसे से भी झूमाझटकी करते हुए उन्हें गिरा दिया। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। पुलिस ने एक दिन बाद महिला की शिकायत पर अज्ञात कार चालक पर एक्सीडेंट और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार श्वेता त्यागी पिता राजेन्द्र त्यागी (35) केनाल किनशिप कालोनी सलैया में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह प्रायवेट नौकरी करती है। बुधवार शाम करीब 7 बजे वह अपनी मां अनीता त्यागी के साथ नई मारुती बलेनो कार से प्लेयर्स अकादमी सलैया बेटे अर्जुन त्यागी को लेने जा रही थी। 13 शटर चौराहा पर पहुंचते ही शाहपुरा की तरफ से आ रही हुंडई एसेंट कार के चालक ने तेजी व लापवाही पूर्वक कार चलाकर उनकी कार में साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी कार बांई तरफ से डैमेज हो गई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 788 | 35 | 159 |
| रात: | 290 | 15 | 168 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 477 | 85 | 140 |
| रात: | 499 | 21 | 678 |

---

कोहेफिजा पुलिस ने की कार्रवाई, बोलेरो वाहन से कर रहा था तस्करी

# कार से ड्रग्स की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार, पांच ग्राम एमडी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है। जब्त ड्रग्स की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने उससे ड्रग्स तस्करी में इस्तेमाल बोलेरो वाहन जब्त किया है साथ ही उसका आईफोन भी जब्त किया है। पुलिस आरोपी से ड्रग्स के बारे में पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ला ने बताया कि बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि केयरवेल अस्पताल लालघाटी के पास सुनसान रास्ते पर एक बोलेरो वाहन खड़ा है, जिसमें एक संदिग्ध युवक ड्रग्स लिए है।

**»» पुलिस ने बोलेरो वाहन और आईफोन जब्त किया**



पुलिस गिरफ्त में ड्रग्स तस्कर।

**»» आरोपी एमडी पाउडर पार्टी करने के लिए लाया था**

**एमडी की कीमत 25 हजार**

पुलिस ने घेराबंदी करते हुए केयरवेल अस्पताल के पास बोलेरो वाहन चेक किया। उसमें मौजूद युवक ने अपना नाम अली असगर जाफरी पिता सैय्यद अब्बास जाफरी (19) निवासी मिलन शादी हाल के पास कोहेफिजा के रूप में की गई। उसकी तलाश लेने पर उसके पास से 5 छोटे पैकेट मिले, जिसे चेक करने पर उसमें 5 ग्राम एमडी पाउडर मिला। एमडी की कीमत 25 हजार रुपए है। पूछताछ में अली असगर जाफरी ने बताया कि वह दोस्तों के साथ क्लब पार्टियों में जाने के दौरान ही पहली बार नशा किया था। दोस्तों के साथ घूमने फिरने की आदत के कारण नशे का आदी हो गया था। उक्त एमडी पाउडर वह पार्टी करने के लिए लाया था। हालांकि पुलिस को वह नहीं बता सका कि किससे उसने एमडी ली थी। पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर रही है।

## रिश्तेदार की लाइसेंसी बंदूक से किया हर्ष फायर, पुलिस ने जब्त की रायफल

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित आईबीडी सिटी के सामने एक युवक ने बारह बोर की बंदूक से हर्ष फायर कर दिया। एकाएक गोली चलने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसके पास मौजूद बारह बोर की बंदूक जब्त कर ली। युवक ने बताया कि उक्त बंदूक रिश्तेदार से मांगकर लाया था। पुलिस के अनुसार आईबीडी सिटी के पास सड़क पर एक युवक ने बंदूक से बेवजह फायर किया है। पुलिस ने युवक के पास दो नाल की 12 बोर की बंदूक जब्त कर लया है। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अभय राठौर पिता कैलाश राठौर (24) मकान नंबर-37, आशीर्वाद कॉलोनी कोलार रोड, स्थाई रावीर नगर सेमराकला भोपाल बताया।

**संतोषजनक जवाब नहीं दे सका युवक**

पुलिस ने उससे बंदूक का लाइसेंस मांगा, लेकिन वह लाइसेंस नहीं दिखा सका। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र में हर्ष फायर करने का कारण पूछा गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने घटनास्थल से चले हुए कारतूस का खोखा बरामद किया और उसे कजलीखेड़ा पुलिस चौकी लेकर पहुंचे। वहां पूछताछ में बताया कि जिस बंदूक से उसने फायर किया है वह बंदूक मेरे रिस्तेदार लालवीर धुर्वे (28) गांव गुंदरई पोस्ट प्रतापगढ़, तहसील सिलवानी जिला रायसेन की है। पुलिस ने उसे लालवीर धुर्वे को बुलाया। वह बंदूक के 14 नग कारतूस और लाइसेंस की छायाप्रति लेकर पहुंचा था। उसने बताया कि मेरी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक अभय राठौर ने मांगी थी और एक कारतूस भी मांगा था। रिश्तेदार होने के कारण उसने बंदूक और कारतूस उसे दे दिया।

---

### सुरक्षित वाहन चलाने का दिया प्रशिक्षण

**भोपाल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मो. हम्मीद शाहिद अबसार के निर्देशन पर पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) द्वारा मध्यप्रदेश में सड़क पर होने वाली वाहन दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से निरीक्षक (चालक) से आरक्षक (चालक) स्तर के अधिकारी/ कर्मचारियों को सुरक्षित वाहन चालन कोर्स के माध्यम से दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षित सड़क नेटवर्क उपलब्ध कराना, जिसमें पदयात्रियों तथा सायकिल, वाहन चालकों को प्राथमिकता दी गई हो और भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के लक्ष्य को प्राप्त करना है ।

सीमा शुल्क विभाग इंदौर ने भेंट की मशीन

# सिविल अस्पताल को दान में मिली आधुनिक सफाई मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

सिविल अस्पताल मंडीदीप में अब सफाई और स्वच्छता की व्यवस्था और अधिक पुख्ता हो जाएगी। सीमा शुल्क विभाग, इंदौर ने अस्पताल को एक आधुनिक क्लीनिंग मशीन भेंट की है, जिससे अस्पताल के फ्लोर को बेहतर और प्रभावी ढंग से साफ किया जा सकेगा।

गुरुवार को विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ने विशेष रूप से अस्पताल पहुंचकर यह मशीन प्रदान की। मशीन अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर शलभ तिवारी को सौंपी गई। इस आधुनिक मशीन की मदद से सफाई कर्मचारियों को काफी सुविधा मिलेगी और अस्पताल परिसर की स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह पहल न केवल अस्पताल की सफाई व्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों के लिए भी अधिक स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएगी। सीमा शुल्क विभाग की इस सामाजिक पहल की सराहना की जा रही है।



अस्पताल को मिली सफाई मशीन।

# संत हिरदाराम नगर स्टेशन का प्लेटफॉर्म-एक के पुराने 3 मीटर एफओबी आज से रहेगा बंद

**»» भोपाल सिरे का फुट ओवर ब्रिज यात्रियों के लिए उपलब्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यात्रियों की सुरक्षा एवं स्टेशन अधोसंरचना के उन्नयन के उद्देश्य से संत हिरदाराम नगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-01 पर स्थित पुराने 3 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज(एफओबी) को शुक्रवार से बंद किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पुराने 3 मीटर एफओबी के स्थान पर भोपाल सिरे पर नया 3 मीटर एफओबी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्तमान में यात्रियों द्वारा सुगम आवागमन लिए उपयोग में लाया जा रहा है। साथ ही पुराने 3 मीटर एफओबी के समीप 12 मीटर चौड़े नए एफओबी के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है।



~~बातावरण~~

---

**डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प दोहरा**

# दीक्षा भूमि नागपुर से प्रारंभ हुई संकल्प यात्रा औबेदुल्लागंज पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

दीक्षा भूमि नागपुर से प्रारंभ हुई संकल्प यात्रा तीसरे दिन औबेदुल्लागंज पहुंची। नगर के आंबेडकर चौराहे पर भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर यादव (मंडल) ने उद्बोधन में कहा हम ग्वालियर हाईकोर्ट में बाबा साहब की प्रतिमा लगवाकर ही अपने घर लौटेंगे। उन्होंने कहा यह यात्रा सामाजिक समरसता, संविधानिक मूल्यों और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प है।

दामोदर यादव ने स्तंभ पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने और समाज में समानता, न्याय एवं सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया। उनके साथ पूर्व विधायक आरडी प्रजापति, सुनील अस्तेय, दत्तू मेडे, रायसिंह बौद्ध, अमोल रावत सहित कई आंबेडकरवादी नेता उनके साथ चल रहे हैं। सभी अतिथियों का आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी के अध्यक्ष दलित पिछड़ा समाज संगठन के प्रदेश सचिव सुनील सेरिया, जिला अध्यक्ष सुनी वाल्मीकि, दयाराम चौहान, पार्षद सुजीत यादव, महेश सहित अन्य सैकड़ों लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया और संविधान बचाने की लड़ाई में तन मन धन से दामोदर यादव के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।


दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर का स्वागत करते हुए।

## किराना व्यापार संघ मिलन समारोह की कर रहा तैयारी

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ का मिलन समारोह सुंदरकांड पाठ के बाद सफल रहा। इस सफलता के बाद किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्रम धाड़ी एवं मीडिया प्रभारी नीरज चावला, श्याम मालवीय, गिरीश चावला, विजय जैन, रमेश सेठी, संरक्षक अशोक सेठी, अशोक मित्तल, दिलीप मित्तल आदि लोग किराना व्यापार संघ का सम्मेलन करने पर विचार कर रहे हैं। क्योंकि किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, मीडिया प्रभारी नीरज चावला हनुमान भक्त हैं और हनुमान जी की कृपा से किराना व्यापार संघ संगठित है। हनुमान चालीसा के साथ किराना व्यापार मिलन समारोह पिछली बार भी सफल रहा था। इस बार भी सफल करने के प्रयास में लग गए हैं। श्री राम की कृपा व्यापार महासंघ पर है तो किराना व्यापार संघ पर भगवान हनुमान जी की कृपा है।


विक्रम धाड़ी


नीरज चावला

**कॉम्बिंग गश्त से असामाजिक तत्वों में हड़कंप**

# सतलापुर पुलिस ने किए तीन वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

सतलापुर पुलिस ने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सघन चैकिंग एवं कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर की गई।

थाना सतलापुर प्रभारी विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार देर शाम क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त की गई। अभियान के तहत गुंडा निगरानी बदमाशों की गहन चैकिंग की गई। वहीं इंडस रियल्टी तिराहे पर सरप्राइज चैकिंग लगाकर आने-जाने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। चैकिंग के दौरान पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया।


कॉम्बिंग गश्त अभियान के दौरान चैकिंग करती पुलिस।

**आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और अपराधियों में कानून का भय बना रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली है, वहीं असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

---

वीर सावरकर महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

# एकल नृत्य, समूह नृत्य, सलाद सज्जा, केश सज्जा, मटकी साज-सज्जा प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वीर सावरकर महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. भूपेंद्र नागर उपस्थित थे। महाविद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद कार्यक्रम मार्गदर्शक प्राचार्य डॉ. एमएल गढ़वाल का स्वागत उद्बोधन हुआ। फिर महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लेमलेस कुकिंग, ब्राइडल मेकअप, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

वार्षिक उत्सव के द्वितीय दिवस गुरुवार को मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल एवं प्रीति गजेंद्र नागर उपस्थित रहे।


स्नेह सम्मेलन का शुभारंभ करते भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, प्राचार्य डॉ. एमएल गढ़वाल अन्य शिक्षक।


स्नेह सम्मेलन में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर विद्यार्थयों से भेंट कर चर्चा करते हुए।

**विद्यार्थियों में दिखा उत्साह**

सरस्वती वंदना के बाद कार्यक्रम का पुनः शुभारंभ हुआ, जिसमें एकल नृत्य , समूह नृत्य , सलाद सज्जा, केश सज्जा, मटकी साज सज्जा प्रतियोगिताएं हुई। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। डॉ. रविंद्र योद्धा छात्रसंघ प्रभारी एवं डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम संयोजक के मार्गदर्शन में किया। डॉ. प्रियंका मेहरा, डॉ. भूमिका झा, डॉ. सुमित सिंह, डॉ. बीनू मेहरोत्रा, पूजा नेमा एवं अन्य स्टाफ शामिल था।

# कॉम्बिंग गश्त के दौरान 4 फरार और 6 वारंटियों को किया गिरफ्तार

क्षेत्र के ढाबों और होटलों में भी पुलिस ने की सर्चिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

थाना प्रभारी निरीक्षक बीपी सिंह के नेतृत्व में पुलिस की 2 टीमे, चौकी भोजपुर एवं चौकी बरखेड़ा के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रवाना की गई थी।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान कई सालों से फरार 4 स्थाई और 6 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार रात सघन गश्त के दौरान होटल, लॉज और ढाबे में आने-जाने वाले लोग और वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी।

# देशभक्ति, लोकसंगीत, भारतीय शास्त्रीय संगीत की धुनों से सजा 'बीटिंग द रिट्रीट'

## गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के प्रतीक 'बीटिंग द रिट्रीट' का आयोजन लाल परेड ग्राउंड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के प्रतीक 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह का भव्य आयोजन गुरुवार शाम लाल परेड ग्राउंड पर देशभक्ति के शानदार माहौल के बीच संपन्न हुआ। सूर्यास्त के साथ ही सेना, नौसेना और वायुसेना के संयुक्त बैंड ने मधुर और जोशीली धुनों से पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया, जैसे ही बैंड की धुनें गूंजने लगीं, पूरा लाल परेड ग्राउंड तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पारंपरिक सैन्य वेशभूषा में सजे बैंड दलों की अनुशासित प्रस्तुति दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

समारोह के दौरान देशभक्ति गीतों और पारंपरिक धुनों ने उपस्थित जनसमूह में गर्व और उत्साह का संचार किया। रोशनी से जगमगाते लाल परेड ग्राउंड और आसपास का दृश्य समारोह की भव्यता को ओर बढ़ाता नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र के राज्यपाल मंगूभाई पटेल रहे।


'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह में मार्च पास्ट करते हुए पुलिस बैंड।

### पुलिस बैंड, पुलिस ब्रास बैंड एवं आर्मी बैंड डिस्पले के साथ पाइप बैंड की प्रस्तुति

दिल्ली के अलावा केवल भोपाल में आयोजित होने वाले बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम में पुलिस बैंड द्वारा कॉन्सर्ट, पुलिस ब्रास बैंड एवं आर्मी बैंड द्वारा डिस्पले तथा पाईप बैंड द्वारा संगीतमयी और मनोहारी प्रस्तुति ने समां को देशभक्ति की लहर में डुबो दिया। राज्यपाल के आगमन के साथ ही पुलिस ब्रास बैंड द्वारा क्लासिकल धुनों की संगीतमय धुन ने पूरे माहौल को सुरमय बनाया। नए पुराने हिंदी फिल्मों गीतों की संगीतमय प्रस्तुति के बाद पुलिस बैंड एवं आर्मी बैंड द्वारा मार्चपास्ट करते हुए बैंडवार व सामूहिक प्रस्तुतियां भी खास रहीं।

**नए पुराने हिंदी फिल्मों गीतों की दी संगीतमय प्रस्तुति**

### वंदे-मातरम से... लेकर संदेशे आते हैं...तक


बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम को देखते राज्यपाल व अन्य अधिकारी

निरीक्षक सुनील कटारे के नेतृत्व में आयोजित ब्रास बैंड कॉन्सर्ट में वंदे-मातरम से आरंभ होकर, मेरे देश की धरती, पंख होते तो उड़ आती रे, पल-पल दिल के पास, तेरी झलक अशर्फी, ये देश है वीर जवानों का, अजीब दास्तां है ये, ये शाम मस्तानी, संदेशे आते हैं, हे अपना दिल तो आवारा की प्रस्तुति पुलिस बैंड द्वारा दी गई।

### रंग बिरंगी आतिशबाजी से हुआ 'बीटिंग द रिट्रीट' का समापन

देशभक्ति, लोकसंगीत, भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं लोकप्रिय संगीत की धुनों से सजे इस माहौल में अल्पविराम के बाद मप्र पुलिस बैंड के द्वारा बैंड डिसप्ले किया और लोकप्रिय मार्चिंग धुने बजाई गईं। इसके बाद रिट्रीट का बिगुल वादन हुआ, बैंड मास्टर द्वारा राज्यपाल के समीप जाकर बैंड वापस ले जाने की अनुमति मांगी और इसके बाद सूचित किया जाता है कि समारोह पूरा हो गया है। सूर्यास्त के समय बिगुलर्स द्वारा रिट्रीट धुन बजाई गईं और अंत में राष्ट्रीय ध्वज ससम्मान उतार कर राष्ट्रगान किया फिर रंग बिरंगी आतिशबाजी कर समरोह का समापन किया।

---

## रवीन्द्र भवन एवं एमवीएम ग्राउंड में 41वें 'लोकरंग' का आयोजन

# सिर पर 108 जलते हुए दीपक रख किया चरखुला लोकनृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चरखुला लोकनृत्य, जिसमें घूंघट ओढ़ी महिलाएं अपने सिर पर लकड़ी के एक बहु-स्तरीय पिरामिड (जिस पर 108 जलते हुए दीपक होते हैं) को संतुलित करती हैं और भगवान कृष्ण के भक्ति गीतों पर नृत्य करती हैं। सिर पर दिए रखकर चरखुला नृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी मथुरा की गीतांजलि शर्मा ने। राधा अष्टमी जैसे त्यौहारों पर प्रदर्शित इस नृत्य के साथ ही पंजाब की सौंधी खुशबू से महका लोक रंग महोत्सव का नजारा गुरुवार को जुदा नजर आया।


समारोह में सिर पर दीपक रख चरखुला लोकनृत्य करते कलाकार।


पंजाबी सिंगर बॉबी सिद्धू अपनी प्रस्तुति देते हुए ।

### सूफियाना सुवास से सराबोर हुआ लोकरंग


रवीन्द्र भवन एवं एमवीएम ग्राउंड में आयोजित 41वें 'लोकरंग' महोत्सव में गुरुवार को सांस्कृतिक संध्या में पांच दरियाओं की पावन धरा, पंजाब के सांस्कृतिक वैभव के संवाहक और सुविख्यात लोक एवं सूफी गायक बॉबी सिद्धू ने अपनी ओजस्वी वाणी और रूहानी स्वर-लहरियों के माध्यम से पंजाबी लोक गायन की ऐसी अनुपम छटा बिखेरी कि संपूर्ण परिसर पंजाब की मिट्टी की सौंधी महक और सूफियाना सुवास से सराबोर हो उठा।

### अल्लाह हू तुंबा कहंदा... से की शुरुआत

उन्होंने प्रस्तुति की शुरुआत सूफियाना कलाम अल्लाह हू तुंबा कहंदा... से की। इसके बाद लोक गीत छल्ला..., सूफियाना नज्म कलमी यार दी कलमी..., यार मेरा तू दिलदार मेरा तू..., की बनू दुनिया दा..., मेले पंजाब दे फुल जे गुलाब दा..., मनके मनके गल चांदी दे रुपैया बनूंगा टांके... जैसे गीतों की प्रस्तुति दी।

## मलखंब के करतब सहित बीन वादन रहा खास

इसके बाद उज्जैन की योगेश धर्मपाल मालवीय एवं साथियों ने मलखंब के करतब दिखाए। अगली कड़ी में जितेन्द्र कुमार एवं साथी कलाकारों ने बीन वादन किया। इसके बाद हास्य कुमारी मरावी एवं साथी कलाकारों ने करमा नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य श्रम, प्रकृति पूजा तथा अच्छे भाग्य का प्रतीक है।


उज्जैन के योगेश धर्मपाल मालवीय एवं साथियों ने मलखंब के करतब दिखाते हुए।

---

# भोपाल में गूंजे वीरों के स्वर, 50 वर्दीधारी कवियों ने राष्ट्रभक्ति, बलिदान और शौर्य पर केंद्रित रचनाएं सुनाई

अंतरराष्ट्रीय अनघ मंच की ओर से हुआ सैन्य विश्व रिकॉर्ड समारोह 2026 का आयोजन


सैन्य विश्व रिकॉर्ड समारोह में पुस्ताक का विमोचन करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मातृभूमि की माटी, शौर्य की गाथाएं और वर्दी का अभिमान इन तीनों का अद्भुत संगम गुरुवार को भोपाल के सैनिक विश्राम गृह में देखने को मिला, जहां अंतरराष्ट्रीय अनघ मंच की ओर से सैन्य विश्व रिकॉर्ड समारोह 2026 का आयोजन किया गया। दो दिनी आयोजन में सेवानिवृत्त सैनिकों ने वीर रस से ओत-प्रोत कविताओं का लगातार 25 घंटे तक पाठ कर



एक अनूठा विश्व रिकॉर्ड रचने का प्रयास है। देश के कोने-कोने से आए थलसेना, नौसेना, वायुसेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस से जुड़े लगभग 50 वर्दीधारी कवियों ने मंच से राष्ट्रभक्ति, बलिदान और शौर्य की ऐसी अलख जगाई कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। कविताएं केवल शब्द नहीं थीं, वे सीमा पर खड़े जवान की धड़कन, शहीद की अंतिम सांस और वीर मां की आंखों का गर्व थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भोपाल की महापौर मालती राय ने किया। इस अवसर पर सैन्य कवियों सब इंस्पेक्टर संजीव और कांति श्रीवास्तव की पुस्तकों जय हिन्द की पुकार और वर्दी की सौगंध का विमोचन भी हुआ।

### इन सैन्य अधिकारियों ने भी प्रस्तुत की रचनाएं

जोधपुर से आए सूरज सिंह कंसाना ने चुनौती भरे स्वर में उन लोगों को जवाब दिया जो भारत की शक्ति को कम आंकते हैं... वहीं कर्नल हरि दुबे ने नेशनल वॉर मेमोरियल और अग्निवीर बेटियों पर केंद्रित रचनाएं प्रस्तुत कर वीर माताओं और नारी शक्ति को नमन किया उन्होंने तुम सृजन शक्ति की अविरल धारा... रचना का पाठ किया। नैनीताल से आए कैप्टन वीसी पांडे के दोहे सैनिक हूं इस देशा, सरहद मेरे धाम... ने शहादत को धर्म के रूप में स्थापित किया। उनका गीत भारत मां के वीर जवानों... ने खूब तालियां बटोरीं।





### वैश्विक राजनीति पर तीखा प्रहार किया

सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन विजयकान्त वर्मा ने भारत के विश्व गुरु बनने की यात्रा पर केंद्रित अपनी रचनाओं से श्रोताओं में ऊर्जा का संचार कर दिया। नया भारत देख रहा है, नई सदी का नया भारत... और सपनों की उड़ान है, जोश है जुनून है... जैसी पंक्तियों ने आत्मविश्वासी भारत की तस्वीर उकेरी। उनकी व्यंग्यात्मक रचना परमाणु अस्त्र को बना खिलौना... ने वैश्विक राजनीति पर तीखा प्रहार किया। किस्तवाड़ से आए सीआईएसएफ सब इंस्पेक्टर संजीव ने भोपाल की पहचान को वीरता और इतिहास से जोड़ते हुए पंक्तियां पढ़ीं झीलों की लहरों में इतिहास गूंजता, वीरों के सपनों से भोपाल सजता... जिस पर सभागार तालियों से गूंज उठा।



---

## खबर संक्षेप

### वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस पर ऑनलाइन काव्य गोष्ठी

**भोपाल।** तुलसी साहित्य अकादमी जिला इकाई द्वारा वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस पर केंद्रित ऑन लाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन गूगल मीट पर डॉ. मोहन तिवारी आनंद राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी की अध्यक्षता में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि डॉ.रामशंकर भारती झांसी, विशेष अतिथि डॉ. राज गोस्वामी दतिया, सारस्वत अतिथि डॉ.उमेश शिरीष सुल्तानपुर रहे। संचाचल डॉ.अशोक तिवारी अमन अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी जिला इकाई भोपाल ने किया। गोष्ठी में 52 काव्य मनीषियों ने शिरकत की। डॉ संगीता भारद्वाज मैत्री ने सुनाया वीरों के शौर्य पराक्रम से, गर्वित है सारा देश,उनकी समर्पित राष्ट्रभक्ति से, बदला है परिवेश, वहीं डॉ.संध्या शुक्ल, मंडला ने सुनाया सरसों फूले और टेसू दशक ने लगे, लो बसंत के दिन अब आने लगे।

### मानव संग्रहालय में पूनम-41 का आयोजन 1 फरवरी को

**भोपाल।** मानव संग्रहालय द्वारा शास्त्रीय संगीत की प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय कार्यक्रम श्रृंखला पूनम-41 के अंतर्गत एक भव्य शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन रविवार, 1 फरवरी को सायं 6 बजे होगा। इस विशेष अवसर पर भारतीय शास्त्रीय संगीत जगत के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार पद्मश्री पं. तेजेन्द्र नारायण मजूमदार (सरोद ) एवं पं. पूर्बायन चटर्जी (सितार) द्वारा सरोज-सितार जुगलबंदी की मनोहारी प्रस्तुति दी जाएगी।

---

## परिवार विवाह परामर्श प्रकोष्ठ पर हुई चर्चा

# नूतन कॉलेज में दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ गुरुवार को नूतन कॉलेज में हुआ। परिवार विवाह परामर्श प्रकोष्ठ एवं समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी का विषय भारतीय परिवार व्यवस्थाः चुनौतियों एवं समाधान रहा।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एवं डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे व डॉ. भारती कुमारे सातनकर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या ने छात्राओं संगठित परिवार विकसित करने हेतु परिवार परामर्श पर सर्टिफिकेट डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ



करने की बात कही। उनका कहना था कि ये डिप्लोमा एंव प्रमाणपत्र परामर्श के ऐसे कौंसल तैयार करेंगे जो प्रत्येक महाविद्यालय कुटुब न्यायालय पुलिस थाना आदि में रोजगार पा सकेंगे और इनके माध्यम से एक ओर जहां जीविकोपार्जन के साधन में वृद्धि होगी वहीं दूसरी ओर यही एक्सपर्ट छात्राएं समाज में संगठित परिवार तैयार करने में मदद करेंगी।



### पुष्प प्रदर्शनी आज से उत्पादक, व्यवसायी और वैज्ञानिक ले भाग

**भोपाल।** पुष्पों के उत्पादन के प्रति किसानों को आकर्षित करने के लिए आज गुलाब उद्यान में राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शनी में पुष्प उत्पादक कृषक, पुष्प विशेषज्ञ, नर्सरी व्यवसाय से जुड़े उद्यमी, पुष्प उत्पादक संस्थाओं के प्रतिनिधि, कृषि विवि के छात्र तथा पुष्प प्रेमी शामिल होंगे। शुक्रवार को गुलाब उद्यान में आयोजित होने वाली पुष्प प्रदर्शनी के लिए गुरुवार से ही किसानों ने तैयारी शुरू की।

## सांस्कृतिक संध्या का होगा आयोजन

# भारतीय खाद्य परंपरा, स्वास्थ्य व संस्कृति का उत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा देश की समृद्ध खाद्य परंपराओं, लोकज्ञान एवं पोषण-संस्कृति को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से मिलेट्स एवं ट्रेडिशनल फूड फेस्टिवल का तीन दिवसीय आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जा रहा है। यह आयोजन मोटे अनाजों (मिलेट्स) के महत्व, उनकी उपयोगिता तथा भारतीय भोजन परंपरा में उनकी भूमिका को रेखांकित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस फूड महोत्सव को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए शास्त्रीय एवं लोक संगीत की विशेष सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी।

**30 जनवरी**
श्री जानकी बैंड ऑफ विमन्स
(जबलपुर की प्रस्तुति)
समयः शाम 06:30 बजे से, स्थानः ऑडिटोरियम, वीथि संकुल, संग्रहालय परिसर

**31 जनवरी**
विदुषी भारती विश्वनाथन
(भोपाल की प्रस्तुति)
समयः शाम 06:30 बजे, स्थानः ऑडिटोरियम, वीथि संकुल, संग्रहालय परिसर

**31 जनवरी**
मैहर बैंड
(मध्य प्रदेश की प्रस्तुति)
समयः शाम 07:30 बजे
स्थानः ऑडिटोरियम, वीथी संकुल, संग्रहालय परिसर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स, भोपाल

---

## गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दूरदर्शन केन्द्र में 'जश्न ए जम्हूरियत' मुशायरा आयोजित

# हमारी कोई भी भाषा, कोई मजहब हो, हम और कुछ नहीं हिंदुस्तान वाले हैं....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम इस जमीन पे यारों कहीं भी बसते हों, अलग अलग नहीं एक खानदान वाले हैं, हमारी कोई भी भाषा हो, कोई मजहब हो, हम और कुछ नहीं हिंदुस्तान वाले हैं.... जफर सहबाई ने जब 'जश्न ए जम्हूरियत' में उपरोक्त पंक्तियां सुनाई तो पूरा माहौल देशभक्ति की लहरियों में डूबा हुआ नजर आया। मौका था मप्र उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 'जश्न ए जम्हूरियत' मुशायरे के आयोजन का। दूरदर्शन केन्द्र में आयोजित इस मुशायरे में देश भर से ख्याति प्राप्त शायरों ने उपस्थित होकर अपना कलाम पेश किया। अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने कहा कि इस मुशायरे का उद्देश्य देशभक्ति और लोकतंत्र की मूल्यों के महत्व को महसूस करना है और यह संदेश भी देना है कि देशभक्ति केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है।


'जश्न ए जम्हूरियत' मुशायरे में अपने कलाम से नवाजते शायर।

### मेरे सर का ताज है हिन्दोस्तान, फख्र है अंजुम यहां की धूल पर...

अंजुम बाराबंकवी ने मेरे सर का ताज है हिन्दोस्तान, फख्र है अंजुम यहां की धूल पर... सुनाया तो इकबाल अशहर ने अनेकता में एकता बनी रहे, ये अंजुमन सदा यूं ही सजी रहे, यही खुशी तो चाहिए मुझको खुदा, यहां न कोई आदमी दुखी रहे.... सुनाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहीं बद्र वास्ती ने सुनाया, उनका मैं एहतराम करता हूं, खुद को उनका गुलाम करता हूं, देश पर जान देने वालों को, मैं अदब से सलाम करता हूं.... सुनाया तो राजेश रेड्डी ने सभी गुलों की खुशबूओं से है महक रहा चमन, हजार बार स्वर्ग से हसीन है मेरा वतन...सुनाया। अंत में नईम अख्तर खादमी ने उन्हीं के तजकिरे हर अंजुमन के काम आए, वो अहल-ए-इश्क जो दारो रसन के काम आए, बस एक आरजू दिल में है और कुछ भी नहीं, मिरा लहू मिरी खाके वतन के काम आए ... सुनाकर कार्यक्रम को विराम दिया।

---

# 100 से ज्यादा मान्यता प्राप्त ऑनलाइन यूनिवर्सिटीज से शिक्षा प्राप्त कर रहे स्टूडेंट्स

कॉलेज विद्या डाट कॉम के को-फाउंडर रोहित गुप्ता ने दी खास जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल युग में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। इंटरनेट और तकनीक के विकास ने शिक्षा को कक्षा की चारदीवारी से निकालकर हर व्यक्ति की पहुंच तक पहुंचा दिया है।

ऑनलाइन शिक्षा आज केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। खासकर कोविड के बाद से ऑनलाइन एजुकेशन ने शिक्षा के स्वरूप को ही परिवर्तित कर दिया है, ऑनलाइन शिक्षा के इसी रूप को ओर भी सशक्त कर रहा है कॉलेज विद्या डाट कॉम। यह एक ऐसा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो छात्रों को सही ऑनलाइन डिग्री और कोर्स चुनने में मदद करता है। यहां छात्र 100 से ज्यादा मान्यता प्राप्त ऑनलाइन यूनिवर्सिटीज की जानकारी एक ही जगह पा सकते हैं। बल्कि यह प्लेटफार्म करियर गाइडेंस और कम्युनिटी सपोर्ट भी देता है। यह जानकारी गुरुवार को होटल ताज में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कॉलेज विद्या डाट कॉम के कोफाउंडर सीओओओ रोहित गुप्ता ने दी।

**यह प्लेटफॉर्म करता है ऑनलाइन डिग्री और कोर्स चुनने में मदद**

### ऑनलाइन पढ़ाई को सस्ता बनाने, 20 करोड़ की सब्सिडी पहल भी शुरू की

उन्होंने बताया कि कॉलेज विद्या ने एआई आधारित सर्च टूल शुरू किया है, जो छात्र की जरूरत के हिसाब से सही कोर्स सुझाता है। अब तक लाखों छात्रों तक पहुंच बनाकर उन्हें ऑनलाइन पढ़ाई से जोड़ने वाले कॉलेज विद्याा ने ऑनलाइन पढ़ाई को सस्ता बनाने के लिए 20 करोड़ की सब्सिडी पहल भी शुरू की है। उन्होंने कहा कि कॉलेज विद्या का फोकस वर्किंग प्रोफेशनल्स और ग्रामीण छात्रों को भी बेहतर ऑनलाइन शिक्षा मिले, यह हमारा उद्देश्य है।



एजेंसी ▶▶ बारामती

‘अजित दादा’ पंचतत्व में विलीन

# परिवार समेत समर्थकों ने नम आंखों से दी विदाई, उमड़ा जनसैलाब

## बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी, शाह समेत कई केंद्रीय और राज्य के मंत्री भी रहे शामिल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को गुरुवार को उनके गृहनगर बारामती में अंतिम विदाई दी गई। पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान विद्या प्रतिष्ठान मैदान में भारी संख्या में समर्थक अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। बेटे पार्थ और जय पवार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अपने नेता के आखिरी दर्शन करने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग नम आंखों से अजित पवार को अंतिम विदाई दी।

### ‘अजित दादा अमर रहें’ के नारे से गूंजा बारामती



पिता अजित पवार को मुखाग्नि देते उनके पुत्र

अंतिम संस्कार की रस्में दोपहर में शुरू हुईं। अजित के बेटों, पार्थ और जय ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार अपने आंसू नहीं रोक पा रही थीं। जब उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ उनके गांव काटेवाड़ी से विद्या प्रतिष्ठान मैदान लाया गया। मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने अजित दादा अमर रहें के नारे लगाए।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए कई केंद्रीय मंत्री



इस दुखद घड़ी में देश और राज्य के कई बड़े नेता बारामती पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, मुरलीधर मोहोल और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। एनसीपी प्रमुख शरद पवार, सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी थे।

**पूरा परिवार रहा मौजूद कई मुख्यमंत्री भी पहुंचे**

अजित पवार की चचेरी बहन और सांसद सुप्रिया सुले सुनेत्रा पवार को सांत्वना देती रहीं। अंतिम संस्कार में प्रफुल्ल पटेल, रामदास अठावले, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पूर्व मुख्यमंत्री सुशीलकुमार शिंदे और अशोक चव्हाण जैसे दिग्गज नेता भी शामिल हुए।

### ब्लैक बॉक्स बरामद

हादसे की जांच के लिए पुलिस ने आकस्मिक मौत (एडीआर) का मामला दर्ज किया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। इसमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर शामिल हैं, जिससे हादसे की असली वजह पता चल सकेगी।

### विमानन मंत्री ने महाराष्ट्र सीएम फडणवीस को लिखा पत्र और जांच में सहयोग मांगा



विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार से सहयोग मांगा, ताकि पुणे जिले के बारामती हवाई अड्डे पर हुए विमान हादसे की तेजी से जांच की जा सके। इस विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोग मारे गए थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के जोशी बने चंडीगढ़ के नए मेयर



**चंडीगढ़।** भाजपा ने एक बार फिर चंडीगढ़ के मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। सौरभ जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर बन गए हैं। गुरुवार को निगम सदन में मेयर चुनाव हुआ। इस बार चुनाव हाथ उठाकर करवाया गया। चुनाव प्रिसाइडिंग अफसर रमणीक बेदी ने शुरू करवाई। जोशी को 18 वोट मिले। कांग्रेस ने वोटिंग के बाद वॉकआउट किया।

### साध्वी प्रेम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर से एक सनसनीखेज और भावनात्मक मामला सामने आया है। सनातन धर्म के प्रचार से जुड़ी साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के करीब 4 घंटे बाद सोशल मीडिया पर उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से एक कथित सुसाइड नोट पोस्ट होने से पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

### मेधा मानहानि केस में एलजी सक्सेना बरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर द्वारा दायर मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सक्सेना को आरोपों से बरी कर दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने कहा कि कोई मान्य और ठोस सबूत पेश नहीं किए गए।

### दंपती ने किया सुसाइड 3 बच्चों को दिया जहर



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएटा में दंपती और बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने का मामला सामने आया है। ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात घरेलू कलह के चलते दंपती ने जहरीला पदार्थ खा लिया और तीन बच्चों को भी खिला दिया। दंपती की मौत हो गई है। तीनों बच्चों का इलाज चल रहा है।

### सीबीआई अकादमी गाजियाबाद में रिकॉर्ड बैच का पासिंग आउट परेड

# 134 सब-इंस्पेक्टर प्रशिक्षण प्राप्त कर बने जांच की नई ताकत, 18 महिलाएं शामिल

प्रशिक्षण के दौरान नवप्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टरों को कानून एवं जांच कौशल, भ्रष्टाचार निरोधक मामलों की जांच, पारंपरिक अपराध, खुफिया जानकारी संकलन, आर्थिक अपराध, साइबर अपराध, बैंक धोखाधड़ी, मोबाइल फॉरेंसिक, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं फॉरेंसिक साइंस जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद ने 5- स्टार रेटिंग का भी उल्लेख किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अकादमी, गाजियाबाद में गुरुवार को 134 सब-इंस्पेक्टरों के रिकॉर्ड बैच का भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह परेड 15 मई 2025 से प्रारंभ हुए बेसिक प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक रही। प्रशिक्षण के दौरान नवप्रशिक्षु सब-इंस्पेक्टरों को कानून एवं जांच कौशल, भ्रष्टाचार निरोधक मामलों की जांच, पारंपरिक अपराध, खुफिया जानकारी संकलन, आर्थिक अपराध, साइबर अपराध, बैंक धोखाधड़ी, मोबाइल फॉरेंसिक, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं फॉरेंसिक साइंस जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सीबीआई शाखाओं, न्यायालयों, स्थानीय पुलिस थानों, राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू), एम्स, सेबी आदि संस्थानों में फील्ड अटैचमेंट और अध्ययन भ्रमण भी कराया गया।

सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके परिवारों के सहयोग की सराहना की। यह सीबीआई अकादमी के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सब-इंस्पेक्टर बैच है। उन्होंने बैच में 18 महिला अधिकारियों की भागीदारी को संगठन में बढ़ती लैंगिक विविधता का सकारात्मक संकेत बताया। सूद ने अकादमी को हाल ही में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन से मिली 5-स्टार रेटिंग का भी उल्लेख किया।




**फील्ड में सही सीख मिलेगी**

नव नियुक्त अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पासिंग आउट परेड के साथ समाप्त नहीं होता, बल्कि असली सीख तो फील्ड में शुरू होती है। बदलती चुनौतियों के दौर में अधिकारियों को आजन्म सीखने की प्रवृत्ति अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने आधुनिक जांच में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई जांच को तेज और प्रभावी बनाने का साधन है, लेकिन मानव विवेक का स्थान नहीं ले सकता।

**पुरस्कार भी प्रदान किए**

समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सत्यव्रत सिंह को डी.पी. कोहली अवार्ड (सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एसआई प्रशिक्षु) एवं डीसीबीआई ट्रॉफी (इंडोर स्टडीज) साहिथ्या जी. को साइबर अपराध जांच ट्रॉफी, शेखर बलियान को जॉन लोबो ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ आउटडोर) रक्षित कुमार को सीबीआई अकादमी ट्रॉफी (निष्ठा एवं अनुकरणीय आचरण) प्रदान की गई।

**‘खास लैब’ का उद्घाटन किया**

इस अवसर पर सीबीआई निदेशक ने सीबीआई अकादमी में विकसित ‘ट्रेनिंग एंड रिसर्च इन एडवांस साइबर एविडेंस लैब’ का भी उद्घाटन किया। यह प्रयोगशाला साइबर अपराध जांच, डिजिटल फॉरेंसिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए समर्पित होगी, जहां जांच अधिकारियों को साक्ष्य की जब्ती से लेकर अदालत में प्रस्तुतिकरण तक की वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी, विशेष निदेशक मनोज शशिधर, विशेष निदेशक संपत मीना, अतिरिक्त निदेशक एन. वेंकुगोपाल एवं एवाईवी कृष्णा सहित अन्य विभागों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### एसआईआर में गड़बड़ी के आरोप

## सुप्रीम कोर्ट ने दफ्तरों के बाहर ‘सूची’ लगाने के दिए निर्देश




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। याचिकाओं में चुनाव आयोग की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी गई थी। जिस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति सूची में शामिल किए गए हैं, उनकी सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रत्येक उपखंड कार्यालय और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम इस सूची में हैं, वे सूची प्रकाशित होने की तारीख से 10 दिनों के भीतर खुद या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

**पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए**

सुप्रीम कोर्ट ने सभी कलेक्टरों को चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करने और एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा है। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त यह सुनिश्चित करें कि कानून-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न न हो और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हो।

**बिहार वोटर लिस्ट विवाद**

### याचिकाओं पर फैसला रखा सुरक्षित



उच्चतम न्यायालय ने बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन याचिकाओं में गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर याचिका भी शामिल है। एसआईआर की प्रक्रिया पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, प्रशांत भूषण और गोपाल शंकरनारायण सहित कई वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की। फैसला सुरक्षित रखा है।

### अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा

## भाजपा की सरकार में ‘न्याय’ की आशा नहीं, गलती भी नहीं मानी

एजेंसी ▶▶ काशी



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी में कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। हमने संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा।

इस पार्टी की सरकार में न्याय की कोई आशा न करे यही संदेश मिला है। यूजीसी के नए नियमों पर अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह नियम इसी लिए लाया गया है कि उनकी कमियां जो हैं उसकी चर्चा कोई न करे। सवाल ये है कि यूजीसी जैसा नियम जो सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

### केंद्र सरकार को मिले सुझाव

## बर्गर, नूडल्स और पिज्जा के एड सुबह 6 से रात 11 तक बैन करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अधिक वसा एवं चीनी वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों (यूपीएफ) की बढ़ती खपत पर गंभीर चिंता जताते हुए आर्थिक समीक्षा ने सुबह से देर रात तक इन उत्पादों के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करने का सुझाव दिया है। आर्थिक समीक्षा 2025-26 कहती है कि शिशु और छोटे बच्चों के इस्तेमाल वाले दूध एवं पेय पदार्थों के विपणन पर भी सख्त पाबंदियों की जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में उच्च वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों के लिए चेतावनी के साथ पैकेट के सामने वाले हिस्से पर पोषण संबंधी सूचना देने और बच्चों को लक्षित विपणन पर लगाम लगाने का सुझाव दिया है। व्यापार समझौते किसी भी तरह से सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों को कमजोर न करें। बर्गर, नूडल्स, पिज्जा एवं शीतल पेय का बढ़ता सेवन दुनियाभर में दीर्घकालिक बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है।

### बीटिंग द रिट्रीट: विजय चौक पर गूंजा ‘गीत’



**नई दिल्ली।** विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट समारोह के साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिनी आयोजनों का समापन हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में सेना के शौर्य और देश की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम दिखा। राष्ट्रपति को सेना ने नेशनल सैल्यूट दिया। तिरंगा फहराया गया और तीनों सेनाओं के बैंड ने ‘कदम-कदम बढ़ाए जा’ की धुन के साथ कार्यक्रम का आगाज़ किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित देश का शीर्ष नेतृत्व मौजूद रहा।

### सीजेआई सूर्यकांत ने ट्रेड यूनियंस को जमकर सुनाया

## ट्रेड यूनियन से खत्म हो रहीं नौकरियां इनके कारण ही कई इंडस्ट्री हो गईं ठप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने ट्रेड यूनियंस को जमकर सुनाया। घरेलू कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने दो-टूक कहा कि देश में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट रुकने और पारंपरिक उद्योगों के तबाह होने के लिए काफी हद तक ट्रेड यूनियन जिम्मेदार हैं। उनकी वजह से नौकरियां खत्म हो रही हैं। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि उद्योगों के बंद होने के पीछे तथाकथित झंडे वाली यूनियनों का बड़ा हाथ रहा है।



**वहां शोषण हो रहा**

सीजेआई ने कहा कि शोषण होता है, इससे इनकार नहीं है, लेकिन उससे निपटने के लिए लोगों को व्यक्तिगत अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्किल्ड बनाना ज्यादा जरूरी है।

**...तो हर घर में पहुंच जाएगा मुकदमा**

यह याचिका ‘पेन थोजलिारगल संगम’ और अन्य यूनियनों ने दायर की थी, जिसमें घर में काम करने वाले नौकरों, मेड के लिए न्यूनतम वेतन और अन्य कल्याणकारी उपायों की मांग की गई थी। इस पर सीजेआई ने चिंता जताते हुए कहा कि अगर कोर्ट ने ऐसी मांगें मान लीं, तो हर घर में कानूनी लड़ाई शुरू हो जाएगी।

### खरगे और राहुल से संसद में मुलाकात के बाद थरूर का बड़ा बयान

## मुस्कराते हुए कहा- कांग्रेस में ‘सब ठीक’ चल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में गुरुवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर और राहुल गांधी के बीच एक संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद थरूर ने मुस्कराते हुए कहा कि सब ठीक है। उनके इस बयान ने कांग्रेस के भीतर चल रहे मतभेदों और असंतोष की खबरों पर फिलहाल विराम लगा दिया है। थरूर ने राहुल और खरगे के साथ हुई इस बातचीत को बहुत ही रचनात्मक और सकारात्मक बताया। उन्होंने साफ किया कि अब वे और पार्टी नेतृत्व एक ही बात पर सहमत हैं। पिछले कुछ महीनों से थरूर और कांग्रेस नेतृत्व के बीच तनाव की खबरें आ रही थीं। थरूर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि उनके कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें वे पार्टी के मंच पर उठाना चाहते हैं।

### बातचीत अच्छी और बहुत ही रचनात्मक-सकारात्मक रही



**अहम बैठक में नहीं हुए थे शामिल**

विवाद की शुरुआत तब हुई जब थरूर पार्टी की एक अहम बैठक में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने बाद में स्पष्ट किया कि वे एक साहित्य उत्सव में गए थे। कोच्चि में पार्टी के एक कार्यक्रम में उनके साथ हुए खराब व्यवहार की खबरों पर भी उन्होंने चुप्पी साधे रखी।

**इस बयान के बाद उड़ी थी अफवाहें**

पार्टी के भीतर असली बेचैनी तब बढ़ी जब पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद थरूर ने प्रधानमंत्री के संकट प्रबंधन की तारीफ की थी। कांग्रेस के कई नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। भाजपा ने थरूर को एक अंतरदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का न्योता दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस दल में कांग्रेस का कोई नेता शामिल नहीं था, जिससे भाजपा में जाने की अफवाहें उड़ने लगीं।

**मतभेद सुलझ गए?**

तनाव तब और बढ़ गया जब थरूर ने प्रधानमंत्री के एक भाषण की सोशल मीडिया पर सराहना की और ‘भारतीय राजनीति एक पारिवारिक व्यवसाय है’ शीर्षक से एक लेख लिखा। इस लेख में उन्होंने वंशवादी राजनीति की आलोचना की थी, जिससे कांग्रेस नेतृत्व काफी नाराज हुआ था। थरूर ने हमेशा यही कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से प्रेरित थीं। तारीफ से वे भाजपा में शामिल नहीं हो रहे हैं।

भारत-रूस के संबंधों को मिली नई ऊंचाई

# एचएएल और यूएसी में करार, भारत में बनेंगे आधुनिक कमर्शियल सुपरजेट-100 विमान

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारत की दिग्गज एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में बड़ा समझौता किया है। दरअसल, एचएएल और यूएसी ने हैदराबाद में आयोजित 'विंग्स इंडिया' प्रदर्शनी के दौरान रूस के प्रसिद्ध सुपरजेट-100 (एसजे-100) विमान के भारत में उत्पादन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस ऐतिहासिक साझेदारी का मुख्य मकसद 'मेक इन इंडिया' अभियान को रफ्तार देना और नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में विदेशी विमानों पर भारत की निर्भरता को कम करना है।


एचएएल के सीएमडी डीके सुनील



रूसी यूएसी के सुपरजेट-100 विमान को बनाएगी एचएएल

शुरूआती दौर में एचएएल 10 से 20 विमान लीज पर लेगी

सुपरजेट-100

## क्षेत्रीय उड़ानों के लिए बेहतरीन

यह विमान क्षेत्रीय उड़ानों के लिए सबसे बेहतरीन माना जाता है। यह विमान वर्तमान में नौ रूसी एयरलाइनों और कई रूसी और विदेशी सरकारी ऑपरेटरों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया जाता है। भारत में इसके निर्माण से क्षेत्रीय हवाई संपर्क यानी रीजनल कनेक्टिविटी को एक नई मजबूती मिलेगी और छोटे शहरों के बीच हवाई सफर काफी सस्ता और सुलभ हो जाएगा।

## दो इंजन वाला विमान

*सुपरजेट-100 एक बहुत ही कुशल और हाई-टेक वाणिज्यिक विमान है जिसे अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है। इस नैरो-बॉडी जेट विमान में आमतौर पर 87 से 108 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है।*

## तीन साल में शुरू होगा उत्पादन

एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डीके सुनील ने बुधवार को इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अपनी सुविधाओं के भीतर एसजे-100 विमानों का उत्पादन शुरू करना है। भारत जैसे विशाल देश में इस श्रेणी के लगभग 200 से अधिक विमानों के लिए एक बड़ा और बेहतर बाजार मौजूद है।

### गेम चेंजर साबित होगा

समझौते के तहत एचएएल लाइसेंस के आधार पर विमानों का निर्माण करेगा जिससे तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान भी होगा। यह डील भारत के नागरिक विमानन सेक्टर के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। अगले एक से डेढ़ साल के भीतर भारत को करीब 10 विमान प्राप्त हो सकते हैं जो उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार होंगे। यह डील अब नागरिक विमानन के क्षेत्र में भी मजबूत होते रिश्तों को दुनिया के सामने पेश करती है।

## खबर संक्षेप

### चैटजीपीटी पर सीक्रेट डॉक्यूमेंट अपलोड किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की साइबर सुरक्षा एजेंसी के भारतीय मूल के कार्यकारी निदेशक डॉ. माधु गोट्टुमुक्कला ने संवेदनशील सरकारी दस्तावेजों को पब्लिक वर्जन के चैटजीपीटी में अपलोड कर दिया। उन्होंने पिछले साल काम के सिलसिले में कॉन्ट्रैक्टिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े कुछ आंतरिक दस्तावेज चैटजीपीटी में डाले, जो सिर्फ आधिकारिक इस्तेमाल के लिए थे। ये दस्तावेज क्लासिफाइड नहीं थे, लेकिन इन्हें सार्वजनिक करने से रोका गया था। इस अपलोड से ऑटोमेटेड सिक्योरिटी अलर्ट बजे।



### नॉर्थ कोलंबिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, 15 की मौत

**नॉर्थ कोलंबिया।** अमेरिका के नॉर्थ कोलंबिया के नॉर्ट डी सेंटेंडर प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में बुधवार को एक छोटा प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्लेन में सवार सभी 15 लोगों की मौत हो गई। सरकारी एयरलाइन कंपनी सतेना इस फ्लाइट का संचालन करती थी। कंपनी ने कहा कि घटनास्थल पर एक बचाव दल भेजा गया। विमान एचके4709 स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11:42 बजे राजधानी कुकुटा के हवाई अड्डे से ओकाना के लिए रवाना हुआ था। यह उड़ान आमतौर पर लगभग 40 मिनट की होती है।



आईएसआईएस के नाम से दी धमकी

## मेघालय में गारो समुदाय को जमीन छोड़ने को कहा, जांच में जुटी पुलिस


गारो समुदाय का एक घर

एजेंसी ▶▶ शिलांग

मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले में एक विवादित पोस्टर मिलने के बाद तनाव का माहौल है। इस पोस्टर पर आतंकी संगठन आईएसआईएस का नाम लिखा है। इसमें स्थानीय गारो समुदाय को अपनी जमीन खाली करने की धमकी दी गई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह पोस्टर जिले के तुरा इलाके में मिला है। इसमें अंग्रेजी भाषा में फुबारी, राजाबाला, टिकरीकिला, सेसला और गारोबाधा जैसे क्षेत्रों का जिक्र है।

पोस्टर में चेतावनी दी गई है कि इन इलाकों में रहने वाले गारो समुदाय के लोग 2027 से पहले अपनी जमीन छोड़ दें। ऐसा न करने पर उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने की बात कही गई है। पोस्टर पर अमीनुर इस्लाम नाम के किसी व्यक्ति का नाम लिखा है। पुलिस इस बात की पुष्टि करने में जुटी है कि क्या वाकई यह किसी अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन की करतूत है या किसी ने सिर्फ डर फैलाने के लिए इसका नाम इस्तेमाल किया है।

### धमकियां बर्दाश्त नहीं: मारक

मेघालय के राज्य मंत्री मार्क्यूस मारक ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि समाज के सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली ऐसी धमकियां बर्दाश्त नहीं होंगी। पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है और मामला दर्ज कर लिया है।



पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम यह भी जांच कर रहे हैं कि क्या पोस्टर में आतंकी संगठन का नाम लोगों को गुमराह करने और दहशत फैलाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। यह धमकी भरी घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में जिले में एक युवा पर्यावरण कार्यकर्ता की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। डिलसेंग एम. संगमा नाम का यह कार्यकर्ता राजाबाला इलाके में एक अवैध पत्थर खदान की जांच करने गया था, तभी उन पर हमला हुआ था।

### मावलीनांग रविवार को बंद रहा करेगा

मेघालय के पूर्वी खासी जिले में स्थित मावलीनांग अब से प्रत्येक रविवार को पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। मावलीनांग को एशिया के सबसे स्वच्छ गांव के तौर पर जाना जाता है। 'डोरबार' या ग्राम परिषद ने बताया कि रविवार अधिकतर लोगों के लिए धार्मिक अनुष्ठान का दिन होता है, इसके मद्देनजर मावलीनांग अब आगुंतकों के लिए सोमवार से शनिवार तक ही खुला रहेगा। डोरबार ने एक बयान में कहा कि जनवरी 2026 से मावलीनांग गांव पर्यटकों और आगंतुकों के लिए सप्ताह में एक दिन रविवार को बंद रहेगा। यह स्थान केवल कार्यदिवसों में खुला रहेगा।

अमेरिकी हमले की आशंका के बीच ईरान के समर्थन में उतरा तुर्की

# राष्ट्रपति एर्दोगन ने ट्रंप के समक्ष वार्ता का रखा प्रस्ताव, ईरान के विदेश मंत्री आज जाएंगे तुर्की

ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर आने और परमाणु हथियारों पर डील करने को कहा है, वरना धमकी दी कि अगला अमेरिकी हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा। ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में एक जंगी बेड़ा भेजा है और तेहरान को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को मारने या अपना परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी है


एर्दोगन डोनाल्ड ट्रंप खामेनेई

एजेंसी ▶▶ अंकारा/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी है। इस बीच, ईरान का दोस्त और नाटो सदस्य तुर्की उसके पक्ष में खड़ा हो गया है। राष्ट्रपति एर्दोगन सक्रिय हो गए हैं, जिसके बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची शुक्रवार को तुर्की का दौरा करने वाले हैं। इस दौरान वह तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ ईरान में हाल के घटनाक्रम और अमेरिका के साथ तनाव पर बातचीत करेंगे। ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर आने और परमाणु हथियारों पर डील करने को कहा है, वरना धमकी दी कि अगला अमेरिकी हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा।

ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में एक जंगी बेड़ा भेजा है और तेहरान को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को मारने या अपना परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से ईरान पर एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एर्दोगन ने 27 जनवरी को ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह पहल की।

ट्रंप की चेतावनी अगला हमला कहीं ज्यादा बुरा होगा

एक और एयरक्राफ्ट ईरान की तरफ बढ़ रहा

### ड्रोन से की जा रही निगरानी

तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि अंकारा ने एक टेक्नोलॉजी से बेहतर फिजिकल बैरियर सिस्टम के जरिए ईरान के साथ अपनी 560 किमी लंबी सीमा पर सुरक्षा मजबूत की है। तुर्की ने ईरान के शरणार्थियों को रोकने के लिए 203 इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल टावर और 43 एलिवेटर-सुसज्जित टावर, 380 किलोमीटर लंबी मॉड्यूलर कंक्रीट की दीवार और 553 किमी लंबी रक्षात्मक खाइयों का निर्माण किया है। तुर्की के कहा कि ड्रोन और एयरक्राफ्ट सहित जासूसी और निगरानी सिस्टम से बॉर्डर वाले इलाकों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

### सीमा पर 'बफर जोन' बना रहा तुर्की

तुर्की, ईरान में सरकार गिरने की स्थिति में बफर जोन बनाने की योजना पर काम कर रहा है। तुर्की के अधिकारियों को आशंका है कि ईरान पर अगर हमला होता है और तेहरान में सरकार गिर जाती है तो शरणार्थियों की एक बड़ी लहर उनके देश की तरफ बढ़ सकती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए तुर्की, बॉर्डर के ईरानी तरफ एक बफर जोन बनाने की योजना बना रहा है।

### ईरान की सुरक्षा, शांति तुर्की के लिए अहम

तुर्की ने कहा है कि वह अपने पड़ोसी देश में किसी भी विदेशी दखल का विरोध करता है और उसने वॉशिंगटन से ईरान के साथ अपने मुद्दों को एक-एक करके सुलझाने का आग्रह किया है। उसने दोनों पक्षों से संपर्क किया है, और चेतावनी दी है कि ईरान में अस्थिरता इस समय क्षेत्र की संभालने की क्षमता से बाहर हो जाएगी। फिदान अराकची से कहेंगे कि तुर्की ईरान में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहा है, और ईरान की सुरक्षा, शांति और स्थिरता अंकारा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### अमेरिकी हमले की सूरत में इजराइल निशाने पर होगा: ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की चेतावनी दी। इससे आगबबूला ईरान ने भी ट्रंप को पलटकर जवाब देने की धमकी दी है। ईरान ने अमेरिका की किसी भी सैन्य कार्रवाई का तुरंत जवाब देने की कसम खाई। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के एक शीर्ष सलाहकार ने धमकी दी कि अगर हमला हुआ तो वे इजराइल को टारगेट करेंगे। हाल ही में ईरान में खामेनेई सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ।

### ईरान की घेराबंदी कर रहा है अमेरिका

अमेरिका, ईरान के सीनियर अधिकारियों और कमांडरों पर सटीक हमले करने की योजना पर काम कर रहा है, जिन्हें वो प्रदर्शनकारियों की मौत के लिए जिम्मेदार मानता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि एक और एयरक्राफ्ट कैरियर ईरान की तरफ बढ़ निकला है। जिससे ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका काफी ज्यादा बढ़ गई है। अमेरिका का पहला एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले ही गल्फ ऑफ ओमान पहुंच चुका है और वो मिडिल ईस्ट में दाखिल हो चुका है। अब्राहम लिंकन पर 90 फाइटर जेट्स, जिनमें एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट भी शामिल हैं। ये एक पूरा कैरियर स्ट्राइक ग्रुप है, जिनमें 4 युद्धपोत, सप्लाई चेन जहाज और पनडुब्बियां भी शामिल हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे बैठक की अध्यक्षता

## भारत और अरब लीग के 22 विदेश मंत्रियों की कल नई दिल्ली में बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत 31 जनवरी को आयोजित अरब के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अरब लीग के सभी 22 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और महासचिव शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह बैठक भारत-अरब साझेदारी को नई दिशा देने वाला सबसे बड़ा संस्थागत मंच है। इसमें अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। बैठक से एक दिन पहले, 30 जनवरी को चौथी भारत-अरब वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर बैठक की अध्यक्षता करेंगे।



फिलिस्तीन की विदेश मंत्री वर्सेन शाहिन का भारत की ओर से स्वागत

### 2016 में हुई थी पहली बैठक

भारत और अरब देशों के बीच यह विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक है। पहली बैठक 2016 में बहरीन में हुई थी, जिसमें सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई थी। दस साल बाद हो रही बैठक से उम्मीद है कि भारत और अरब देशों के बीच रिश्ते और गहरे होंगे और नए क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ेगी। बता दें, भारत और अरब लीग के बीच औपचारिक संवाद की प्रक्रिया मार्च 2002 में शुरू हुई थी।

ईजीपैसा खाते में दान देने की अपील

## मानवीय मदद के नाम पर फंड जुटा रहे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन


आतंकी मसूद अजहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकी संगठन अपने फंड जुटाने के तरीकों में लगातार विविधता ला रहे हैं और वैश्विक निगरानी से बचने के नए रास्ते तलाश रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि हम्माद अजहर गाजा की महिलाओं से अपने तथाकथित 'दान कार्यों' की तारीफ करते हुए वीडियो बनवाता है। सोशल मीडिया पर वह 'क़ैसर अहमद' नाम से सक्रिय है और लोगों से 'खालिद अहमद' के नाम से दर्ज एक ईजीपैसा खाते में दान देने की अपील करता है। बताया गया है कि उसे पाकिस्तान और खाड़ी देशों से चंदा मिल रहा है। ये संगठन मानवीय गतिविधियों, मस्जिदों, राहत-बचाव अभियानों और युद्धों का सहारा लेकर अमेरिका समेत दुनिया भर में धन इकट्ठा कर रहे हैं, साथ ही 'उग्र इस्लामी संदेश' फैला रहे हैं।

## लेह में विमानन इंफ्रास्ट्रक्चर को मिली मजबूती



**लेह।** लेह के बेहद चुनौतीपूर्ण व ऊंचाई वाले क्षेत्र में रनवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना पूरी की गई है। इससे ग्राउंड पर विमानों की जमीनी आवाजाही को आसान व सुरक्षित बनाया जा सकेगा। वहीं, लेह से नागरिक उड़ानों का प्रस्थान भी तेज होगा। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी एयर मार्शल जेएस मान की उपस्थिति में इस परियोजना का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यहां अपग्रेड किए गए रनवे और हवाई अड्डा सुविधाओं से नागरिक उड्डयन सुविधाओं में इजाफा होगा। इस परियोजना से विमानों की सुगम आवाजाही, नागरिक उड़ानों की त्वरित उड़ान और हवाई अड्डे की समग्र दक्षता में सुधार संभव हुआ है। उन्नत सुविधाएं क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाएंगी, पर्यटन के निरंतर विकास में सहयोग करेंगी और स्थानीय समुदायों के लिए पहुंच में सुधार करेंगी।

यह समझौता आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से ऐतिहासिक

# अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने भारत-ईयू एफटीए की प्रशंसा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के पूर्ण होने पर दुनिया भर में, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और सम्मानित नीति विशेषज्ञों ने मज़बूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से ऐतिहासिक, रणनीतिक और सही समय पर उठाया गया कदम बताया जा रहा है।

दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्वाकांक्षा और रणनीतिक समय का उल्लेख किया है। द टेलीग्राफ ने जेम्स क्रिस्प के मोदी इज़ द रियल विनर इन मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स अंतरराष्ट्रीय मीडिया और ...विद् ईयू शीर्षक से एक लेख में इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी बताते हुए कहा कि भारत इस मामले में असली रणनीतिक विजेता के रूप में उभरा है। अख़बार ने बताया कि यह समझौता ईयू से भारत को होने वाले 96.6 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ को खत्म या कम करता है।

*समझौते को रणनीतिक और सही समय पर उठाया गया कदम बताया जा रहा*


यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा (बाएं), पीएम नरेंद्र मोदी, ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन फाइल फोटो

### वैश्विक प्रमुख बोले, वृद्धि और समृद्धि के लिए इसे शीघ्र लागू करें

- जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने नतीजे को बहुत ही सकारात्मक संकेत बताया और इस वृद्धि और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसे शीघ्र लागू करने की अपील की।
- फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत-ईयू एफटीए को ऐतिहासिक और दोनों पक्षों द्वारा अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक संबंध काफी मजबूत होंगे।
- स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि यह समझौता सहयोग के एक नए युग की शुरुआत है, जो व्यापार और साझेदारी के माध्यम से समृद्धि, प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को मजबूत करेगा।
- भारत में काम कर रहे यूरोपीय और वैश्विक व्यापार प्रमुखों ने इस समझौते को लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया। एयरबस में भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया के अध्यक्ष जुर्गन वेस्टरमेयर ने एफटीए को 'बड़ा पल' बताते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए अवसरों को बढ़ाने का काम करेगा।
- इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के महानिदेशक जान नोएथर ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों और वैश्विक जीडीपी के लगभग एक चौथाई हिस्से को एक साथ लाता है, और इसे मदर ऑफ ऑल ट्रेड्स बताया।

यूएस में पड़ रही कड़ाके की ठंड

## तेजी से बढ़ रहा 'बॉम्ब साइक्लोन' न्यूयॉर्क में शनिवार को देगा दस्तक

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क शहर एक बार फिर कड़ाके की सर्दी और भारी बर्फबारी की चपेट में आने वाला है। एक शक्तिशाली 'बॉम्ब साइक्लोन' विंटर स्टॉर्म तेजी से शहर की ओर बढ़ रहा है, जो शनिवार रात से रविवार तक दस्तक दे सकता है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह तूफान 3 इंच से अधिक बर्फबारी कर सकता है, जबकि शहर अभी पिछले वीकेंड की एक फुट से ज्यादा बर्फबारी से उबर रहा है। इस तूफान से तेज हवाएं और ठंडी हवा का खतरा बढ़ेगा, जो तापमान को सिंगल डिजिट या यहां तक कि जीरो से नीचे ले जा सकता है। बॉम्ब साइक्लोन, जिसे बॉम्बोजेनेसिस भी कहा जाता है, तेजी से विकसित होने वाला मौसमी पैटर्न है। यह आमतौर पर समुद्र के ऊपर बनता है। एक्यू वेदर के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान तापमान 14 से 24 डिग्री के बीच होने के कारण, हवा की ठंडक और तेज हो सकती है।



# रणजी ट्रॉफी : सौराष्ट्र के उनादकट का कहर, चटकाए 4 विकेट, चंडीगढ़ 136 रन पर ढेर

एजेंसी ▸▸| चंडीगढ़

रणजी ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी में सौराष्ट्र के खिलाफ चंडीगढ़ की टीम गुरुवार को घरेलू मैदान पर पहली पारी में महज 136 रन पर ढेर हो गई। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने चंडीगढ़ सेक्टर 16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में अपनी गेंदबाजी से चंडीगढ़ के बल्लेबाजों पर जमकर कहर बरपाया। जयदेव उनादकट ने 14 ओवर में 44 रन देकर चार विकेट चटकाए।

जयदेव उनादकट के अलावा चेतन साकरिया ने 10.1 ओवर में 43 रन और चिराग जानी ने छह ओवर में 18 रन देकर 2-2 विकेट झटके। प्रेरक मांकड़ भी एक विकेट (नौ ओवर में 19 रन) लेने में सफल रहे। चंडीगढ़ के कप्तान मनन वोहरा बिना खाता खोले रन आउट हो गए। मनन वोहरा समेत चंडीगढ़ के चार बल्लेबाज अपना खाता नहीं खोल पाए। शिवम भांबरी, वैभव नारंग बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। ग्यारहवें बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर कार्तिक सांडिल तीन गेंद में अपना खाता नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए।



### चंडीगढ़ के अरजित और जगजीत की शानदार बल्लेबाजी

चंडीगढ़ की ओर से विकेटकीपर अरजित सिंह और आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जगजीत सिंह संधू संयुक्त रूप से टीम के उच्चतम स्कोरर रहे। अरजित सिंह ने 60 गेंद में पांच चौके और जगजीत सिंह संधू ने 54 गेंद में चार चौके की मदद से 29-29 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों की बात करें तो अर्जुन आजाद 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। राज अंगद बावा ने 27 गेंद में 14, विशु ने 31 गेंद में 18, निशंक बिड़ला ने 27 गेंद में 12 और रोहित ढांडा ने 10 गेंद में तीन रन बनाए।



### पंजाब का मजबूत स्कोर अमनजोत ने लगाया अर्धशतक

**मोहाली।** अमनजोत सिंह चहल के नाबाद 77 रन की मदद से पंजाब ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच के पहले दिन 9 विकेट पर 303 रन बनाए। एक समय पर पंजाब का स्कोर छह विकेट पर 168 रन था लेकिन इसके बाद अमनजोत ने एक छोर संभालकर बल्लेबाजी की। अभिजीत गर्ग (81) और कप्तान उदय सहारन (44) ने शीर्षक्रम पर अच्छी पारियां खेली लेकिन मध्यक्रम चल नहीं सका। इक्कीस वर्ष के अमनजोत ने इसके बाद हालांकि कर्नाटक के गेंदबाजों को खासा परेशान किया। पंजाब टीम में वापसी कर रहे इस हरफनमौला ने इससे पहले 2024 में दो मैच खेले थे। कर्नाटक के लिए विद्याधर पाटिल और श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए।

## खबर संक्षेप



### सीबीएसई राष्ट्रीय स्पीड रोलर स्केटिंग में ओजस ने जीता 1 स्वर्ण,1 रजत

**भोपाल।** रेड रोज स्कूल लाम्बाखेड़ा के कक्षा ग्यारवीं के छात्र ओजस राणा ने गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित सीबीएसई की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 में स्पीड रोलर स्केटिंग में सी.बी.एस.ई के वेस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 19 आयु वर्ग में 1000 मीटर रिंक रेस में स्वर्ण पदक एवं 01 लेप में एक रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में ओजस राणा ने अपने प्रतिद्वंदी अन्य प्रदेशों के खिलाड़ियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए विजय प्राप्त की। ओजस राणा अपने आयु वर्ग के मध्यप्रदेश राज्य के भी प्रथम चैम्पियन खिलाड़ी हैं।

### जीएसआई और परिणय कोलार की टीमें अगले दौर में पहुंचीं

**भोपाल।** एमसीसी मैदान 1100 क्वाटर्स पर 28 जनवरी से पांचवें भोपाल ट्राफी टेनिस बाल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और सैय्यद साजिद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। शुभारंभ अवसर पर पुलिस इलेवन और मीडिया इलेवन के बीच मैत्री खेला गया, जिसमें पुलिस इलेवन विजयी रही। टूर्नामेंट के दो मैच खेले गए। पहला मैच जीएसटी और जीएसआई के बीच खेला गया। जीएसआई ने निर्धारित ओवर में 50 रन बनाए। जीएसटी ने बिना विकेट खोए 2 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दूसरा मैच परिणय कोलार और आर्मी वॉरियर के बीच हुआ। परिणय कोलार ने दीपक विराट के 46 रन की मदद से निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट पर 119 रन बनाए। आर्मी वॉरियर 79 रन ही बना सकी। परिणय कोलार ने अगले दौर में प्रवेश किया।

### एमवाय ट्रॉफी के तहत सागर और भोपाल डिवीज़न के मध्य मैच शुरू


**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे फ़ेथ क्रिकेट मैदान पर गुरुवार से सागर डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच शुरू हो गया है। सागर ने 72 ओवर में 1 विकेट पर 234 रन बना लिए हैं, जिसमें अरमान वाधवा 124 रन की शतकीय पारी के साथ सहजदीप बत्रा 97 रन पर खेल रहे हैं ।

### बीडीसीए के अंडर -13 बालक वर्ग के चयन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को

**भोपाल।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए) द्वारा एमपीसीए द्वारा आयोजित की जाने वाली ए. डब्लू कनमाड़ीकर अंडर-13 (बालक) इंटर डिविजनल टूर्नामेंट के लिए बीडीसीए के सिलेक्शन ट्रायल्स 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को सुबह 9 बजे से अंकुर खेल मैदान पर आयोजित किए जाएंगे। इस ट्रायल में केवल भोपाल संभाग से इस वर्ष के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1-9-2012 से 31-8 2015 के मध्य हुआ हो। सभी खिलाड़ी को अपने साथ बीडीसीए का रजिस्ट्रेशन कार्ड लाएं।

## सेमीफाइनल में एरिना ने स्वितोलिना को सीधे सेटों में दी पटखनी

# वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में



एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 एरिना सबालेंका ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 6-3 से सीधे सेटों में जीत दर्ज की। इसी के साथ सबालेंका लगातार चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। सबालेंका शनिवार को मेलबर्न में खिताब के लिए एलिना रिबाकिना और जेसिका पेगुला के बीच मुकाबले की विजेता का सामना करेंगी। सबालेंका को मैडिसन कीज के खिलाफ साल 2023 का फाइनल गंवाना पड़ा था। अब उनके पास फिर से खुद को साबित करने का मौका है।



### एक अविश्वसनीय उपलब्धि : सबालेंका

मैच के बाद सबालेंका ने कहा, यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है, लेकिन मेरा काम अभी पूरा नहीं हुआ है। मैं जीत से बहुत खुश हूं। वह (एलिना स्वितोलिना) बहुत मुश्किल प्रतिद्वंद्वी हैं। मैं उनका खेल देख रही थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अविश्वसनीय रूप से खेला। मुझे लगा कि आगे बढ़कर उन पर जितना हो सके उतना दबाव डालना होगा। मुझे खुशी है कि आज मेरा खेल उस स्तर का था। मैंने शानदार टेनिस खेला। मैं सीधे सेटों में जीत हासिल करके खुश हूं।


### एरिना को फाइनल में जगह बनाने के लिए लगा एक घंटा

गुरुवार को रोड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में एरीना सबालेंका ने शुरू से ही मैच में पकड़ बनाए रखी। उन्हें फाइनल में जगह बनाने के लिए करीब एक घंटे का समय लगा। यह मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें सबालेंका ने अपनी पहली सर्विस पर 67 प्रतिशत और दूसरी सर्विस पर 79 प्रतिशत अंक जीते। बेलारुसी खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने अपनी पावर और जोरदार सर्विस के साथ स्वितोलिना पर लगातार दबाव बनाए रखा। इस बीच, अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की ओर बढ़ रहीं स्वितोलिना को वापसी का एक भी मौका नहीं मिला।

### मुकाबला करने में जूझती रहीं स्वितोलिना

स्वितोलिना, सबालेंका की गति और निरंतरता का मुकाबला करने में जूझती रहीं। यूक्रेनी खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ 56 प्रतिशत और दूसरी पर 50 प्रतिशत अंक जीते। उन्होंने मैच के दौरान तीन डबल फॉल्ट भी किए। टॉप सीड खिलाड़ी ने अपने सात ब्रेक-प्वाइंट्स मौकों में से चार को भुनाया, जबकि स्वितोलिना को चार मौकों में से सिर्फ एक ब्रेक लेने दिया। सबालेंका ने कुल अंकों के मामले में भी अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ा। दो बार की चैंपियन ने 65 अंक जीते, जबकि स्वितोलिना ने 46 अंक जीते।

## एलजीएस एकतरफा जीत के साथ फाइनल में



**भोपाल।** फरहान अंसारी, आमिर दुर्रानी, फैसल और अमृत कीरो के गोल की मदद से एलजीएस मप्र ने सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान महाराष्ट्र को 4–2 से हराकर आल इंडिया वेटरन हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां शुक्रवार को उसका सामना तेलंगाना से होगा। पुणे में आयोजित इस टूर्नामेंट में मप्र ने सेमीफाइनल में गजब का प्रदर्शन किया। उसकी ओर से फारवर्ड खेल रहे आमिर दुर्रानी ने पहला गोल दाग कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद फरहान अंसारी की स्टीक से गोल आया। बाद में फैसल और अंत में अमृत कीरो ने दनदनाता गोल दागकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एलजीएस मप्र ने केरल को 12-0 से रौंदा। इसमें फरहान अंसारी ने पांच गोल दागे, जबकि जफर हसन ने 3 गोल किए। फैसल की स्टिक से दो गोल आए। जबकि आमिर दुर्रानी और सरजू ने एक–एक गोल किए।

- फरहान ने दागे 5 गोल, आमिर दुर्रानी, फैसल और अमृत कीरो ने भी दागे गोल

**एशिया लीजेंड्स कप**

## भारतीय लीजेंड्स की शुरुआत जीत से, श्रीलंका को 6 विकेट से हराया




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

बैंकाक (थाईलैंड) में बैंकाक क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड पर खेले गए एशिया लीजेंड्स कप के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय लीजेंड्स ने श्रीलंका लीजेंड्स को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। कप्तानी कौशल और घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने खेल के हर विभाग में अपना दबदबा साबित किया। श्रीलंका लीजेंड्स के कप्तान जीवंथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने इस निर्णय को चुनौतीपूर्ण बना दिया। एक कठिन विकेट पर भारतीय आक्रमण के सामने श्रीलंकाई टीम पूरी तरह लड़खड़ा गई और मात्र 98 रनों पर सिमट गई।

श्रीलंका की ओर से समिथ ने सर्वाधिक 31 रन (19 गेंद) बनाए, लेकिन अन्य कोई बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी का सामना नहीं कर सका। भारतीय गेंदबाज मोहम्मद कलीम खानः 37 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। अमरदीप सोनकर ने बेहद किफायती स्पेल डालते हुए 4 ओवरों में मात्र 4 रन दिए और 1 विकेट लिया। वही नरेंद्र मीणा ने 19 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। जतिन सक्सेना (कप्तान) ने 12 रन देकर 1 सफलता अर्जित की। रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय लीजेंड्स ने सधी हुई शुरुआत की। टीम ने 17.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कलीम खान ने 32 रनों की पारी खेली, जबकि कप्तान जतिन सक्सेना ने 31 रनों का योगदान दिया। मैच के अंत में गौरव सचदेवा (4*) और चंद्रशेखर खूंटे (9*) नाबाद पवेलियन लौटे।




पुरस्कार ग्रहण करते जतिन सक्सेना

**पुरस्कार वितरण समारोह में शानदार प्रदर्शन के लिए इन खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया**

### मैच में पुरस्कार विजेता

प्लेयर ऑफ द मैच - कलीम खान
बेस्ट बॉलर - अमरदीप सोनकर
बेस्ट स्ट्राइकर - जतिन सक्सेना
बेस्ट स्मेशर - समिथ (श्रीलंका)

## प्लेऑफ में जगह बनाने भिड़ेंगे गुजरात जायंट्स-मुंबई इंडियंस

**डब्ल्यूपीएलः वडोदरा में आज शाम 7:30 बजे से मुकाबला**

एजेंसी ▸▸| वडोदरा

मौजूदा चैंपियन और दो बार की विजेता मुंबई इंडियंस की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शुक्रवार को जब गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी तो दोनों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा, जिससे वह प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेंगी। गुजरात जायंट्स इस मैच में जीत दर्ज करके लगातार दूसरी बार महिला प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह पक्की करना चाहेगा। गुजरात जायंट्स फिलहाल आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट -0.271 है। वह मुंबई इंडियंस (छह अंक, नेट रन रेट +0.146) और दिल्ली कैपिटल्स (छह अंक, नेट रन रेट -0.164) से दो अंक आगे है। गुजरात जायंट्स का भाग्य अब उसके अपने हाथों में है।



### जायंट्स का हो सकता है अभियान समाप्त

*हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस पर जीत उसे डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ में जगह दिला देगी, जबकि रिकॉर्ड अंतर से जीत उसे सीधे फाइनल में पहुंचा सकती है। हालांकि मामूली अंतर से मिली हार भी जायंट्स के अभियान को समाप्त कर सकती है।*

## खेलों में गहरी रुचि रखने वाले अधिकारी माने जाते हैं अंशुमान, संभालेंगे खेल विभाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल



राकेश गुप्ता



अंशुमान यादव

मप्र गृह विभाग ने 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के तहत एडीजी अंशुमान यादव को संचालक खेल एवं युवक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि राकेश गुप्ता को एडीजी पद के साथ उज्जैन रेंज का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। यह प्रशासनिक बदलाव ऐसे समय किया गया है, जब प्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन चल रहा है, जिससे इन नियुक्तियों को खास महत्व मिल गया है। राकेश गुप्ता को खेलों से जुड़े कार्यों में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाने वाले अधिकारी के रूप में जाना जाता है। पूर्व पदस्थापनों के दौरान उन्होंने पुलिस विभाग के सहयोग से विभिन्न खेल आयोजनों के सफल संचालन, खिलाड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर प्रभावी कार्य किया है। उज्जैन रेंज जैसे संवेदनशील और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी उन्हें उनके अनुभव और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए सौंपी गई है।

### राष्ट्रपति पुलिस पदक पा चुके हैं यादव

*एडीजी अंशुमान यादव मध्य प्रदेश कैडर के 1998 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में महानिरीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। मार्च 2025 में उन्हें सीआरपीएफ के नॉर्थ ईस्ट सेक्टर का आईजी नियुक्त किया गया था। विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है और उनकी प्रतिनियुक्ति अवधि 2026 तक बढ़ाई गई है। खेल एवं युवक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी मिलने से प्रदेश में खेल गतिविधियों और युवा प्रतिभा के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।*

**टाटा स्टील मास्टर्सः एरिगैसी की एक और हार**

# काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने जीती बाजी

एजेंसी ▸▸| विज्क आन जी

भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी महत्वपूर्ण क्षणों में जर्मनी के विन्सेंट कीमर के कौशल का मुकाबला नहीं कर सके और उन्हें टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एक और हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हालांकि युवा खिलाड़ी यागिज कान एर्दोगमस के खिलाफ जीत हासिल करके प्रतियोगिता में वापसी की।

काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने बाजी जीती। उनके अब संभावित 10 में से पांच अंक हो गए हैं। एरिगैसी कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में थे, लेकिन इस टूर्नामेंट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और वह अंक तालिका में निचले पायदान पर हैं। उनके 10 मैचों में सिर्फ चार अंक हैं।






### प्रज्ञाननंदा ने नीमन के साथ खेला ड्रॉ

टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने हैंस मोके नीमन के साथ अपनी बाजी ड्रॉ खेली। पिछले दौर में गुकेश को हराने वाले जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम ने अनीश गिरी को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी, जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट ने जावोखिर सिंदारोव के साथ ड्रॉ खेला।




## खबर संक्षेप

### मांगों का समाधान करने मंत्रालय कर्मियों ने सीएस को लिखा पत्र

**भोपाल।** मंलालय कर्मचारियों ने मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर चौथा समयमान वेतनमान लागू करने की मांग की है। पत्र में मंत्रालय कर्मचारियों ने बताया कि अन्य विभाग के कर्मचारियों को चौथा समयमान वेतनमान लागू किया जा चुका है। मंत्रालय कर्मचारियों के भेदभाव कर उन्हें चौथा समयमान वेतनमान से वंचित कर दिया गया। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने बताया कि जल्द से जल्द मंत्रालयीन कर्मचारियों को चौथा समयमान का लाभ दिया जाए। राजकुमार पटेल ने कहा कि समयमान वेतनमान के अलावा उच्च पदनाम भी मिले।

### दो पटवारियों को फील्ड से हटाया, दफ्तर का करेंगे काम

**भोपाल।** अवैध कॉलोनी काटने के मामले में एक वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम विनोद सोनकिया ने दो पटवारियों को फील्ड से हटाकर कानूनगो शाखा में पदस्थ कर दिया है। गुरुवार को रातीबड़ में पदस्थ पटवारी भंवर सिंह सोलंकी और नीलबड़ में पदस्थ पटवारी तरुण श्रीवास्तव को फील्ड से हटा दिया गया। दोनों को कलेक्टोरेट स्थित कानूनगो शाखा में अटैच किया गया है। वहीं, नोटिस जारी किए हैं। उनकी जगह पर पटवारी रोहित सिंह यादव और योगेश राठौर को अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं।

## जीआरपी रानी कमलापति का मामला, पुलिस कर रही जांच

# टिंडर डेटिंग एप पर युवती ने युवक से की दोस्ती, फिर लगाया हजारों का चूना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आरकेएमपी स्थित एक मॉल के एक बार में युवती ने युवक को करीब 28 हजार रुपए का फटका लगा दिया। दरअसल, युवक की दोस्ती टिंडर नाम के डेटिंग एप पर युवती से हुई थी। युवती ने उसे मिलने के लिए बार में बुलाया और वहां पार्टी की।

बिल 32 हजार 888 रुपए का बन गया। जेब में इतने रुपए नहीं होने पर युवक ने विरोध किया तो युवती पांच हजार रुपए देकर चली गई। युवक के पास रुपए नहीं होने के कारण बार के कर्मचारियों ने उसकी बाइक खड़ी कराई और कहा कि बिल जमा करने के बाद अपनी बाइक ले जाना। युवक ने घटना की शिकायत जीआरपी कमलापति थाने पहुंचकर की। पुलिस ने बार के मैनेजर और कर्मचारियों को बुलाकर पूछताछ की तो पता चला कि युवती पांच हजार रुपए का बिल जमा कर चुकी है, जबकि युवक के पास पैसे नहीं थे। बिल बड़ा होने के कारण बिल लेना जरूरी था। लिहाजा उन्होंने बाइक खड़ी करवाई है। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार एक युवक की टिंडर एप नाम डेटिंग एप पर युवती से एक सप्ताह पहले हुई। दोनों की चेटिंग हुई दोनों ने मिलने का प्लान बनाया। युवती ने उसे कहा कि वह घर से मिलने आएगी तो उसे 500 रुपए खर्च लगेगा। लिहाजा उसने युवक को बार कोड भेजा।

### वेटर ने बिल मांगा, खड़ी करवाई बाइक

वह टायलेट का बहना बनाकर निकल गई। इधर, युवक का बिल 32 हजार 888 रुपए हो गया था। युवक उसकी तलाश करने लगा तो बार के स्टाफ ने उसे घेर लिया और बिल जमा करने की बात कही। कर्मचारियों से उसने बात करने का प्रयास किया, लेकिन उनका कहना था कि बार में अभी भीड़ है और सभी टेबिल बुक है जल्दी बिल चुकाओ।

### शिकायत मिली है

घटना का एक शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ है। बार के मैनेजर और कर्मचारियों को बुलाया था। उन्होंने बताया कि बिल 32 हजार 888 रुपए का था। युवती ने कम शराब पी थी और उसने पांच हजार रुपए अपना बिल चुका दिया। युवक के पास पैसे नहीं थे। लिहाजा उसे कहा गया कि अपना बिल चुकाना और बाइक लेकर जाना।

**एमएस सोमवंशी,** थाना प्रभारी कमलापति जीआरपी

### सुअर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

हबीबगंज थाना क्षेत्र में सूअर और उसके बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनके मुंह से झाग निकल रहा था। सुअर और उसके बच्चों की मौत से दुखी पालक सुअर का शव लेकर थाने पहुंच गया। वहां पुलिस से उचित कार्रवाई करने गुजारिश की। पुलिस ने सुअर पालक की शिकायत पर मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए पशु चिकित्सालय पहुंचाया है। सुअर पालक ने आरोप है कि पड़ोसी के कुत्ते ने उन्हें काटने का प्रयास किया था। अपने बचाव में उसने कुत्ते को डंडा मारकर भगा दिया। उसे संदेह है कि सूअरों को पड़ोस में रहने वाले कुत्ते के मालिक और उसके परिवार ने जहर दिया है। पुलिस के अनुसार विजय सनोरिया (34) ब्लाक नंबर-88 फ्लैट नंबर-टी 3 गड्ढे वाली मल्टी हबीबगंज में रहता है और सफाईकर्मी है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 23 जनवरी की दोपहर उनके पड़ोस में रहने वाले जसपाल, रामपाल, कन्हैयालाल का पालतू कुत्ता उसे काटने के लिए लपका था। विजय ने अपने बचाव में पास पड़े डंडे से कुत्ते को मारकर भगा दिया। इसी बात को लेकर जसपाल ने उसके खिलाफ हबीबगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। जसपाल, रामपाल, कन्हैयालाल द्वारा धमकी दी गई थी कि अगर तू अपने घर पहुंचा तो तुझे एवं तेरे बाड़े में पले सूअरों को जान से खत्म कर देंगे। 24 जनवरी को वह अपने छोटे भाई के घर इंद्रा नगर परिवार के साथ रहने चला गया। 28 जनवरी को वह अपने घर लौटा। इस दौरान बाढ़े में पालतू मादा सूअर मरा पड़ा नजर आया। इधर 29 जनवरी को भी एक सूअर बच्चा मरा मिला, जबकि दूसरा तड़प रहा था। विजय को संदेह है कि उसके सूअरों को जसपाल, रामपाल, कन्हैयालाल ने जहर देकर मारा है।

## यात्री बस सड़क से उतरकर खाई में उतरी, यात्री सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भोपाल विदिशा रोड पर भानपुर पात्रा पुल और लालकोठी के बीच गुरुवार शाम एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में उतर गई। हादसे के समय यात्री में चालीस सवारियां थी।

गनीमत रही कि किसी को भी चोट नहीं आई हैं। इधर पुलिस का कहना है कि अभी तक हादसे की जानकारी नहीं मिली है। साथ ही घायल की भी जानकारी अस्पताल से नहीं मिली।

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम भोपाल विदिशा रोड पर एक तेज रफ्तार यात्री बस एक अन्य वाहन को ओवरटैक करते समय सड़क से उतर गई। हादसे के सय महिला, पुरूष बच्चों सहित चालीस लोग मौजूद थे। बताया जाता है कि जिस जगह हादसा हुआ उससे 200 मीटर की दूरी पर ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग चल रही थी।



## एनआईसी का सॉफ्टवेयर नहीं लेगा कोई नया आवेदन

# अब महिलाओं के साथ गंभीर अपराध करने वालों का निरस्त होगा ड्राइविंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब परिवहन विभाग ने महिला अपराधों पर काबू पाने की कवायद की है। इसके लिए विभाग महिलाओं के साथ गंभीर अपराध करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे तो वहीं एनआईसी के सॉफ्टवेयर में नए सिरे से सीधे आवेदन नहीं किया जा सकेगा। इसी के तहत परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा की ओर से सभी आरटीओ व डीटीओ को आदेश जारी कर दिए हैं।

**लाइसेंस के लिए देना होगा चरित्र प्रमाण पत्र और कमर्शियल लाइसेंस के लिए देना होगा थाने का चरित्र प्रमाण पत्र:** परिवहन विभाग के अधिकारियों को चालक-परिचालकों का बायोडाटा जुटाने के साथ ही महिला सुरक्षा से जुड़े हर जरूरी कदम उठाने होंगे। साथ ही कमर्शियल लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक को क्षेत्रीय थाने से चरित्र प्रमाण पत्र लेना होगा, जिसके बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस बन सकेगा। जानकारी के अनुसार महिला अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में अब परिवहन विभाग ने नई पहल की है। इसके लिए विभाग उन वाहन चालक और परिचालकों पर नकेल कसेगा, जिनके खिलाफ महिला अपराध दर्ज होंगे। साबित होने पर विभाग लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई करेगा। इसके बाद चालक कोई भी वाहन नहीं चला सकेगा।

### एनआईसी की वेबसाइट पर दर्ज होगा बायोडाटा

परिवहन विभाग की ओर से अब एनआईसी के सॉफ्टवेयर भी यह जानकारी अपलोड की जाएगी। जिससे अपराधी नए तरीके से आवेदन नहीं कर सके। इसमें चालक-परिचालक की फोटो के साथ पूरा विवरण यानी किस प्रकार का अपराध किया है। यह सभी जानकारी अपलोड होगी। इस दौरान कोई चालक-परिचालक के खिलाफ महिला अपराध दर्ज होने की जानकारी मिलती है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा आरटीओ को पंजीकृत चालक-परिचालकों का ब्यौरा अपडेट कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## अतुलनीय योगदान के लिए मिला पद्मश्री पुरस्कार

# पुरातत्वविद नारायण व्यास के निवास पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पुरातत्वविद नारायण व्यास को पुरातत्व एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार हेतु चयनित होने पर गुरूवार को भोपाल स्थित उनके आवास पर भेंट कर उन्हें आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।



पुरातत्वविद् नारायण व्यास से मिलने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

## एक आपत्तिकर्ता बोला- नहीं लगाई आपत्ति

# आपत्ति वाले 9 हजार वोटर्स को मिलेंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में मैपिंग वाले मतदाताओं के नाम काटने की आपत्ति को लेकर जांच शुरु कर दी गई है। कुछ आपत्तिकर्ताओं से जब फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने आपत्ति लगाने से इंकार कर दिया। इधर जिन 9 हजार 59 मतदाताओं की आपत्ति लगाई गई है, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। इन मतदाताओं को एबसेंट बताकर नाम जुड़ा होने पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। आखिरी दो दिनों में थोक में दर्ज की गई आपत्तियों में एक व्यक्ति ने एक दर्जन से अधिक मतदाताओं के नाम पर आपत्ति दर्ज कराई है। निर्वाचन से जुड़े अफसरों का कहना है कि आपत्ति वाले मतदाताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं। इन आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। इधर जिन 77 हजार 507 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 भरा है। उनके दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। इन आवेदकों का भी वर्ष-2003 का रिकार्ड मैच किया जा रहा है।

## निगम मुख्यालय का अब नया पता- लिंक रोड नंबर 2 तुलसी नगर

# आईएसबीटी सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित निगम के कार्यालयों की शिफ्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम मुख्यालय का अब नया पता तुलसी नगर होगा। जल्द ही यहां 40 करोड़ रुपए से बने नए भवन में सभी विभाग एक ही छत के नीचे संचालित होना शुरू हो जाएंगे। गुरुवार को निगम की सामान्य प्रशासन विभाग और राजस्व विभाग को शिपट करने का काम शुरू हो गया। जबकि आम लोगों से सीधे जुड़े विभाग प्रथम तल पर संचालित होंगे। इस दौरान निगम के अधिकारी भी यहां एक्टिव रहे। निगम कर्मचारी अधिकारियों के कमरों के बाहर नेम प्लेट और विभागों के नाम चस्पा करने में लगे रहे। निगम आयुक्त टीएल की बैठक में चरणबद्ध रूप से शिफ्टिंग की बात पहले ही कह चुकी हैं। बुधवार को बैठक के दौरान भी उन्होंने इसके संकेत दिए थे। नए मुख्यालय के शुरू होने से सभी विभाग एक ही जगह पर संचालित होना शुरू हो जाएंगे। साथ ही शहर के लोगों को भी निगम से जुड़ी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी, जिससे बार-बार अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर लगाने की परेशानी कम होगी।

*तुलसी नगर में 40 करोड़ से बना है नया निगम मुख्यालय अधिकारियों के कमरों के बाहर नेम प्लेट और विभागों के नाम चस्पा करने का दिनभर चला काम*

### अब तक लोकार्पण समारोह की तारीख तय नहीं

निगम के नए मुख्यालय भवन के लोकार्पण की तारीख तय नहीं है। इस मुख्यालय का उद्घाटन पहले दिसंबर में प्रस्तावित था। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर इसे लोकार्पित किया जाना था, लेकिन भवन के फिनिशिंग कार्य और कुछ तकनीकी खामियों के कारण उद्घाटन टालना पड़ा। अब फिनिशिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। निगम प्रशासन जल्द ही लोकार्पण की तारीख तय करेगा।

## स्थानीय खेल समाचार




# 100 मीटर में इंदौर के मंथन ने जीता सोना, बालिका वर्ग में नर्मदापुरम की धाविका हर्षिता रहीं प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रदेश के 9 संभागों मे आयोजित की जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं में 28 विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन टी.टी. नगर स्टेडियम में किया गया। स्प्रिंट रेस 100 मीटर एवं 200 मीटर के बालक वर्ग में इंदौर के मंथन काग (100 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी गति का लोहा मनवाया। सागर के अरविंद गंगास रजत एवं अनुपपुर के आशुतोष कोरम कांस्य पदक पर रहे।

बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में नर्मदापुरम की हर्षिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रीवा की मोहिता तिवारी एवं नर्मदापुरम की अनन्या स्वामी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ की स्पर्धाओं में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने तेज़ गति और बेहतर तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया।

### मिडिल एवं लॉन्ग डिस्टेंस रेस

- *400 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में जबलपुर के मोहम्मद जुनैद मंसूरी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बालिका वर्ग में सागर की अंजी अहिरवार प्रथम रहीं।*
- *800 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में ग्वालियर के अवधेश सिंह एवं बालिका वर्ग में उमरिया की शांति ने स्वर्ण पदक अर्जित किए।*
- *3000 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में भिंड के सूरज और बालिका वर्ग में उज्जैन की दीपिका शर्मा ने शानदार सहनशक्ति का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।*
- *1500 मीटर दौड़ की स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।*

### हर्डल्स स्पर्धाएं

- *110 मीटर हर्डल्स (बालक वर्ग) में बालाघाट के रवि बिसेन ने स्वर्ण पदक जीता।*
- *400 मीटर हर्डल्स (बालक वर्ग) में भी रवि बिसेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।*
- *बालिका वर्ग की 100 मीटर हर्डल्स में छिंदवाड़ा की माहेरा खान ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया।*

### रिले रेस

- *4×100 मीटर रिले (बालक वर्ग) में बालाघाट की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बालिका वर्ग में नर्मदापुरम की टीम प्रथम रही।*
- *4×400 मीटर रिले की स्पर्धाओं में बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने बेहतरीन तालमेल और टीमवर्क का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबले अंतिम क्षणों तक रोमांचक बने रहे।*

### फील्ड इवेंट्स

- *हाई जंप (बालक वर्ग) में अलीराजपुर के प्रदीप तोमर ने 1.85 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता।*
- *बालिका वर्ग की हाई जंप में सागर की भक्ति तिवारी प्रथम।*
- *डिस्कस थ्रो (बालक वर्ग) में रीवा के प्रशांत गहरवार ने स्वर्ण पदक अर्जित किया।*
- *लॉन्ग जंप, शॉटपुट एवं जैवलिन थ्रो में भी विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने सशक्त प्रदर्शन करते हुए पदक जीते।*
- *एथलेटिक्स में इंदौर अव्वल*
- *राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की ओवरऑल पदक तालिका में इंदौर जिला शीर्ष स्थान पर रहा। बालाघाट, भोपाल, नर्मदापुरम और सागर ने भी शीर्ष स्थान पाए। रतलाम, अलीराजपुर, जबलपुर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल खेला।*

# भोपाल के तैराकों ने हासिल किए 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक




अर्णव चौधरी को पदक प्रदान करते हुए एमपीएसए के पदाधिकारी रामकुमार खिलरानी और सीमांत द्विवेदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत इंदौर के शिशुकुंज स्विमिंग अकादमी केआर तरणताल में तैराकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन भोपाल के तैराकों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत, 3 कांस्य पदक प्राप्त किए। इनमें अर्णव चौधरी ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल बालक ग्रुप -2 में स्वर्ण वाणी जैन ने बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तीसरे दिन तक इंदौर 38 स्वर्ण, 17 रजत, 11 कांस्य पदक के साथ पहले, भोपाल 7 स्वर्ण, 3 रजत और 13 कांस्य के साथ दूसरे, नीमच 4 स्वर्ण, 14 रजत और 16 कांस्य के साथ तीसरा रहा।



वाणी जैन और अन्य तैराकों को पदक देते एमपीएसए पदाधिकारी रामकुमार खिलरानी और राकेश जोशी।

## भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित केमिस्ट प्रीमियर लीग (सीपीएल) सीजन- 6 का दूसरा दिन

# लाइफ सेवर 11, सर्जिकल कमांडो, टाइगर केमिस्ट शमशाबाद केमिस्ट और सर्जिकल कमांडो ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित केमिस्ट प्रीमियर लीग (सीपीएल) सीजन-6 के मुकाबले बुधवार से फेथ मैदान रातीबड़ पर शुरू हो चुके हैं। गुरुवार को सीपीएल टूर्नामेंट के दूसरे दिन बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि सीपीएल सीजन-6 के दूसरे दिन अतिथियों की उपस्थिति में क्रिकेट प्रेमियों को शानदार मुकाबले देखने को मिले।

मुख्य अतिथि के रूप में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा एवं वार्ड 65 की पार्षद शिरोमणि शर्मा मौजूद रहीं। साथ ही रायसेन जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत धारीवाल, कोषाध्यक्ष अशोक जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सचिव विवेक खंडेलवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित सीपीएल सीजन–6 केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि केमिस्ट समाज की एकता, अनुशासन और खेल भावना का उत्सव है।



केमिस्ट प्रीमियर लीग के कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रामेश्वर शर्मा।

### दूसरे दिन खेले गए कुल 6 मुकाबले

### पहला मुकाबला लाइफ सेवर 11 ने जीता

लाइफ सेवर 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 76 रन 4 विकेट खोकर बनाए। नीलबड़ केमिस्ट टाइगर्स 74 रन ही बना सकी और यह मुकाबला हार गई। मैन ऑफ द मैच 23 रन एवं 1 विकेट लेने वाले तरुण सूर्यवंशी रहे। दूसरे मुकाबले में सर्जिकल कमांडो ने 8 ओवर में 123 रन 3 विकेट खोकर बनाए। टाइगर केमिस्ट क्रिकेट क्लब भोपाल 93 रन ही बना सका। मैन ऑफ द मैच नीलेश जैन रहे। आरडीएमसीसी रायसेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाए। फार्मा वॉरियर ने 7 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच यतेंद्र राजपूत रहे। टाइगर केमिस्ट क्रिकेट क्लब और विदिशा बाउंसर्स के बीच खेला गया, जिसमें टाइगर केमिस्ट ने 124 रन बनाए। विदिशा बाउंसर्स 11 71 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच आदित्य आहूजा रहे। शमशाबाद केमिस्ट क्लब और आरडीएमसीसी रायसेन के बीच खेला गया, जिसमें शमशाबाद ने 95 रन बनाए। आरडीएमसीसी रायसेन 51 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच जितेंद्र सिंह रहे। अंतिम मुकाबले में सर्जिकल कमांडो ने 125 रन बनाए। विदिशा बाउंसर 11 की टीम 76 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच नीलेश जैन रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930